नई दिल्ली
शनिवार, 17 मई 2025
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष,
पंचमी वर्ष : 29, अंक : 32
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 43
न्यून. 31

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## दुनिया के देशों में जाएगा सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल, खोलेगा आतंकवाद पर पाकिस्तान की पोल

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान पर एक और बड़ी कूटनीतिक स्ट्राइक...

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



**प्रतिनिधिमंडल में विपक्ष के 8 से अधिक दलों के 30 सांसद शामिल**

पहलगाम हमले के जवाब में किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत द्वारा की गई पाकिस्तान की कूटनीतिक घेरेबंदी का सिलसिला फिलहाल थमता हुआ नजर नहीं आ रहा है। क्योंकि भारत ने उसके खिलाफ एक और बड़ी कूटनीति स्ट्राइक करने का निर्णय लिया है। जिसमें पहली बार केंद्र सरकार की तरफ से सत्ता पक्ष और विपक्ष के कुल करीब 8 से अधिक दलों के 30 सांसदों को मिलाकर एक व्यापक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल तैयार किया गया है। जो अगले सप्ताह से दुनियाभर के देशों में जाएगा और वहां आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान को पूरी तरह से बेनकाब करेगा। साथ ही ऑपरेशन सिंदूर पर भारत के पक्ष को भी मजबूती के साथ वैश्विक मंच पर रखेगा। भारत का यह सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल अमेरिका, ब्रिटेन, दक्षिण-अफ्रीका, कतर और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे देशों की यात्रा कर सकता है। यहां बता दें कि पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत की सशस्त्र सेनाओं ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में मौजूद लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के कुल 9 आतंकी ठिकानों को अपने केंद्रित और सटीक हमलों से नष्ट कर दिया था। इसके बाद पाकिस्तान ने भारत के सैन्य, नागरिक इलाकों को निशाना बनाने की कोशिश की। जिसे भारतीय वायुसेना और सेना ने मिलकर नाकाम कर दिया। फिलहाल 10 मई की शाम पांच बजे से दोनों देशों के बीच सीमाओं पर संघर्षविराम के साथ गोलीबारी रुकी हुई है। लेकिन अगर पाकिस्तान फिर से कोई गुस्ताखी करने की कोशिश की तो उसे उसका करारा जवाब दिया जाएगा।

### 10 दिन की होगी यात्रा, एमईए करेगा ब्रीफ

*सूत्रों ने कहा कि सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में विभिन्न राजनीतिक दलों को उनकी भागीदारी के लिए सरकार की तरफ से सूचित कर दिया गया है। संभवतः 22-23 मई को इसकी विदेश के लिए रवानगी होगी। कुछ दलों ने अपने सदस्यों की उपस्थिति के साथ केंद्र की इस कूटनीतिक कवायद के लिए अपने समर्थन के साथ स्वीकृति भी प्रदान कर दी है। अभी फिलहाल प्रतिनिधिमंडल और उसमें शामिल होने वाले सांसदों की कुल संख्या के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिली है। लेकिन कुछ राजनीतिक दलों के नेताओं के मुताबिक, यह आंकड़ा करीब 30 सांसदों का हो सकता है। जो कि 10 दिन के लिए दुनियाभर के देशों की यात्रा पर निकलेंगे। सरकार की तरफ से तमाम देशों को अलग-अलग ब्लॉक में वर्गीकृत किया गया है। विदेश मंत्रालय सांसदों को उनके इस कूटनीतिक मिशन के बारे में जानकारी देगा।*

### थरूर, ओवैसी और ठाकुर होंगे शामिल



सूत्रों ने ये भी बताया कि जिन आठ से अधिक दलों के सांसदों को मिलाकर यह सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल तैयार किया गया है। उसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार), जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू), बीजू जनता दल (बीजेडी), एआईएमआईएम, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) मुख्य रूप से शामिल हैं। भाजपा से पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर और ओडिशा से लोकसभा सांसद अपराजिता सारंगी सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल होंगे। सरकार की सूची में कांग्रेस के सलमान खुर्शीद, शशि थरूर, मनीष तिवारी और अमर सिंह के नाम को सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया गया है। पार्टी ने भी इसकी पुष्टि की है। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने इस संबंध में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से बातचीत की है। सरकार की तरफ से आधिकारिक रूप से इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दी गई है। जबकि अन्य दलों जैसे तृणमूल कांग्रेस से सुदीप बंदोपाध्याय, जेडीयू से संजय झा, बीजेडी से सस्मित पात्रा, एनसीपी (एसपी) से सुप्रिया सुले, डीएमके से के.कनिमोझी, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एमआईएमआईएम) से असदुद्दीन ओवैसी और सीपीआई (एम) से जॉन ब्रिटॉस प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा होंगे। सांसदों को 22 से 23 अप्रैल के बीच अपनी इस यात्रा के लिए तैयार रहने के लिए कहा गया है। विदेश मंत्रालय की तरफ से सांसदों को जरूरी जानकारी दी जाएगी। जिसमें कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा शामिल होगी।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पीएम 103 रेलवे स्टेशनों का करेंगे उद्घाटन



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले हफ्ते राजस्थान के बीकानेर के दौरे पर रहेंगे। पाकिस्तान के साथ तनाव के पीएम मोदी 22 मई को बीकानेर के नाल हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे। इसके बाद वह बीकानेर से 20 किलोमीटर दूर पलाना में रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करेंगे। यह अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बनाई गई है। देशभर में कई रेलवे स्टेशनों का लोकार्पण करेंगे।

### आज से फिर शुरू होगा आईपीएल का मुकाबला



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बताया कि आईपीएल 2025का सीजन अब 17 मई से दोबारा शुरू किया जाएगा। यह फैसला भारत और पाक के बीच तनाव के कारण टूर्नामेंट को एक हफ्ते के लिए रोके जाने के तीन दिन बाद लिया गया है। अब 17 मई से 3 जून तक बचे हुए 17 मैच खेले जाएंगे।

### तुर्की के नए राजदूत की क्रेडेंशियल सेरेमनी रद्द



**नई दिल्ली।** तुर्की के साथ तनाव के बीच विदेश मंत्रालय ने भारत में तुर्की के नए राजदूत अली मूरत एर्सॉय का राष्ट्रपति भवन में होने वाला परिचय समारोह अनिश्चितकाल के लिए रद्द कर दिया है। इस कार्यक्रम में तुर्की के राजदूत को भारत के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपना परिचय प्रस्तुत करना था। इस कार्यक्रम को क्रेडेंशियल सेरेमनी कहते हैं।

## शुक्रवार को भुज एयरफोर्स स्टेशन पर वायुसैनिकों से मुलाकात के बाद दिए अपने संबोधन में बोले रक्षा मंत्री

# 'ऑपरेशन सिंदूर तो सिर्फ भारत का ट्रेलर था, पिक्चर अभी बाकी है': राजनाथ सिंह

**आईएमएफ से पाकिस्तान को 1 अरब डॉलर की मदद न देने का आह्वान किया**

**भुज में स्मृतिवन स्मारक और संग्रहालय देखने भी गए राजनाथ सिंह**

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

भारत-पाकिस्तान सीमा पर हालिया थमी गोलीबारी के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इन दिनों 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता की कहानी लिखने वाले सशस्त्र सेनाओं के जांबाज योद्धाओं से उनके सैन्य ठिकानों पर जाकर मुलाकात कर रहे हैं। इसकी शुरुआत उन्होंने जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) से जुड़े इलाके से की थी और उसके बाद शुक्रवार को वह पाकिस्तान की नाक के नीचे गुजरात में अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) के करीब स्थित भुज रुद्र माता एयरफोर्स स्टेशन पहुंचे और वायुसैनिकों से मुलाकात कर उनकी हौसला अफजाई की। इसके बाद अपने संबोधन में रक्षा मंत्री ने पाकिस्तान को ललकारते हुए कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है।

भारत की सैन्य कार्रवाई तो बस एक ट्रेलर था। जब सही समय आएगा तो हम पूरी पिक्चर भी दिखाएंगे'। ब्रह्मोस मिसाइल की ताकत तो खुद सीमा पार स्वीकारी गई है। क्योंकि हमारी इस मिसाइल ने पाकिस्तान को रात के अंधेरे में दिन की रोशनी दिखाई है। रक्षा मंत्री ने पहलगाम में मारे गए बेकसूर लोगों और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। साथ ही घायल सैनिकों के जल्द स्वस्थ होने की कामना भी की। उनके साथ वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी.सिंह, बल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी तादाद में वायुकर्मी मौजूद थे। भुज भारतीय वायुसेना का वही स्टेशन है, जिसने बीते 7 से 10 मई तक चार दिनों तक चले ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को नाकों चने चबा दिए थे। दुश्मन ने बार-बार तुर्किये के ड्रोन और चीन की मिसाइल से हमले की कोशिश की। लेकिन वायुसेना और सेना की मजबूत हवाई रक्षा प्रणाली ने उसके हर वार को नाकाम कर दिया। ▸▸ शेष पेज 7 पर





### आतंकी ढांचा बनाने में न लगे आईएमएफ का पैसा

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत द्वारा 7 मई 2025 को नष्ट किए गए आतंकवादी ठिकानों का पाकिस्तान ने फिर से निर्माण करना शुरू कर दिया है। इसलिए मैं अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से यह आह्वान करता हूं कि पाक को वर्तमान में दी जा रही 1 अरब डॉलर की वित्तीय सहायता देने पर पुनर्विचार करने के साथ ही भविष्य में भी उसे कोई सहायता नहीं दी जानी चाहिए। पाकिस्तान सरकार ने मुरीदके और बहावलपुर में लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी ढांचे के पुनर्निर्माण के लिए वित्तीय सहायता की भी घोषणा की है। आईएमएफ की एक अरब डॉलर की वित्तीय सहायता का एक बड़ा हिस्सा आतंकी ढांचे के वित्तपोषण के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा, क्या इसे एक अंतरराष्ट्रीय संगठन आईएमएफ द्वारा अप्रत्यक्ष ▸▸ शेष पेज 7 पर

### ये है भारत के युद्धविराम का अर्थ

उन्होंने कहा, वर्तमान में युद्धविराम के केवल इतने ही मायने हैं कि हमने अपनी कार्रवाई केवल पाकिस्तान के व्यवहार के आधार पर स्थगित की है। अगर उसके व्यवहार में सुधार होता है तो अच्छी बात है। लेकिन अगर कोई गड़बड़ी हुई तो कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आतंकवाद पर हमला करना और उसे खत्म करना नए भारत की नई सामान्य बात है। आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई सिर्फ राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला नहीं है। यह अब राष्ट्रीय सुरक्षा सिद्धांत का हिस्सा बन गया है और हम आतंकवाद के हर स्वरूप को जड़ से खत्म कर देंगे। ये साफ हो गया कि पाक की सरकार और आतंकवाद का चोली-दामन का संबंध है। जिससे स्टेट और नॉन स्टेट एक्टर्स के बीच का नकाब भी अब पूरी तरह से उतर चुका है।

### सीमा पार किए बिना पाक को धूल चटाई

उन्होंने कहा, वायुसेना ने आतंकवाद के खिलाफ इस अभियान का नेतृत्व किया। वह न केवल दुश्मन पर हावी रही। बल्कि ऑपरेशन के दौरान उन्हें अधिक नुकसान पहुंचाया। पाकिस्तान और उसके अवैध कब्जे वाले पीओके में सिर्फ 23 मिनट में वायु योद्धाओं की कार्रवाई में आतंकी अड्डे पूरी तरह से नेस्तनाबूद कर दिए गए। भारत के लड़ाकू विमान सीमा पार किए बिना पाकिस्तान के हर कोने पर धावा बोलने में सक्षम हैं। दुनिया गवाह है कि कैसे भारतीय वायुसेना के विमानों ने आतंकी शिविरों और उसके बाद पाकिस्तान के एयरबेसों को नष्ट कर दिया। हमारी वायुसेना ने इस बात का प्रमाण प्रस्तुत किया है कि भारत की युद्धनीति और तकनीक बदल गई है। इससे ये संदेश दिया गया है कि आज हम केवल विदेशों से आयातित हथियारों पर ही निर्भर नहीं हैं। बल्कि भारत में निर्मित उपकरण भी हमारी सैन्य शक्ति का हिस्सा बन गए हैं। रक्षा मंत्री ने भारत में निर्मित हथियारों को अभेद्य ▸▸ शेष पेज 7 पर

### क्षेत्र से खत्म कर देंगे आतंकवाद

*उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि हम सब मिलकर इस क्षेत्र से आतंकवाद को पूरी तरह से खत्म कर देंगे। जिससे भारत की संप्रभुता पर कोई भी बुरी नजर डालने की हिमाकत नहीं करेगा। भारत के लोगों, सरकार, सशस्त्र बलों और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में एकता और समझदारी दिखाई है। हर नागरिक इसमें एक सैनिक की तरह भाग ले रहा है। सरकार और देश के लोग हर कदम पर अपनी सेनाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। केंद्र भी सशस्त्र बलों को लगातार नए हथियारों, प्लेटफार्म और आधुनिक बुनियादी ढांचे से लैस करने के लिए प्रतिबद्ध है। पहले आयात की तुलना में आज हम तोपों, टैंक, रडार सिस्टम, मिसाइल शील्ड और ड्रोन खुद बना रहे हैं। जो साफ करता है कि अब हम आयातक से निर्यातक बन रहे हैं। ये तो बस शुरुआत है।*

### स्मृतिवन स्मारक, संग्रहालय भी देखा

*रक्षा मंत्री ने भुज में स्मृतिवन स्मारक और संग्रहालय भी देखा और कहा, यह मेरे लिए अद्भुत, प्रेरणादायक और बड़ा ही यादगार अनुभव है। वर्ष 2001 में गुजरात में जो भीषण भूकंप आया था। उसमें हताहत हुए लोगों की स्मृति में यह स्मृतिवन गुजरात प्रदेश की भावना और क्षमता का प्रतीक है। यह संग्रहालय देश में ही नहीं विश्व में भी अपनी पहचान रखता है। इसे यूनेस्को की भी एक सूची में शामिल किया गया है।*

## जेजेपी के बैनर-पोस्टर पर होगी चौटाला साहब की तस्वीर: अजय

**अगर ऐसा किया तो मेरे पैर में जूत, गद्दार कैसे तस्वीर लगा सकते हैं: अभय**

# ओपी चौटाला की राजनैतिक विरासत पर फिर आमने-सामने हुए अजय और अभय



ओपी चौटाला



अजय सिंह चौटाला



अभय सिंह चौटाला

आनंद राणा ▸▸ नई दिल्ली

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला की राजनैतिक विरासत पर एकाधिकार को लेकर उनके बेटे अजय चौटाला और अभय चौटाला एकबार फिर आमने सामने आ गये हैं। जननायक जनता पार्टी की कमान संभाल रहे अजय चौटाला ने शुक्रवार को कहा कि उनकी पार्टी भी अब ओम प्रकाश चौटाला की तस्वीर अपने बैनर-पोस्टर पर लगायेगी, इस पर इनेलो के अध्यक्ष अभय चौटाला ने कहा कि कोई गद्दार कैसे चौटाला साहब की तस्वीर लगा सकता है। उन्होंने मीडिया को दिए बयान में कहा कि अगर ये चौधरी ओम प्रकाश चौटाला की तस्वीर लगाएंगे तो मेरे पांव में जूत आता है। अभय चौटाला ने शुक्रवार को चंडीगढ़ में कहा कि चौधरी ओमप्रकाश चौटाला ये कहकर गये थे कि ये (जेजेपी ) हमारे गद्दार हैं और कोई गद्दार कैसे तस्वीर लगा सकता है, ये जेजेपी राजनैतिक पार्टी नहीं है एक गिरोह है। दोनों नेताओं के बयानों के बाद माना जा रहा है कि अगर यह मुद्दा गरमाया तो आने वाले समय में दोनों पार्टियों की तनातनी सड़क पर आ सकती है। दरअसल शुक्रवार को रोहतक में जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के प्रदेश कार्यालय के उद्घाटन के दौरान अजय चौटाला ने चौधरी ओम प्रकाश चौटाला की ▸▸ शेष पेज 7 पर

## पढ़ लिखकर युवा तैयार हों तो उन्हें रोजगार मिले इसकी चिंता में जुटी केंद्र सरकार

**सांख्यिकी मंत्रालय ने जारी किये अप्रैल के आंकड़े**

# मोदी सरकार की नई पहल: हर महीने जानेंगे बेरोजगारी दर, निकालेंगे रास्ता

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



**15 से 29 वर्ष के युवाओं में बेरोजगारी दर भयावह**

केंद्र सरकार देश में बेरोजगारी दर से निपटने में अब पूरी तरह कमर कस चुकी है। एक अध्ययन कराया जा रहा है कि युवाओं में बेरोजगारी की दर किस स्तर पर कितनी है। नीति आयोग में विशेषज्ञों का एक दल काम कर रहा है। वो केंद्रीय सांख्यिकी मंत्रालय के इस आंकड़े से चौक गया कि पढ़ाई लिखाई कर एक अदद नौकरी पाने की लालसा रखने वाले युवाओं में बेरोजगारी की दर कुल बेरोजगारी दर से दोगुने से भी ज्यादा है। 15-29 वर्ष की आयु वर्ग में बेरोजगारी दर 13.8 फीसदी रही, जब कि कुल बेरोजगारी दर 5.1 फीसदी रही। मंत्रालय की ओर से आंकड़ा अप्रैल तक का जारी किया गया है। जाहिर है यह आंकड़ा युवाओं के बीच रोजगार की कमी को उजागर करता है। विशेष रूप से पढ़ लिख कर शुरूआत की आयु में महिलाओं में बेरोजगारी दर पूरे देश में, ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में, चिंताजनक रही। कैसे ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार उपलब्ध हो सके इस फार्मूले पर काम कर रहे नीति आयोग के विशेषज्ञों की टोली में से एक ने बताया कि एक समग्र योजना पर काम किया जा रहा है ताकि युवाओं में रोजगार की दर को दुरुस्त किया जा सके। देश में अप्रैल 2025 में बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत रही। यह ▸▸ शेष पेज 7 पर

## राज्य के सरपंचों के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम से की थी दरें बढ़ाने की मांग

# मुख्यमंत्री नायब ने दी 'इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक' की सीलिंग दरों को बढ़ाने की मंजूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 'इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक' की सीलिंग दरों को बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। इससे जहां प्रदेश में विकास कार्यों में तेजी आएगी वहीं कामों में भी गुणवत्ता आएगी। अब ग्रामीण क्षेत्र की फ़रिनियाँ, गलियां तथा रास्तों आदि को पक्का करने एवं मरम्मत के कार्य जल्द पूर्ण होने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पिछले दिनों राज्य के सरपंचों का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिला था और 'इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक' की सीलिंग दरों को बढ़ाने की मांग की थी। मुख्यमंत्री ने इस मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए अधिकारियों को इस दिशा में कदम उठाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अब 60 एमएम (एम-35) के 'इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक' की सीलिंग दर 9.35 रूपये प्रति ब्लॉक ( बिना जीएसटी) से बढ़ाकर 10.85 रूपये तथा 80 एमएम (एम-40) के 'इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक' की सीलिंग दर 11 रूपये प्रति ब्लॉक ( बिना जीएसटी) से बढ़ाकर 12.57 रूपये प्रति ब्लॉक करने की मंजूरी दे दी है। 'इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक' की नई दरें तय होने के बाद राज्य के ग्रामीण क्षेत्र की गलियों , रास्तों आदि को पक्का करने एवं मरम्मत करने के कार्यों में तेजी आएगी।

## कांग्रेस ने विवादित टिप्पणी पर भाजपा को घेरा

# मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री देवड़ा और मंत्री शाह को बर्खास्त करने की मांग

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



विजय शाह



जगदीश देवड़ा

कांग्रेस पार्टी की तेजतर्रार प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और मंत्री विजय शाह को तत्काल मध्यप्रदेश मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग की है। देवड़ा ने भारतीय सेना को लेकर कथित तौर पर विवादित बयान दिया जिसमें उन्होंने कहा कि भारत की पूरी सेना और सैनिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चरणों में नतमस्तक है - इस पर भोपाल से लेकर दिल्ली तक सियासी गलियारे में जबरदस्त उफान खडा कर दिया है। अभी मंत्री विजय शाह का कर्नल सोफिया के बारे में दिये गए बयान पर हाईकोर्ट के हस्तक्षेप से एफआईआर दर्ज हुआ ही था सुप्रीम कोर्ट से भी उन्हें फटकार मिली। ये मामला अभी निपटा भी नहीं था कि उप मुख्यमंत्री के सेना को लेकर दिये गए बयान को विपक्ष ने लपक लिया है। कांग्रेस पार्टी ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से दोनों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई है। एआईसीसी महासचिव प्रियंका गाँधी वाड्रा ने एक्स पर पोस्ट कर जहाँ दोनों नेताओं को प्रश्रय देने का आरोप भाजपा पर लगाया वहीं सुप्रिया श्रीनेत ने पार्टी की ओर से औपचारिक बयान जारी कर कहा, "भारतीय सेना के शौर्य और ▸▸ शेष पेज 7 पर

### विजय शाह के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की



*सुप्रिया ने याद दिलाते हुए कहा, अभी 48 घंटे नहीं बीते जब भाजपा के ही मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह ने इस देश की होनहार, बहादुर वीर सैनिक बेटी सोफिया कुरैशी के बारे में बेहद अभद्र टिप्पणी की थी - जो देश मे सुनी, देखी, जिसको मैं इस मंच से नहीं दोहराऊँगी, लेकिन दुख की बात है कि भाजपा ने इस बिगड़ैल आदमी के ख़िलाफ़ कोई कार्रवाई नहीं की। वास्तव में तो मध्य प्रदेश की सरकार ने भी बड़े अनमने ढंग से तब एफआईआर की जब हाई कोर्ट का निर्देश आया - वरना तो सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी हुई थी। उन्होंने दावा किया कि अभी भी पूरी पार्टी और सारी सरकार विजय शाह को बचाने में जुटी हुई है।*

### हाईकोर्ट ने पुलिस को लगाई फटकार

*कांग्रेस नेता ने बताया कि गुरुवार को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में फिर से सुनवाई के दौरान कोर्ट ने मंत्री विजय शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के तरीके को लेकर पुलिस को फटकार लगाई. बेंच ने एफआईआर के ड्राफ्ट पर सवाल उठाते हुए पूछा, क्या यही है? क्या आपने एफआईआर पढ़ी है? अपराध के तत्व कहां हैं? अदालत ने देखा कि एफआईआर में ऐसा कुछ नहीं है जो संज्ञेय अपराध दर्शा सके। हाईकोर्ट ने मध्यप्रदेश सरकार को आदेश दिया है कि एफआईआर में सुधार की जाए। वेकेशन के बाद* ▸▸ शेष पेज 7 पर

## राहुल के खिलाफ बिहार में एफआईआर दर्ज होने के विरोध में युवा कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व नेता विपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ बिहार में दर्ज हुई एफआईआर के विरोध में दिल्ली में युवा कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। इस मौके पर प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय लाकड़ा ने कहा कि बिहार की जेडीयू-भाजपा सरकार ने प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था का तबाह कर दिया है। छात्रों को सुविधाओं के नाम पर सिर्फ झूठ और जुमले परोसे जा रहे हैं, इसलिए नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कल बिहार में शिक्षा न्याय संवाद में वहां की खोखली शिक्षा व्यवस्था पर बात करने गए थे। लेकिन बिहार सरकार ने उनके इस कार्यक्रम को रोकने के लिए पूरा प्रयास किया, इस प्रकार से कार्यक्रम रोकना तानाशाही की पराकाष्ठा है। उन्होंने कहा कि अब क्या दलित, वंचित, पिछड़े वर्ग के छात्रों से संवाद करना संविधान के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने हमेशा कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार और उनके साथी केवल बड़े उद्योगपतियों की सरकार है। आखिर आज केंद्र सरकार को जातिगत जनगणना करनी ही पड़ रही है।

### बांग्लादेशी पहचान के दस्तावेज भी किए जब्त

# पांच नाबालिगों समेत 13 बांग्लादेशियों को क्राइम ब्रांच ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



बिना वैध दस्तावेजों के दिल्ली में रहने वाले पांच नाबालिगों समेत 13 संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों को क्राइम ब्रांच ने हिरासत में लिया गया है। इनके नाम मोहम्मद रफीकुल (50), खोतेजा बेगम (41), मोहम्मद अनवर हुसैन (37), मोहम्मद अमीनुल इस्लाम (28), जोरिना बेगम (27), अफरोजा खातून (25), मोहम्मद खाखोन (20) और हसना (19) है। सभी बांग्लादेश के खुदीग्राम के रहने वाले है। इन्हें एक अभियान के दौरान बाहरी दिल्ली के औचंदी गांव से पकड़ा गया। डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार यह अभियान खुफिया जानकारी के आधार पर चलाया गया था। सूचना मिली थी कि कुछ बांग्लादेशी गांव में अपने लिए मकान तलाश रहे हैं। एक टीम ने 13 मई को जाल बिछाया और 13 लोगों को हिरासत में लिया। छानबीन के दौरान इन लोगों ने बांग्लादेशी नागरिक होने की बात कबूली और यह भी माना कि भारत में रहने के लिए उनके पास वैध दस्तावेज नहीं हैं। डीसीपी गौतम ने बताया कि इन लोगों ने यह भी खुलासा किया कि वे दो साल पहले जलील अहमद नामक एक बांग्लादेशी एजेंट की मदद से भारत में घुसे थे। सभी 13 लोग अपने गांव से बस द्वारा भारत-बांग्लादेश सीमा तक पहुंचे और बिना बाड़ वाले खेतों से होते हुए भारतीय क्षेत्र में दाखिल हुए। वहां से उन्होंने पश्चिम बंगाल के कूचबिहार स्टेशन तक जाने के लिए एक ऑटोरिक्शा किराये पर लिया। पुलिस का कहना है कि कूचबिहार स्टेशन से यह समूह दिल्ली के लिए ट्रेन में सवार हुआ और अंततः बस से हरियाणा के खरखौदा पहुंचा। उन्हें खरखौदा के सिसाना गांव में एक ईंट भट्टे पर अस्थायी मजदूर के रूप में काम मिल गया। पुलिस ने बताया कि इनके पास से बांग्लादेशी पहचान के दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं।

# पेड़ से लटकी मिली शख्स की लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ उत्तराखंड से इलाज करवाने आया था दिल्ली

दक्षिण पश्चिम जिले के सरोजिनी नगर इलाके में गुरुवार को एक व्यक्ति के पेड़ पर लटके होने की सूचना पुलिस को मिली। जांच अधिकारी स्टाफ के साथ तुरन्त घटनास्थल तिकोना पार्क, एनडीएमसी टैक्सी स्टैंड के पास, लक्ष्मीबाई नगर, सरोजिनी नगर पहुंचे, जहां पर एक व्यक्ति पेड़ के टहने पर रस्सी के सहारे लटका हुआ है। घटनास्थल की वीडियोग्राफी करवाई गई। मृतक व्यक्ति की पहचान रविन्द्र मेहता (46) पुत्र लक्ष्मण सिंह निवासी गांव सेरा, जिला- पिथौरागढ़, उत्तराखंड के रूप में हुई। वह ग्राम पंचायत, पिथौरागढ़ में यूडीसी के पद पर कार्यरत थे।

पुलिस को फोन करने वाले प्रमोद जॉली (69) निवासी सेख सराय, फेज 1, मालवीय नगर ने घटना की सूचना दी थी। जांच पड़ताल में पता चला कि रविंद्र मेहता 14 मई को अपनी पत्नी मीना के साथ इलाज के लिए दिल्ली आए थे, क्योंकि पिछले कुछ दिनों से वह मानसिक रूप से बीमार चल रहे थे और उनका प्राइमस सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, चाणक्यपुरी में अपॉइंटमेंट था। मृतक रविन्द्र कुमार मेहता के परिवार के सदस्यों के बयान दर्ज किए गए, जिन्होंने किसी पर कोई संदेह नहीं जताया। इसके अलावा आस-पास के सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई, जिसमें वह लगभग 12:55 बजे उस स्थान के पास अकेले एक पॉलीथिन लेकर जाते हुये दिखाई दिये। प्रथम दृष्टया साक्ष्य से पता चलता है कि व्यक्ति ने खुद को फांसी लगाई है। धारा 194 बीएनएसएस के तहत आगे की जांच कार्यवाही प्रगति पर है।

# मुंडका में केमिकल गोदाम में लगी आग, 10 गाड़ियों ने पाया काबू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

बाहरी दिल्ली के मुंडका फिरनी इलाके में गुरुवार शाम केमिकल के गोदाम में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें बाहर तक निकलने लगी। फायर कंट्रोल रूम को मामले की सूचना साढ़े पांच बजे के आसपास मिली। दमकल विभाग की 10 गाड़ियां मौके पर भेजी गई। 50 से ज्यादा फायर कर्मी आग बुझाने में 10 घंटे तक जुटे रहे। शुक्रवार सुबह आग पर काबू पाया जा सका। आग की चपेट में आकर कुछ जानवर भी झुलसे हैं।

दमकल विभाग के अनुसार गोदाम में रखे कई केमिकल का ड्रम भी रात में ब्लास्ट हुये जिससे आग और अधिक फैल गई। जब जब ब्लास्ट हुआ आग भड़क जाती थी। यहीं कारण है कि आग बुझाने में काफी वक्त लग गया। लेकिन राहत की बात यह रही कि घटना में कोई घायल या हताहत नहीं हुआ है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

### कनॉट प्लेस में एक कार्यालय में लगी आग

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के कनॉट प्लेस स्थित एक कार्यालय भवन में शुक्रवार दोपहर को आग लग गई, जिसके बाद प्रशासन ने तीन दमकल गाड़ियां मौके पर भेजीं। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आग की इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। अधिकारी ने बताया कि दमकल केंद्र को के-ब्लॉक के एक कार्यालय में दो बजकर 14 मिनट पर आग लग जाने की सूचना मिली। उन्होंने कहा कि तीन दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गयी हैं। आग पर काबू पा लिया गया है।

# सैन्य अफसरों को ठगी का शिकार बनाने वाला दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दक्षिण पश्चिम जिले की साइबर पुलिस ने एक ऐसे जालसाज को गिरफ्तार किया है जिसके निशाने पर खासतौर पर सेना के अफसर और जवान होते थे। आरोपी विभिन्न चीजों पर भारी डिस्काउंट का झांसा देकर उन्हें जाल में फंसाता था। गत दिनों एक सेना के कैप्टन को गाड़ी उपलब्ध करवाने का झांसा देकर 19 लाख रुपये का चूना लगाया गया था। पुलिस ने जयपुर के चीटर को नांगलोई इलाके से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार कैप्टन को नई कार खरीदनी थी और इसके लिये उन्होंने गूगल पर सर्फिंग की थी। इसी दौरान वह एक चीटर के चुंगल में फंस गए। उसने 30 प्रतिशत डिस्काउंट का भरोसा दिया था। लेकिन उन्हें ना ही कोई गाड़ी मिली और ना पैसा वापस मिला। गिरफ्तार किये गये जालसाज का नाम प्रकाश सांवरिया बताया गया है। वह नांगलोई एक्सटेंशन में रह रहा था। जांच में पता चला कि आरोपी पहले से नौ मामलों में शामिल रह चुका है। इसके खिलाफ कनॉट प्लेस, कालकाजी, आर्थिक अपराध शाखा के अलावा हरियाणा के गुरुग्राम, पंचकूला और राजस्थान के जयपुर में भी मामले दर्ज पाये गये हैं।

# तिहाड़ जेल में कैदी की हत्या का आरोपी पैरोल जंपर अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ 16 सालों से पहचान बदलकर दे रहा था पुलिस को चकमा

हरि नगर के एक हत्या मामले में उम्रकैद की सजा के बाद पैरोल जंप करने वाले हत्यारोपी को अपराध शाखा की पश्चिमी रेंज-2 टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी 2009 में पैरोल से फरार होकर 16 वर्षों तक कानून से बचने के लिए पहचान बदलता रहा। इस भगोड़े अपराधी का नाम मोहम्मद मलिक निवासी जिला नवादा, बिहार बताया गया है।

पुलिस के अनुसार आरोपी वर्ष 1997 के हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहा था। सितंबर 2009 में इसे चार सप्ताह की पैरोल दी गई थी। परन्तु पैरोल अवधि समाप्त होने के बाद वह फरार हो गया था। इस बीच आरोपी ने शादी की और दो बच्चे पैदा किये। मोहम्मद बिहार शरीफ पहुंचा और नाम बदलकर एक इलेक्ट्रिकल सामान की दुकान खोली। आरोपी 16 वर्षों तक कानून से बचता रहा। आरोपी बिहार से 1982 में काम की तलाश में दिल्ली आया था। वह सराय पीपल, आदर्श नगर में रहने लगा तथा एक फैक्टरी में काम करने लगा। बाद में वह गलत संगत में पड़ गया और छोटे-मोटे अपराध करने लगा। वर्ष 1996 में वह एक डकैती के मामले में गिरफ्तार हुआ। तिहाड़ जेल में रहने के दौरान इसने साथी महावीर उर्फ गढ़वाली, मनोज त्यागी और मुन्ना के साथ मिलकर हत्या के दोषी कैदी कैलाश नाथ और धर्मवीर पर चाकुओं से हमला किया था, जिसमें धर्मवीर की मौत हो गई थी। इस संबंध में हरि नगर थाने में केस दर्ज हुआ था। आवश्यक औपचारिकताओं के बाद इसे जेल प्रशासन को सौंप दिया गया है।

## दिल्ली सरकार गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स के लिए वेलफेयर बोर्ड का गठन करेगी : कपिल मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ श्रम मंत्री कपिल मिश्रा ने गिग वर्कर्स और प्लेटफॉर्म कंपनियों के साथ की बैठक

दिल्ली सरकार गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स के लिए एक वेलफेयर बोर्ड का गठन करेगी और उनके कल्याण के लिए योजनाएं तैयार करेगी। इसके साथ उन्हें इंस्पेक्टरों या किसी अन्य अधिकारी द्वारा किसी भी तरह से परेशान नहीं किया जाएगा। यह आश्वासन शुक्रवार को दिल्ली के श्रम मंत्री कपिल मिश्रा ने गिग वर्कर्स को दिए हैं।

गौरतलब है कि शुक्रवार को एक ऐतिहासिक पहल के तहत श्रम मंत्री कपिल मिश्रा ने दिल्ली सचिवालय में गिग वर्कर्स और प्रमुख प्लेटफॉर्म कंपनियों एवं एग्रीगेटर्स जैसे स्विगी, जोमैटो, ब्लिंकिट, उबर, अर्बनक्लैप और बिगबास्केट के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस बैठक का उद्देश्य गिग वर्कर्स के लिए सामाजिक, चिकित्सीय और आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करना था, जो तेजी से बढ़ते गिग इकोनॉमी में उनके कल्याण और अधिकारों को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस बैठक में गिग वर्कर्स को अपनी समस्याओं को सीधे सरकार और एग्रीगेटर्स के सामने रखने का मंच प्रदान किया। उन्होंने लंबे काम के घंटे, अपर्याप्त भुगतान और प्रभावी शिकायत निवारण प्रणाली की कमी जैसी गंभीर समस्याओं को उजागर किया, जिन्होंने उनकी आजीविका को लंबे समय से प्रभावित कर रखा है। गिग वर्कर्स ने बताया कि ये चुनौतियां उनके दैनिक जीवन को बड़े स्तर पर प्रभावित कर रही हैं। गिग वर्कर्स द्वारा उठाए गए मुद्दों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि इन सभी समस्याओं का समाधान प्लेटफॉर्म (कम्पनीज) और एग्रीगेटर्स के सहयोग से किया जाएगा।

# मनी ट्रांसफर एजेंट से धोखाधड़ी का आरोपी चढ़ा हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दक्षिण जिले की साइबर पुलिस द्वारा मनी ट्रांसफर एजेंट को ठगने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी साइबर जालसाज का नाम सूरज शर्मा बताया गया है। इसके पास से ठगी के पैसे से खरीदा गया आई फोन बरामद हुआ है। आरोपी ने छतरपुर में एक स्थानीय मनी ट्रांसफर शॉप को निशाना बनाया।

पुलिस के अनुसार आरोपी ने 27 अप्रैल को एक दुकान के मालिक से फोन पर संपर्क किया और झूठा दावा किया कि उसका छोटा भाई ऑनलाइन मनी ट्रांसफर लेने के लिए दुकान पर आएगा। अपने दावे को पुख्ता करने के लिए उसने एक रैपिडो बाइक सवार को काम पर रखा और उसे अपना भाई बताकर दुकान पर भेज दिया। आरोपी ने पहले एक मोबाइल फोन शॉप के मालिक से आईफोन 16 खरीदने के बहाने क्यूआर कोड हासिल किया था। उसने इस क्यूआर कोड को रैपिडो राइडर को व्हाट्सएप के जरिए फॉरवर्ड किया और उसे मनी ट्रांसफर शॉप के मालिक को दिखाने का निर्देश दिया। यह मानते हुए कि रैपिडो राइडर वास्तव में आरोपी का भाई है, दुकान के मालिक ने इस आश्वासन पर कि कॉल करने वाले के भाई द्वारा जल्द ही बराबर की नकदी वापस कर दी जाएगी, क्यूआर कोड में दो किस्तों (30 और 40) में 70 हजार ट्रांसफर कर दिए, जो मोबाइल शॉप के मालिक के खाते में जमा हो गए। ऑनलाइन भुगतान पूरा होने के बाद सूरज ने मोबाइल की दुकान से आईफोन लेने और बिंदापुर में कैशिफाई आउटलेट पर पहुंचाने के लिए पोर्टर डिलीवरी बुक की, जहां उन्होंने डिवाइस को 61 हजार रुपये नकद में बदल दिया। रैपिडो सवार और पोर्टर डिलीवरी कर्मी दोनों ही इस घोटाले से अनजान थे और अनजाने में धोखाधड़ी करने के लिए उन्हें उपकरण के रूप में इस्तेमाल किया गया। हालांकि, जब मनी ट्रांसफर एजेंट ने शिकायतकर्ता ने पैसे वापस करने के बारे में पूछा, तो व्यक्ति ने बताया कि वह रैपिडो बाइक सवार है और उसे केवल क्यूआर कोड देने के लिए कहा गया था। जब उसे एहसास हुआ कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है, तो शिकायत पुलिस में की गई। प्रारंभिक जांच के बाद, साइबर पुलिस स्टेशन, साउथ डिस्ट्रिक्ट में 12 मई को एफआईआर दर्ज की गई। जांच के दौरान टीम ने शिकायतकर्ता और रैपिडो बाइक सवार दोनों से गहन पूछताछ की मनी ट्रेल के विश्लेषण के माध्यम से यह पता चला कि ठगी गई राशि का उपयोग बुराड़ी क्षेत्र में एक मोबाइल की दुकान से एक आईफोन खरीदने के लिए किया गया था। तेजी से कार्रवाई करते हुए टीम ने दुकान का दौरा किया और पाया कि आईफोन को बाद में पोर्टर के माध्यम से बिंदापुर में एक कैशिफाई दुकान में वितरित किया गया था। इस सुराग के बाद टीम ने कैशिफाई में दुकान के मालिक से संपर्क किया। उसने खुलासा किया कि वह पुराने मोबाइल फोन का कारोबार करता है और उसने उक्त आईफोन के लिए सूरज नामक व्यक्ति को 61 हजार का भुगतान किया था। उसके सहयोग के आधार पर आईफोन बरामद किया गया और सूरज शर्मा को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से अपराध को अंजाम देने में इस्तेमाल किया गया एक अन्य मोबाइल फोन भी बरामद हुआ। आरोपी ने खुलासा किया कि ठगी की गई रकम उसने ऑनलाइन गेमिंग पर खर्च कर दी।


**पूर्वोत्तर रेलवे** निविदा सूचना संख्या: 29 दिनांक 15-05-2025

Website: www.ner.indianrailways.gov.in, Email: cos@ner.railnet.gov.in

**ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर-273012 कृते भारत के राष्ट्रपति तथा उनकी ओर से ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का पूर्ण विवरण तथा नियम एवं शर्तें वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रम सं. | निविदा संख्या | खुलने की तिथि | सामग्री का विवरण | आरक्षित श्रोत द्वारा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 30251143 | 19-06-2025 | 4.5 केडब्लू 110 वोल्ट ब्रशलेस अल्टरनेटर ईटीसी | --- |
| 2 | 30250464A | 16-06-2025 | 25 केडब्लू ब्रशलेस अल्टरनेटर ईटीसी | --- |
| 3 | 24250152 | 13-06-2025 | ड्राईवर शीट एण्ड पेडस्टल असेम्बली ईटीसी | CLW |
| 4 | 30251184A | 09-06-2025 | 4.5 केडब्लू अण्डर स्लंग कान्स्टेन्ट वोल्टेज ईटीसी | RDSO |
| 5 | 22251489 | 09-06-2025 | इंड वाल डोर कम्पलीट ईटीसी | --- |
| 6 | 22251756 | 07-06-2025 | एअर स्प्रिंग असेम्बली कैपेसीटी 120 केएन ईटीसी | RDSO |
| 7 | 22251106 | 07-06-2025 | या डैम्पर फार एफआईएटी टाईप बोगी टू आरडीएसओ ईटीसी | RDSO |
| 8 | 26255013B | 30-05-2025 | मैन्यूफैक्चर एण्ड सप्लाई आफ मेटल लाईनर ईटीसी | --- |

मुजाधि/एस–13 प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।



**महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक**

(हरियाणा अधिनियम सं. XXV ऑफ 1975 के तहत स्थापित)

एनएएसी द्वारा प्रमाणित 'ए+' ग्रेड विश्वविद्यालय

**शैक्षणिक वर्ष 2025-26 हेतु प्रवेश सूचना**

(विज्ञा. सं. पीआर-03 ऑफ 2025)

शैक्षणिक सत्र 2025–26 हेतु विश्वविद्यालय अध्यापन विभागों/ संस्थानों/ केन्द्रों, म.द. विश्वविद्यालय, रोहतक और एमडीयू–सेंटर फॉर प्रोफेशनल एंड अलाइड स्टडीज (सीपीएएस), गुरुग्राम में संचालित किए जा रहे भारतीय और विदेशी नागरिकों के लिए एनईपी–2020 के अनुरूप 4–वर्षीय अंडर–ग्रेजुएट प्रोग्राम्स, 5–वर्षीय एकीकृत, 5–वर्षीय एलएल.बी. प्रोग्राम और 4–वर्षीय एकीकृत अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी) के लिए प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन जमा हेतु पोर्टल का खुलना : 19.05.2025

आवेदन जमा हेतु अन्तिम तिथि : 02.06.2025

आवेदन जमा हेतु अन्तिम तिथि (शैक्षणिक मैरिट के आधार पर अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों हेतु) : 13.06.2025

पात्रता शर्तों, सीटों की संख्या, शुल्क और अन्य विवरण हेतु, कृपया विश्वविद्यालय वेबसाइट अर्थात www.mdu.ac.in पर उपलब्ध 2025–26 की विवरणिका ध्यानपूर्वक पढ़ें।

अद्यतन/परिवर्तन, यदि कोई हो, विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अधिसूचित किये जाएंगे।

संवाद–1235/11/155/2026/34854/सी/88/7 दि. 16.05.25 रजिस्ट्रार


# सिक्किम की परम्पराएं देश के लिए गौरव का विषय : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ दिल्ली सरकार ने किया सिक्किम दिवस समारोह का भव्य आयोजन

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को देश के विभिन्न राज्यों के स्थापना दिवसों को उत्साहपूर्वक और गरिमापूर्ण ढंग से मनाने की श्रृंखला को आगे बढ़ाने के क्रम में दिल्ली सचिवालय में सिक्किम दिवस के अवसर पर कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग द्वारा एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सिक्किम राज्य की गौरवशाली सांस्कृतिक धरोहर, जीवंत परम्पराएं एवं ऐतिहासिक विरासत को प्रदर्शित करना था। साहित्य कला परिषद से जुड़े लगभग 20 कलाकारों ने सिक्किम के लोकनृत्य, लोक संगीत और पारंपरिक कलाओं की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। इस कार्यक्रम ने सिक्किम की विविध सांस्कृतिक छवियों को जीवंत कर दिया। इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में सिक्किम के नागरिक बड़ी संख्या में निवास करते हैं, जो अपनी मेहनत, समर्पण और कर्मठता से न केवल अपने राज्य बल्कि पूरे देश की प्रगति में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं।

### राजनिवास में मनाया सिक्किम और हिमाचल प्रदेश का स्थापना दिवस

**नई दिल्ली।** राजनिवास में शुक्रवार को सिक्किम के 50 वें और हिमाचल प्रदेश के 55वें स्थापना दिवस के अवसर पर एक समारोह का आयोजन किया गया। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में आयोजित हुए इस समारोह में हिमाचल प्रदेश के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय करोल की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर उपराज्यपाल सक्सेना ने कहा कि मैं सिक्किम और हिमाचल प्रदेश के लोगों को उनके स्थापना दिवस पर अपनी शुभकामनाएं देता हूं। इन दोनों राज्यों के निवासियों के साथ मिलकर यह जश्न मनाना सौभाग्य की बात है, जिन्होंने दिल्ली की अर्थव्यवस्था और सांस्कृतिक ताने-बाने को समृद्ध किया है।

### दिल्ली में सीजन की सबसे ज्यादा बिजली की मांग 6867 मेगावाट हुई दर्ज, सुचारू आपूर्ति का दावा

**नई दिल्ली।** गर्मियों के इस सीजन में दिल्ली में पहली बार बिजली की मांग का आंकड़ा 6800 मेगावाट को पार पहुंच गई। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर दिल्ली (एसएलडीसी) पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार शुक्रवार दोपहर 3.17 मिनट पर बिजली की सबसे ज्यादा मांग 6867 मेगावाट दर्ज हुई। जबकि यह आंकड़ा एक दिन पहले यानी गुरुवार को 6474 मेगावाट रहा था। यानी दूसरे ही दिन इसमें लगभग 400 मेगावाट की बड़ी छलांग देखी गई। इसके अलावा इस सीजन में न्यूनतम बिजली मांग का आंकड़ा पहली बार सबसे अधिक 4360 मेगावाट दर्ज हुआ है। जबकि बीते कल गुरुवार को यह आंकड़ा 4071 मेगावाट रहा। मांग बढ़ने के साथ ही कई क्षेत्रों में बिजली कटौती की शिकायतें मिली। लेकिन दोनों निजी बिजली आपूर्ति कंपनियों टाटा पावर डीडीएल और बीएसईएस ने इसे सिरे से खारिज कर दिया। दोनों का दावा है कि बेशक इस सीजन की सबसे ज्यादा मांग दर्ज हुई हो, लेकिन कटौती कहीं नहीं की गई। इस बारे में टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टाटा पावर-डीडीएल) का दावा है कि उसके अधिकार क्षेत्र में अधिकतम बिजली खपत का आंकड़ा 2045 मेगावॉट पहुंच गया जिसे सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

# पहले 44 डिग्री पार की भीषण गर्मी ने किया परेशान दोपहर बाद हुई बारिश ने दी लोगों को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में शुक्रवार को जहां एक तरफ सीजन का सबसे अधिक 44 डिग्री टेंपरेचर के टार्चर ने लोगों को परेशान किया। वहीं दूसरी तरफ दोपहर बाद एकाएक छाए काले काले घनघोर बादलों के साथ हुई बारिश ने भीषण गर्मी से राहत दी। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार दिल्ली में शुक्रवार को आया नगर में सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जबकि औसत दिल्ली का सबसे अधिकतम तापमान 42.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 1.9 डिग्री ज्यादा है। जबकि न्यूनतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से माइनस 3 डिग्री कम है। इसके अलावा पालम में 43.3 डिग्री, रिज एरिया में 43.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। आईएमडी ने बताया कि शुक्रवार सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे के बीच दिल्ली के आया नगर में सबसे ज्यादा 7.2 मिमी बारिश दर्ज हुई। जबकि रिज एरिया में 3.0 मिमी बारिश दर्ज की गई। वहीं पूसा और पीतमपुरा में 2.0 मिमी, सफदरजंग में 1.4 मिमी और लोधी रोड 1.3 मिमी बारिश दर्ज हुई। आईएमडी ने भविष्यवाणी करते हुए कहा कि शनिवार को भी ऐसे ही मौसम व बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। आईएमडी की मानें तो अगले तीन से चार दिन अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज हो सकता है।


**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार एयरपोर्ट पर पैरीमीटर रोड लाइटिंग का प्रावधान (विद्युत कार्य) (हिसार एयरपोर्ट पर मेन गेट पर बूम बैरियर और एसीसीआर रूम, एटीसी टावर से फायर स्टेशन के बीच आईपी स्पीकर, दो कम्यूनिकेशन पैरेरल मॉनिटरिंग सिस्टम का प्रावधान)। | 15.05.2025 22.05.2025 | 15.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार में लघु सचिवालय में सीसीटीवी कैमरा सिस्टम का प्रावधान + 1 कार्य। | 15.05.2025 26.05.2025 | 162.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव बाढड़ा, ब्लॉक बाढड़ा में माइनर से नाथूराम के मकान तक गली की पेवमेंट (स्कीम :– वीएएनजीवाई) + 9 कार्य। | 13.05.2025 20.05.2025 | 200 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812347814 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 4 | बी.पी.एस. राजकीय महिला चिकित्सा महाविद्यालय खानपुर कलां सोनीपत | बीपीएस जीएमसी (डब्ल्यू) खानपुर कलां सोनीपत में निडल सहित सीरिंज 10 एमएल (कैटेगरी–गुड्स) के प्रावधान हेतु ई-निविदा के लिए विज्ञापन के प्रकाशन के सम्बन्ध में (कैटेगरी–गुड्स)। | 16.05.2025 03.06.2025 | 10,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9996752925 Bpsgmc.purchase@gmail.com |
| 5 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | राज्य के राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में बालवाटिका स्थापित करने के लिए फर्नीचर की अधिप्राप्ति, 1. बेबी चेयर (एसआर.) टेड्डी चेयर, 2. फिश टेबल। | 17.05.2025 02.06.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 6 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | 1. लैब रेफ्रीजरेटर, 2. एयर कंडीशनर। | 16.05.2025 30.05.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 7 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | आईएसआई मार्क्ड डेल्टामेथरिन 2.5% डब्ल्यू.पी. की खरीद। | 16.05.2025 30.05.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच–11/2026/140/34853/I/88/7 दि. 16.05.25


Reliance
Growth is Life
Jio Mart
समय और पैसे दोनों बचाएं
Quick
Scheduled
Biscuits, Drink & Packaged Foods
Ice Cream & Frozen
Chips & Namkeens
Biscuits & Cookies
Chocolate s &...
Indian Sweets
Drinks & Juices
Breakfast Cereals
Noodles, Pasta &...
Ready To Cook &...
Spread, sauces ...
Pickles, Chutney...
Tea & Coffee
ऐप डाउनलोड कीजिए
JioMart
Quick फ्री होम डिलीवरी
लो प्राइस गारंटी
0
ज़ीरो एक्स्ट्रा चार्जेज़
ऐप अभी डाउनलोड करें
प्याज 1 kg
बाजार मूल्य ₹ 30
जियोमार्ट कीमत ₹ 20
आम सफ़ेदा 1 kg
बाजार मूल्य ₹ 100
जियोमार्ट कीमत ₹ 79
आम केसर 1 kg
बाजार मूल्य ₹ 180
जियोमार्ट कीमत ₹ 149
क्वालिटी वॉल्स पार्टी टब्स 500 ml या उससे अधिक (चुनिंदा श्रेणी)
एमआरपी ₹ 125 या उससे अधिक
न्यूनतम 33% छूट
कोल्ड ड्रिंक्स 750 ml / ज्यूसेस 600 ml (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹ 40 या उससे अधिक
फ्लैट 25% छूट
जियोमार्ट कीमत ₹ 30 या उससे अधिक
बिस्किट्स 230 g या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹ 145 या उससे अधिक
फ्लैट 33% छूट
जियोमार्ट कीमत ₹ 97 या उससे अधिक
रेड लेबल / ताज महल / टाटा टी प्रीमियम लीफ 1 kg (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹ 560 या उससे अधिक
बचाइए ₹ 180
जियोमार्ट कीमत ₹ 380 या उससे अधिक
कैडबरी / नेस्ले चॉकलेट होम पैक 123.2 g या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹ 100 या उससे अधिक
फ्लैट 33% छूट
जियोमार्ट कीमत ₹ 67 या उससे अधिक
कोहिनूर चारमिनार रोज़ाना बासमती चावल 5 kg
एमआरपी ₹ 560
जियोमार्ट कीमत ₹ 299
₹ 59.80 / kg
बचाइए ₹ 261
आशीर्वाद शुद्ध गेहूं का आटा 10 kg
एमआरपी ₹ 495
जियोमार्ट कीमत ₹ 442
बचाइए ₹ 53
महाकोश रिफाइंड सोयाबीन तेल 840 g / फॉर्च्यून प्रीमियम कच्ची घानी सरसों का तेल 1 L
एमआरपी ₹ 164 / ₹ 195
जियोमार्ट कीमत ₹ 127/ ₹ 160
बचाइए ₹ 37 / ₹ 35
मिल्कफूड रिच देसी घी 900 ml
एमआरपी ₹ 580
जियोमार्ट कीमत ₹ 539
बचाइए ₹ 41
सिंथॉल / डव /लिरिल / गोदरेज नं.1 / लक्स / पियर्स साबुन 125 g या उससे अधिक (मल्टी पैक) (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹ 175 या उससे अधिक
न्यूनतम 33% छूट
ब्यूटी रेंज 0.35 g या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹ 100 या उससे अधिक
फ्लैट 50% छूट
जियोमार्ट कीमत ₹ 50 या उससे अधिक
टाइड 6 kg + 2 kg / सर्फ एक्सेल डिटर्जेन्ट पाउडर 7 kg / एरियल / सर्फ एक्सेल मैटिक लिक्विड 4 L (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹ 795 या उससे अधिक
फ्लैट 40% छूट
जियोमार्ट कीमत ₹ 477 या उससे अधिक
नियम तथा शर्तें लागू। ऑफर स्टॉक खत्म होने तक वैध। सभी ऑफ़र्स को सूचना दिए बिना बदला जा सकता है। प्रोडक्ट्स की दिखाई गई तस्वीरें/फोटोग्राफ्स केवल प्रतिनिधित्व के लिए हैं। सभी प्रोडक्ट्स की एमआरपी में सभी टैक्स शामिल हैं। छूट प्रतिशत को ऑफर मूल्य के लगभग प्रतिशत तक राउंड ऑफ किया गया है। सभी ऑफ़र्स 18 मई 2025 तक चुनिंदा पिन कोड पर मान्य हैं। सभी विवाद केवल मुंबई में स्थित न्यायालयों के अनन्य क्षेत्राधिकार के अधीन हैं।

खबर संक्षेप

## अवैध हथियार रखने वाले आरोपी को दबोचा

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेंट्रल की टीम ने कार्रवाई करते हुए एक देसी कट्टा बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 मई को क्राइम ब्रांच सैंट्रल की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी साहिल निवासी गांव मवई खेड़ीपुल फरीदाबाद को गढ्ढा कालोनी फरीदाबाद से कट्टा सहित गिरफ्तार किया है। जिसके विरुद्ध थाना खेडीपुल फरीदाबाद में शस्त्र अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।



## स्मैक व गांजा सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस की क्राईम ब्रांच बोर्डर की टीम ने दो अलग-अलग मामलों में महिला आरोपी शबनम व सुधीर को नशा तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया है। 16 मई को क्राईम ब्रांच बोर्डर की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए महिला आरोपी शबनम सनलाईट कालोनी पल्ला फरीदाबाद को 3.28 ग्राम स्मैक सहित पल्ला एरिया से व आरोपी सुधीर को 450 ग्राम गांजा सहित काबू किया है।



## क्रेडिट कार्ड ठगी के मामले में 5 आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्रेडिट कार्ड बंद करने के बहाने ठगी करने के मामले में साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने 2 महिला सहित 5 आरोपियों को काबू किया है। साइबर थाना बल्लभगढ़ में छांयसा निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि उसके पास ठगों का कॉल और उसने खुद को बैंककर्मी बता कर क्रेडिट कार्ड बनवाने के लिए कहा बिजी होने के कारण शिकायतकर्ता ने बाद में कॉल करने के लिए कहा। शिकायतकर्ता ने नया कार्ड ना बना कर उनसे अपना कार्ड बंद करने के जिसपर ठगों ने क्रेडिट करने के लिए क्रेडिट कार्ड की डिटेल मांगी और ओटीपी देने को कहा।



# गाजियाबाद में नहीं बिकेंगे तुर्किए के सोने व चांदी के जेवरात व अन्य उत्पाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

साहिबाबाद सब्जी मंडी में तुर्किए के फल आयात करने व उनकी बिक्री बंद करने के निर्णय के बाद अब गाजियाबाद के ज्वेलर्स ने भी तुर्किए के सोने व चांदी व अन्य उत्पादों को न बेचने का निर्णय लिया है । ज्वेलर्स ने एलान किया है कि अब वे अपने शोरूमों में तुर्किए का कोई भी उत्पाद नहीं रखेंगे। एक अनुमान के मुताबिक इस निर्णय से जिलों में तुर्किए को 200 करोड़ से ज्यादा का नुकसान होगा। ज्वेलर्स का कहना है कि इसके पीछे उनका मकसद तुर्किए की अर्थव्यवस्था को कमजोर करना है । क्योंकि इस देश ने भारत पाकिस्तान तनाव के बीच पाकिस्तान का साथ दिया था जो पूरे भारतवर्ष को नागवार गुजर रहा है। यह निर्णय इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन के आह्वान पर लिया गया है। संगठन के जिला अध्यक्ष राज किशोर अग्रवाल ने बताया कि इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन ने आह्वान किया है कि तुर्की का कोई भी उत्पाद ना बेचा जाए ना ही आयात किया जाए। इसी को लेकर गाजियाबाद के ज्वेलर्स ने भी यह निर्णय लिया है तुर्किए का कोई भी उत्पाद ना बेचा जाए। यह निर्णय आज से ही लागू हो गया है।

**खास बातें**

- लगेगी सालाना दो सौ करोड़ से ज्यादा की चपत
- संकट के समय में तुर्किए ने दुश्मन देश पाकिस्तान का साथ दिया।
- 100 से ज्यादा ऐसे बड़े ज्वेलरी शोरूम है



**इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन के आह्वान पर लिया यह निर्णय**

### 100 से ज्यादा बड़े ज्वेलरी शोरूम हैं

राजकिशोर ने बताया कि गाजियाबाद। 100 से ज्यादा ऐसे बड़े ज्वेलरी शोरूम है। जिनमें बना सोने व चांदी से बने जेवरात व अन्य उत्पाद की बिक्री की जाती है। गाजियाबाद,साहिबाबाद, मोदीनगर, मुरादनगर,लोनी, वैशाली, कौशाम्बी, इन्दिरपुरम में करीब 100 शोरूम हैं जिनमे तुर्किए के उत्पाद बेचे जाते हैं।तुर्किये से सामान आयात किया जाता है। वह सोने व चांदी से बना होता है । कुल कारोबार का करीब 15प्रतिशत हिस्सा ज्वेलरी मार्केट में तुर्किए का है। उन्होंने कहा कि यह बेहद गंभीर मामला है। संकट के समय में तुर्किए ने दुश्मन देश पाकिस्तान का साथ दिया। अतः तुर्की को सबक सिखाने के लिए यह निर्णय लिया है। पूरे देश में लागू किया गया है।

### ननि कमिश्नर ने किया दो दर्जन से ज़्यादा नालों और डिस्पोजलों का निरीक्षण

# आगामी मानसून में फरीदाबाद शहर में न हो जलभराव सभी नालों से हटाए जाएं अतिक्रमणः धीरेंद्र खड़गटा

**साप्ताहिक बाजार लगवाने वाले माफियाओं पर कसेंगे नकेल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद के निगम कमिश्नर धीरेंद्र खड़गटा ने शुक्रवार को फरीदाबाद शहर में अलग-अलग जगह दो दर्जन से ज्यादा नालों और डिस्पोजल का निरीक्षण किया। कई विभागों की संयुक्त टीम के साथ मानसून के समय फरीदाबाद को जलमग्न होने से कैसे निजात मिले इसको लेकर स्ट्रेटजी तैयार की जा रही है।

उन्होंने इस मौके पर निगम कमिश्नर के साथ फरीदाबाद स्मार्ट सिटी की टीम, एचएसवीपी की टीम, सिंचाई विभाग, एचएसआईडीसी के अधिकारी साथ-साथ सभी निगम के ज्वाइंट कमिश्नर भी मौजूद रहे।

इस मौके पर मीडिया को जानकारी देते हुए निगम कमिश्नर ने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशा-निर्देशों पर फरीदाबाद शहर को मानसून से पहले जल निकासी की बेहतर व्यवस्था बनाने के लिए आज पूरे फरीदाबाद में अलग-अलग जगह निरीक्षण किया गया है, जिसमें उनके साथ सभी फरीदाबाद के अलग-अलग विभागों की सभी टीमें मौजूद हैं। कैसे फरीदाबाद शहर को मानसून के समय में जलमग्न होने से निजात मिल सके इसको लेकर स्ट्रेटजी यानी रूपरेखा तैयार की जा रही है तो वही फरीदाबाद निगम कमिश्नर ने यह भी माना की फरीदाबाद के अधिकतर नालों पर अतिक्रमण और साफ-सफाई की व्यवस्था नहीं है जिसके चलते अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ साफ-सफाई की भी बेहतर व्यवस्था करनी पड़ेगी ताकि मानसून के समय में जल निकासी की बेहतर व्यवस्था हो सके।

निगम कमिश्नर ने दावा किया है कि इस बार फरीदाबाद शहर मानसून के समय जलमग्न बिल्कुल भी नजर नहीं आएगा और पानी निकासी की बेहतर व्यवस्था फरीदाबाद शहर में बनाई जाएगी। निगम कमिश्नर ने कहा की निगम की खाली पड़ी जमीनों पर लगने वाले साप्ताहिक बाजारों को भी बिना कोई अनुमति के नहीं लगने दिया जाएगा इन बाजारों के पीछे काम करने वाले माफियाओं को भी नहीं बख्शा जाएगा। इस निरीक्षण के दौरान एतमातपुर के पास शुक्रवार को लगने वाले बाजार की तैयारियों को देखा और तुरंत प्रभाव से सामान जब्त करने के निर्देश दिए। नगर निगम कमिश्नर धीरेन्द्र खड़गटा ने आज संयुक्त निरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बीके चौक से नीलम चौक से एसी नगर, मुजेसर, गोंची ड्रेन, सिटी पार्क से चंदावली, सेक्टर 64 डिस्पोजल और सेक्टर-3, सेक्टर-7-8 डिस्पोजल, सेक्टर-12-15 डिवाइड रोड और अलावा सेक्टर-14 डिस्पोजल, ओल्ड फरीदाबाद बाईपास रोड स्थित डिस्पोजल सेक्टर 18 डिस्पोजल सहित स्मार्ट रोड के साथ सेक्टर 29, पल्ला नाला सेक्टर 37, तिलपत के अलावा एनएचपीसी अंडर पास से लेकर शहर के अन्य बड़े नाले और डिस्पोजल का भी निरीक्षण किया। क्षेत्र में नगर निगम कमिश्नर धीरेंद्र खड़गटा ने लगभग दो दर्जन से ज्यादा डिस्पोजलों और नालों का निरीक्षण किया। साथ में निगम के एडिशनल कमिश्नर सलोनी शर्मा और एडिशनल कमिश्नर गौरव अंतिल, एसडीएम बड़खल त्रिलोक चंद, निगम सैक्ट्री जयदीप सिंह, जॉइंट कमिश्नर द्विजा, जॉइंट कमिश्नर राजेश कुमार, जॉइंट कमिश्नर करण सिंह और निगम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।



# नगर निगम कर्मचारी क्रार्मिक भूख हड़ताल पर बैठे

**फरीदाबाद।** नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय के समक्ष क्रार्मिक भूख हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों को संबोधित करते हुए नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने हरियाणा प्रदेश में किसी भी सरकारी, अर्ध सरकारी विभागों, बोर्डों, निगमों, यूनिवर्सिटीज व शहरी स्थानीय निकाय विभाग में सफाई कर्मचारियों को छोड़कर किसी भी तृतीय द्वितीय श्रेणी के कर्मचारी एवं वन क्लास अधिकारी की हाजिरी नहीं लगती ऑनलाइन। क्या सरकार ने इन अधिकारियों व कर्मचारियों का वेतन काटने का आदेश जारी किया है, यह प्रश्न नगर पालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने सरकार से किया है। शास्त्री ने कहा कि शहरी स्थानीय निकाय विभाग के कुछ दलित विरोधी अधिकारी, सफाई कर्मचारी और सीवरमैनों की ऑनलाइन हाजिरी लगवाने के लिए मजबूर कर रहे हैं और काम करते हुए उनका वेतन काटने का आदेश जारी कर रहे हैं। शुक्रवार की भूख हड़ताल की अध्यक्षता संघ के जिला प्रधान दलीप बोहत ने की तथा मंच का संचालन सफाई कर्मचारी यूनियन के सचिव महेंद्र कुड़िया ने किया। नगर निगम के 21 सफाई कर्मचारी सहित अन्य विभागों के 51 कर्मचारियों ने भूख हड़ताल की। संघ ने मुख्यमंत्री से अपील की है कि ऐसे अधिकारियों की तुरंत प्रभाव से जांच करवा कर उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की अपील की है। शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अधिकारियों की तानाशाही और शोषण के खिलाफ शुक्रवार को प्रदेश भर में पालिकाओं, परिषदों, निगमों व फायर कर्मियों ने क्रार्मिक भूख हड़ताल कर नाराजगी प्रकट की है।



### कर्मचारियों को आंदोलन करने के लिए मजबूर न करें: नरेश शास्त्री

शास्त्री ने कहा कि मुख्यमंत्री, शहरी स्थानीय निकाय विभाग के बेलगाम अधिकारियों पर लगाम लगाए और पालिका, परिषद और निगमों तथा फायर के कर्मचारियों को आंदोलन करने के लिए मजबूर न करें। इस अवसर पर कर्मी नेता बलबीर सिंह बालगुहेर, श्रीनंद ढकोयिा, धर्म सिंह, शहाबुद्दीन राम रतन, देवी शर्मा, शिव कुमार, मनोज शर्मा, नरेश भगवान, प्रेमपाल, ललिता, शकुंतला, रघुवीर चौटाला जितेंद्र छाबड़ा, महेंद्र कुण्डिया, दान सिंह, विनोद जीनवाल,नैन सिंह, राजेश कामा, हरि सिंह खड़िया, विक्की हेस्तोरिया, सुरेंद्र, महेंद्र बाल्मीकि, बल्लू चिंडालिया, ललिता प्रधानी, सत्तो प्रधान, शकुंतला प्रधानी, कविता प्रधानी, कुसुम राजवती आदि।

**कॉलोनी में भूखंडों का क्रय विक्रय न करें**

# सदरपुर में चला जीडीए का बुलडोजर कई अवैध निर्माण किए गए ध्वस्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

जीडीए का अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। शुक्रवार को जीडीए का बुलडोजर मटियाला रोड पर सदरपुर में चला जहां पर कई अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिए गए। प्रभारी प्रवर्तन जोन-3 के नेतृत्व में मो आबिद व मौ अतीक व इन्द्रपाल द्वारा जनहित इंस्टीटयूट के सामने मटियाला रोड़, ग्राम सदरपुर, गाजियाबाद में लगभग 21.00 बीघा में अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही कालोनी में भूखण्डों की बाउण्ड्रीवाल, सड़क, विद्युत पोल आदि के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय स्थानीय विकासकर्ताओं/ निर्माणकर्ताओं द्वारा काफी विरोध किया गया, परन्तु प्राधिकरण पुलिस बल द्वारा उन्हे नियंत्रित कर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही जारी रखी गयी। मौके पर उपस्थित लोगो से यह अपील की गई कि अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही कालोनी में भूखण्डों का क्रय, विक्रय न करें।

# पैसे ऐंठने के मामले में तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जानकार बनकर पैसे ऐंठने के मामले में साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने 3 आरोपियों को काबू किया है। सेक्टर-9 फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना बल्लभगढ में शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि उसके एक 23 अप्रैल को एक कॉल आया जिसमें उसने खुद को उसका जानकार बताया और कहा उसके किसी रिश्तेदार का एक्सीडेंट हो गया है उसको हॉस्पिटल का बिल देने के लिए पैसों की जरूरत है तो वह कुछ रुपए उसके पास ट्रांसफर करवा रहा है जिसे वह डॉक्टर के खाता में भेज दे। शिकायतकर्ता को 100 और 45000 रुपए प्राप्त होने का मैसेज आया जिसके बाद उसने पैसे ठगों के बताए हुए खाता में भेज दिए और कुछ समय बाद उससे 40000 रुपए और प्राप्त होने का मैसेज वो भी उसने ठगों के पास भेज दिए। बाद जब खाता का बैलेंस चैक किया तो उसे पता चला के उसके पास कोई पैसे नहीं आए और जो मैसेज प्राप्त हुए थे वो सब फेक थे।

नालों पर अतिक्रमण हटाने के लिए आपसी समन्वय से काम करेंगे सभी विभाग

# बरसात में जलभराव रोकने के लिए प्रशासन तैयार, अतिक्रमण मुक्त करने होगा एक्शन

**सीएम के निर्देशानुसार शहर में जलभराव रोकने लिए जाएंगे कड़े निर्णय**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

बरसात के दिनों में अतिक्रमण जलभराव का कारण न बने इसके लिए जिला प्रशासन के साथ समन्वय बनाते हुए संबंधित विभाग नालों की साफ-सफाई सुनिश्चित करेंगे। इसके लिए संबंधित क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त बनाने की दिशा में भी काम होगा। यह निर्देश मंडलायुक्त संजय जून की अध्यक्षता में आयोजित फ्लड कंट्रोल समीक्षा बैठक के दौरान दिए गए। बैठक के दौरान साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया कि विभागीय स्तर पर जिम्मेदार अधिकारी एक्शन लेते हुए सभी निर्देशों का पालन करे। बैठक में डीसी विक्रम सिंह, निगमायुक्त धीरेंद्र खड़गटा के अलावा अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।




मंडलायुक्त संजय जून ने निर्देश दिए कि जिले में अतिक्रमण ग्रस्त बुढिया नाला, गौंछी नाला व अन्य ऐसे सभी मुख्य ड्रेन जहां से शहर का बरसाती पानी मुख्य रूप से प्रवाहित होता है, इसकी सफाई व अतिक्रमण मुक्त करने की दिशा में कार्य सुनिश्चित किए जाएं। इसके लिए डिमार्केशन, संबंधित विभाग की ओर से अतिक्रमण के लिए नोटिस व कार्रवाई सुनिश्चित करने वाले विभाग की ओर से अन्य समन्वय सुनिश्चित हो।

उन्होंने कहा कि शहर की स्वच्छता व मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए सरकारी विभाग एक्शन लें। जिम्मेदारी सुनिश्चित करते हुए देखें कि बड़ी संख्या में लोगों को विभागीय कार्रवाई का फायदा मिले। यमुना क्षेत्र में बाढ़ नियंत्रण तैयारियों की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने कहा कि अधिकारी अपने स्तर पर बाढ़ संवेदनशील क्षेत्र में सेफ हाउस, शेल्टर होम चिन्हित करते हुए इसका निरीक्षण करें। अति प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ पूर्व तैयारी के लिए तहसीलदार या ग्राम सचिव स्तर के नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएं। समीक्षा रिपोर्ट की जिम्मेदारी एसडीएम स्तर के अधिकारी की होनी चाहिए। इसी तरह एडवांस वार्निंग सिस्टम, खतरा के निशान की मार्किंग, सर्च व रेस्क्यू टीम की स्थिति व गोताखोर की उपलब्धता सुनिश्चित होनी चाहिए। बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में उपयोग में लाई जाने वाली जल.शुद्धिकरण दवाओं और अन्य आवश्यक रसायनों की पर्याप्त व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए।

## एनआरआई को बिना सूचना के ठहराने पर संचालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सेक्टर-53 एरिया में पुलिस को सूचना दिए बगैर होटल में एनआरआई को ठहराने पर पुलिस ने होटल संचालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी पर सेक्टर-53 थाना में फॉर्नर एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया। दरअसल, पुलिस को सूचना मिली कि सेक्टर-53 स्थित एक होटल में पुलिस को सूचित किए बिना एनआरआई को ठहराया हुआ है। पुलिस ने मौके पर रेड की तो वहां पर एक एनआरआई को ठहराया गया था।

जिसकी सूचना आरोपी होटल संचालक ने पुलिस को नहीं दी थी और ना ही पुलिस को सी-फॉर्म के बारे में कोई संतोषजनक जवाब दिया। जिस पर पुलिस ने होटल संचालक को काबू कर लिया। आरोपी की पहचान गुरुग्राम के कृष्णा कॉलोनी निवासी सूरज दूजेजा के रूप में हुई।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr. P.C देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया नामः **रोहित, पुत्रः करतार सिंह, निवासीः डब्ल्यू–116/351, झुग्गी कैंप नंबर 4, ज्वालापुरी, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **E-FIR No.101/2022 U/s. 379/411 IPC** के तहत एक मामला **थाना मंगोल पुरी, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **रोहित** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **रोहित** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **E-FIR No.101/2022 U/s. 379/411 IPC, थाना मंगोल पुरी, दिल्ली** के अभियुक्त **रोहित** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक **25.06.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार सुश्री रीतिका जैन
एलडी. न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05,
उत्तर पश्चिम जिला, कमरा नं. 105,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/6137/OD/2025
(अदालती मामला)

**हाईटेक बन गई गाजियाबाद की सबसे पुरानी कंपनी बाग लाइब्रेरी, आयुक्त ने लिया जायजा**

# अब शहर में ही यूपीएससी-यूपीपीसीएस की तैयारी करने वाले छात्रों को मिलेगा मौकाः नगर आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

शहर की सबसे पुरानी कंपनी बाग स्थित लाइब्रेरी अब हाईटेक लाइब्रेरी बन गई है अब यहां पर किताबों का रखरखाव डिजिटल होगा साथी विद्यार्थियों को इंटरनेट की सुविधा भी मिलेगी इसके साथ ही अब शहर में ही यूपीएससी यूपीपीसीएस व अन्य प्रतियोगिताओं की तैयारी करने का मौका छात्रों को मिलेगा। नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने शुक्रवार को इस लाइब्रेरी का जायजा लिया। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक कंपनी बाग स्थित लाइब्रेरी का जीर्णोद्धार कराया गया है। जिसका नगर आयुक्त द्वारा निरीक्षण किया गया। शीघ्र ही महापौर तथा नगर आयुक्त द्वारा हाईटेक लाइब्रेरी का उद्घाटन करते हुए शुभारंभ किया जाएगा। नई सोच के साथ नगर आयुक्त द्वारा जहां शहर के विकास कार्यो को रफ्तार दी जा रही है वहीं विद्यार्थियों के लिए भी नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार कंपनी बाग स्थित लाइब्रेरी को हाईटेक बनाया गया।



### लाइब्रेरी में इंटरनेट की सुविधा भी रहेगी

नगर आयुक्त ने बताया कि कंपनी बाग लाइब्रेरी में विद्यार्थियों द्वारा कई समस्याओं का सामना किया जा रहा था। विद्यार्थियों से हुई चर्चा के क्रम में प्लानिंग करते हुए लाइब्रेरी को आधुनिक बनाया गया। अत्यधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित लाइब्रेरी में एक समय में 40 से 50 विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग से कमरा बनाया गया है। प्रकाशयुक्त लाइब्रेरी बनाई गई है जिसमें लाइट की व्यवस्था के साथ-साथ पूरी लाइब्रेरी को एयर कंडीशन बनाया जा गया।, शौचालय की भी व्यवस्था को बेहतर करते हुए आधुनिक व्यवस्था की गई है । दिव्यांगों के लिए, महिलाओं के लिए, तथा पुरुष के लिए अलग-अलग शौचालय बनाए गए हैं।

## मर्डर केस में 15 साल से फरार इनामी अपराधी गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** पीओ स्टाफ ने मर्डर केस में 15 साल से फरार चल रहे ईनामी उद्घघोषित अपराधी को मध्यप्रदेश के दमोह से गिरफ्तार किया है। इनामी बदमाश ने पैसे के लेनदेन पर वर्ष 2009 में एक युवक से मारपीट की और उस पर तारपीन का तेल डालकर आग लगा दी थी। इसके बाद वह अपना ठिकाना बदलकर रेवाड़ी, चंडीगढ़ और अन्य स्थानों पर राजमिस्त्री का काम करता रहा। जिससे वह लंबे समय तक पुलिस की पकड़ से बचता रहा। वारदात 31 मार्च 2009 की रात करीब 10.30 बजे की है, जब एमपी के दमोह निवासी दिनेश अहिरवार ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर पैसों के लेन-देन के विवाद में दमोह निवासी भगीरथ के साथ मारपीट की। इसके बाद उसके शरीर पर तारपीन का तेल डालकर आग लगा दी।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड | ग्रुप-ए औषधि के लिए दो वर्ष की अवधि के लिए हरियाणा सरकार के विभिन्न अस्पतालों को आईएम रूट के माध्यम से एंटी-रेबीज वैक्सीन सिंगल डोज की आपूर्ति के लिए दर अनुबंध हेतु ऑनलाइन निविदा। | 15.05.2025 05.06.2025 | 6.11 करोड़ | www.hmscl.org.in | 0172-4788222 hmsctenders@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/34838/I/88/7 दि. 16.05.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | 132 केवी सब स्टेशन एचवीपीएनएल झज्जर में 132 केवी और 33 केवी जंग लगे हुए टावर संरचना, बीम और संरचनाओं को सहारा देने वाले उपकरण की पेंटिंग। | 15.05.2025 27.05.2025 | 2.65 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 2 | एचवीपीएनएल | 132 केवी सब स्टेशन धारसूल (हिसार) में चारदिवारी का निर्माण। | 16.05.2025 27.05.2025 | 1.30 करोड़ | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 3 | एचवीपीएनएल | 220 केवी सब स्टेशन सफीदों (हिसार) में 3 अदद 220 केवी एसएफ-6 सर्किट ब्रेकर फाउंडेशंस का निर्माण। | 16.05.2025 27.05.2025 | 2.89 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 4 | एचवीपीएनएल | 66 केवी सब स्टेशन एचवीपीएनएल, साहा (अम्बाला) में चेन लिंक फेंसिंग की मरम्मत और रखरखाव। | 15.05.2025 22.05.2025 | 15524/- फर्मों हेतु और 7762/- सह. समितियों हेतु | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 5 | एचवीपीएनएल | टर्नकी आधार पर 66 केवी उटावर और मुस्तफाबाद सब स्टेशनों की रचना। | 14.05.2025 07.06.2025 | ईएमडी 45.62 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 6 | एचवीपीएनएल | 132 केवी सब स्टेशन, एचवीपीएनएल, रोहतक में रोड कार्पेटिंग का प्रावधान व बिछाना। | 12.05.2025 26.05.2025 | 3.03 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 7 | एचवीपीएनएल | 220 केवी सब स्टेशन एचवीपीएनएल रोहतक में 220 केवी और 132 केवी टावर संरचनाओं, बीम और संरचनाओं को सहारा देने वाले उपकरणों की पेंटिंग। | 13.05.2025 22.05.2025 | 4.21 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/140/34839/I/88/7 दि. 16.05.25

### मुख्यमंत्री ने किया दौरा, बदहाल व्यवस्था पर जताई नाराजगी

# आजादपुर मंडी के पिछले 10 वर्ष के बजट का कराया जाए ऑडिट : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली एवं एशिया की सबसे बड़ी थोक मंडी आजादपुर की बदहाल हालत देख कर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को आजादपुर मंडी के आधुनिकीकरण और पुनर्गठन की एक व्यापक योजना की घोषणा की। वहीं सीएम ने आजादपुर मंडी के व्यय की जांच हो और भविष्य में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मंडी का पिछले 10 वर्ष के बजट का ऑडिट कराने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को दिल्ली एवं एशिया की सबसे बड़ी थोक मंडी, आजादपुर मंडी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मंडी की स्थिति का जायजा लिया और व्यापारियों, मजदूरों, और आगंतुकों की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा भी की। मुख्यमंत्री ने मंडी में मूलभूत सुविधाओं की कमी, खराब स्वच्छता, अपर्याप्त सुरक्षा, और भ्रष्टाचार पर गहरी चिंता व्यक्त की। दौरे के बाद मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली की मंडियां केवल व्यापार के केंद्र नहीं, बल्कि जनजीवन की धड़कन हैं। हमारा लक्ष्य है कि हर मंडी को साफ, सुव्यवस्थित और आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाया जाए, ताकि किसान, व्यापारी और उपभोक्ता, सभी को एक सुरक्षित और सुगम वातावरण मिल सके। इसी क्रम में आज आजादपुर मंडी का दौरा किया गया। मुख्यमंत्री ने आजादपुर मंडी का निरीक्षण करते हुए मंडी की बदतर हालत पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि देश की सबसे बड़ी मंडियों में से एक आजादपुर मंडी में हजारों लोग काम करते हैं, लेकिन यहां सुरक्षा, स्वच्छता और बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है। ट्रकों की भारी आवाजाही, सड़ती सब्जियाँ, टूटी सड़कें और जर्जर शौचालय इस मंडी को कूड़ाघर में बदल चुके हैं।

#### पिछली सरकार ने मंडियों को बना दिया भ्रष्टाचार का अड्डा

मुख्यमंत्री ने पिछली सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछली सरकार ने मंडियों को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया। ना व्यापारियों की सुनी गई, ना मजदूरों की, और व्यवस्थाओं को जानने की कोई कोशिश नहीं की गई। उन्होंने आगे कहा कि जो लोग दिल्ली को लंदन और पेरिस बनाने की बड़ी-बड़ी बातें करते थे, उन्हें यहां खड़े होकर इस मंडी की बदबू को महसूस करना चाहिए। यह अपने आप में एक भयानक अनुभव है। इन मंडियों को पूर्ण जीर्णोद्धार की आवश्यकता है, और हम इसके लिए प्रतिबद्ध हैं। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने सफाई व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधाओं, पीने के पानी और ट्रैफिक मैनेजमेंट में भारी खामियों को रेखांकित किया और इसे मौजूदा प्रबंधन की विफलता और भ्रष्टाचार से जोड़ा।

#### आवाजाही पर विशेष नजर रखने के लिए लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

इन समस्याओं के समाधान के लिए, मुख्यमंत्री ने आजादपुर मंडी के आधुनिकीकरण और पुनर्गठन की एक व्यापक योजना की घोषणा की। उन्होंने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को मंडी में तत्काल प्रभाव से सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए। यह कैमरे प्रवेश द्वार से शुरू होंगे, ताकि मजबूत सुरक्षा सुनिश्चित हो, वाहनों की आवाजाही पर नजर रखी जा सके, और गिनती व पंजीकरण में होने वाली गड़बड़ियों को रोका जा सके।

#### मजदूरों के लिए स्थापित की जाएगी अटल कैंटीन

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने हेतु सरकार की योजना के तहत पीने के पानी के स्टेशन (प्याऊ) स्थापित किए जाएं, ताकि गर्मी में काम करने वाले हजारों मजदूरों को राहत मिले। साथ ही, किसान भवन की मौजूदा इमारत में एक मिनी-अस्पताल स्थापित किया जाएगा, जो प्राथमिक चिकित्सा और आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करेगा। इसके अतिरिक्त मजदूरों के लिए सस्ता भोजन मुहैया कराने हेतु एक अटल कैंटीन की स्थापना की जाएगी।

## भाजपा ने दिल्ली के तीन जिलों में निकाली तिरंगा यात्रा




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के तीन संगठनात्मक जिलों पश्चिमी दिल्ली, दक्षिणी दिल्ली और शाहदरा में तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें पश्चिम दिल्ली में दिल्ली भाजपा की महामंत्री सांसद कमलजीत सहरावत के नेतृत्व में पूर्व राज्यपाल जगदीश मुखी, दिल्ली भाजपा के वरिष्ठ नेता राजीव बब्बर, जिलाध्यक्ष चंद्रपाल बख्शी के साथ सैकड़ों पार्टी नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

प्रदेश भाजपा से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के निर्देश के अनुसार शुक्रवार से दिल्ली के विभिन्न 14 जिलों के प्रमुख 14 स्थानों पर तिरंगा यात्रा निकालने की शुरुवात हुई। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम भाजपा के अन्य पदाधिकारियों के साथ तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। इस मौके पर जिला अध्यक्ष दीपक गाबा और क्षेत्रीय विधायक, पार्षद और पार्टी नेता भी उपस्थित थे। दक्षिण दिल्ली जिले की तिरांगा यात्रा में जिलाध्यक्ष राजकुमार चौटाला के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोगों ने ओखला में तिरंगा यात्रा निकाली।

भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने बयान में साफ कहा है कि टेरर और टॉक साथ नहीं चल सकते। टेरर और ट्रेड का पाखंड अब नहीं चलेगा। जब-जब खून बहेगा, पानी का रास्ता बंद होगा। ऑपरेशन सिन्दूर स्थगित है, पर समाप्त नहीं। पाकिस्तान से बात होगी तो अब सिर्फ पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पर ही होगी या फिर आतंकवाद पर। दिल्ली भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सतीश उपाध्याय के नेतृत्व में दिल्ली इंजीनियर एसोसिएशन द्वारा आईएनए में तिरंगा यात्रा निकाली गई।

## नई इलेक्ट्रिक बसों को जल्द उतारा जाए सड़कों पर : पंकज



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नई इलेक्ट्रिक बसों को जल्द से जल्द दिल्ली की सड़कों पर उतारा जाए, ताकि दिल्ली में प्रदूषण रहित सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था और मजबूत हो। यह निर्देश शुक्रवार को दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने नई ई-बसों की उपलब्धता को लेकर एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। इस बैठक में परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और पीएमआई इलेक्ट्रो मोबिलिटी, स्विच मोबिलिटी, जेबीएम जैसी प्रमुख बस कंपनियों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि हम सार्वजनिक परिवहन को तेजी से बदल रहे हैं। अगले दो महीनों में दिल्ली की सड़कों पर 500 ई-बसें चलेंगी और साल के अंत तक 1000 और बसें इसमें जुड़ेंगी, जिससे लोगों को साफ-सुथरी और बेहतर यात्रा का विकल्प मिलेगा। बैठक में विभाग ने बताया कि विभिन्न बस डिपो पर सिविल कार्यों एवं इलेक्ट्रिकरण की प्रक्रिया तीव्र गति से अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। वहीं मंत्री पंकज ने बस कॉनसेशनर्स को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे इलेक्ट्रिक बसों की डिलीवरी में तेजी लाएं और सभी प्रमुख डिपो में ईवी चार्जिंग इंस्टॉलेशन सुनिश्चित करें इंफ्रास्ट्रक्चर का त्वरित विकास सुनिश्चित करें।

जिससे ई-बसों का कुशल संचालन समयबद्ध तरीके से संभव हो सके। दिल्ली के मौजूदा पब्लिक ट्रांसपोर्ट नेटवर्क में देवी इलेक्ट्रिक बसों को प्रभावी रूप से शामिल करने के लिए एक सुव्यवस्थित रूट रेशनलाइजेशन प्लान लागू किया जा रहा है।

## विजेन्द्र गुप्ता ने किया आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीकरण शिविर का दौरा

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष और रोहिणी क्षेत्र के विधायक विजेन्द्र गुप्ता ने शुक्रवार को रोहिणी में



आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीकरण शिविर का दौरा किया। इस शिविर में 70 वर्ष से अधिक उम्र के स्थानीय वृद्ध जनों ने बढ़ चढ़कर अपना पंजीकरण कराया। इस अवसर पर उन्होंने केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना की सराहना करते हुए इसे वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाने वाली एक परिवर्तनकारी पहल बताया। इस शिविर का केंद्र बिंदु आयुष्मान वय वंदना योजना रही, जो आयुष्मान भारत कार्यक्रम के अंतर्गत एक नवीन पहल है। इस योजना के तहत 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को हर वर्ष 10 लाख रुपए तक का निःशुल्क और कैशलेस उपचार प्रदान किया जाएगा, जिसमें मानक आयुष्मान भारत योजना की 5 लाख रुपए की सीमा के अतिरिक्त 5 लाख रुपए का टॉप-अप भी शामिल है। गुप्ता ने इस योजना की विशेषताओं को रेखांकित करते हुए कहा कि यह वृद्धजनों की पूर्व-विद्यमान बीमारियों के उपचार और देशभर के सूचीबद्ध अस्पतालों में सुविधा प्राप्त करने की दिशा में एक अहम कदम है।

## सीएम ने अग्निशमन वाहन और फायर फाइटिंग रोबोट का किया निरीक्षण

### दिल्ली फायर सर्विस को उपकरणों और आधुनिक तकनीक से किया जाएगा लैस : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को दिल्ली सचिवालय में स्वदेशी तकनीक से तैयार फायर फाइटिंग वाहन, फायर फाइटिंग रोबोट के साथ कई अत्याधुनिक उपकरणों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री के समक्ष दिल्ली फायर सर्विस के कर्मचारियों ने दिल्ली सचिवालय में ऑटोमेटिक रोबोटिक मिस्ट ओमनी यूटीलिटी रक्षक (एकआरएमओयूआर), फायर फाइटिंग रोबोट और पोर्टेबल हाई प्रेशर वाटर मिस्ट सिस्टम का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर दिल्ली के गृहमंत्री आशीष सूद भी मौजूद रहे।

निरीक्षण के बाद दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि हमारी सरकार दिल्ली फायर डिपार्टमेंट को देश ही नहीं पूरी दुनिया की सबसे बेहतर तकनीकी सुविधाएं और उपकरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। राजधानी दिल्ली में आग लगने पर किसी भी गंभीर हालात से निपटने के लिए फायर सर्विस के पास आग पर तुरंत काबू पाने की सबसे आधुनिक तकनीक हमारे पास मौजूद होनी चाहिए। सीएम ने कहा कि दिल्ली में जो फायर फाइटिंग सिस्टम पिछली सरकारों के समय में था, वह काफी जर्जर हालत में थे, जिसकी वजह से दिल्ली में सैकड़ों हादसे होते रहते थे और दमकलकर्मी चाहकर भी मनचाहे तरीके से कार्रवाई नहीं कर पाते थे। पिछली सरकार की नाकामियों के चलते हम जनता को आग लगने पर उचित सुरक्षा नहीं दे पा रहे थे जिसकी दिल्ली के लोगों को बेहद ज़रूरत थी। दिल्ली फायर सर्विस की दशा और दिशा सुधारने के लिए हमारी सरकार कई तरह की आधुनिक मशीनों, रोबोटिक फायर फाइटिंग सिस्टम, उपकरणों से लेकर कई नई तकनीक से लैस करने में जुटी है। जिसके लिए इस वर्ष के बजट में फायर सर्विस विभाग के लिए आधुनिक वाहन और उपकरण खरीदने के लिए सरकार ने 110 करोड़ रुपए का अलग से प्रावधान किया है। सीएम ने कहा कि हमारी सरकार का संकल्प है कि दिल्ली को सबसे अत्याधुनिक फायर फाइटिंग सिस्टम जल्द से जल्द मुहैया करवाया जा सके।

अत्याधुनिक, एफिशिएंट और तकनीकी रूप से सक्षम फायर फाइटिंग सिस्टम से आग बुझाते वक्त दमकल विभाग के कर्मचारियों की जान की रक्षा हो पाएगी और जहां पर आग लगी होगी वहां पर त्वरित कार्रवाई भी हो सकेगी। उन्होंने कहा कि ये अत्याधुनिक मशीने दिल्ली फायर सर्विस को और अधिक सक्षम एवं सुरक्षित बनाएंगी। दिल्ली की संकरी गलियों में जहां आग लगने की घटनाएं ज्यादा सामने आती हैं।

## शालीमार बाग वार्ड में लगा है समस्याओं का अंबार : अंकुश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

शालीमार बाग वार्ड सीएम रेखा गुप्ता के निर्वाचन क्षेत्र में हैं, फिर भी यहां समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी के नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने शुक्रवार को



शालीमार बाग विधानसभा स्थित वार्ड-55 का दौरा कर समस्याओं का जायजा देने के दौरान यह बातें कही। अंकुश नारंग ने निगम के आयुर्वेद हॉस्पिटल, बस स्टॉप पार्क, एमसीडी स्कूल, गली नंबर 1 और शालीमार चौक हैदरपुर की साफ सफाई व्यवस्था देखी और स्थानीय लोगों के जरिए संज्ञान में आई समस्याओं का तत्काल समाधान करने के लिए एमसीडी के अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान वार्ड से आप के पार्षद जलज चौधरी और एमसीडी के अधिकारी भी मौजूद रहे। निगम में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने बताया कि शालीमार बाग वार्ड से आप के पार्षद जलज चौधरी के साथ उनके वार्ड का दौरा किया। इस दौरान निगम के एक आयुर्वेदिक अस्पताल का भी दौरा किया। यहां लोगों से बात कर उनकी समस्याएं जानी। लोग पार्क के घास लगवाना चाहते हैं, दीवार टूटी हुई है। रेलिंग लगवाना चाहते हैं। भाजपा बहुत बड़े-बड़े दावे करती है। शालीमार बाग वार्ड सीएम रेखा गुप्ता के निर्वाचन क्षेत्र शालीमार बाग में आता है, लेकिन यहां ढेरों समस्याएं हैं। साफ सफाई की व्यवस्था ठीक नहीं है। यहां और कई काम किए जा सकते हैं। राजा इकबाल सिंह दिल्ली के महापौर हैं।

उनको तय करना पड़ेगा कि वह दिल्ली के महापौर हैं या सिर्फ भाजपा के हैं। सीएम रेखा गुप्ता शालीमार बाग से विधायक हैं। उनको भी तय करना पड़ेगा कि वो सिर्फ भाजपा पार्षद वाले दो वार्डों की विधायक हैं या तीनों वार्ड से विधायक हैं। जब कोई पार्षद, विधायक, मुख्यमंत्री, महापौर बन जाता है तो उसे निष्पक्ष होकर अपने निर्वाचन क्षेत्र के लिए कार्य करना चाहिए। भेदभाव नहीं करना चाहिए।





**31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए अंकेक्षित स्टैंडएलोन एवं कंसोलिडेटेड वित्तीय परिणामों का सार** ₹ करोड़ में

| क्रं. सं. | विवरण | स्टैंडएलोन (अंकेक्षित) 03 माह समाप्त 31.03.2025 | 03 माह समाप्त 31.03.2024 | समाप्त वर्ष 31.03.2025# | समाप्त वर्ष 31.03.2024 | कंसोलिडेटेड (अंकेक्षित) 03 माह समाप्त 31.03.2025 | 03 माह समाप्त 31.03.2024 | समाप्त वर्ष 31.03.2025# | समाप्त वर्ष 31.03.2024 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परिचालन से कुल आय | 8993.37 | 8260.25 | 28339.48 | 23892.78 | 8993.37 | 8260.25 | 28339.48 | 23892.78 |
| 2 | अवधि के लिए निवल लाभ / (हानि) (कर, अपवादात्मक मदों से पूर्व) | 704.02 | 631.06 | 724.67 | 220.33 | 694.50 | 622.73 | 686.59 | 178.68 |
| 3 | कर पूर्व अवधि के लिए निवल लाभ / (हानि)(अपवादात्मक मदों एवं समेकित परिणामों में संयुक्त उद्यमों के निवल लाभ / (हानि) के शेयर के बाद) | 704.02 | 631.06 | 724.67 | 220.33 | 704.42 | 636.32 | 745.60 | 242.66 |
| 4 | कर पश्चात अवधि के लिए निवल लाभ / (हानि) | 504.05 | 484.36 | 512.97 | 259.89 | 504.45 | 489.62 | 533.90 | 282.22 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय {अवधि के लिए लाभ / (हानि) (कर पश्चात) और अन्य व्यापक आय (कर पश्चात) शामिल} | 412.05 | 438.49 | 349.47 | 177.48 | 412.41 | 443.58 | 370.56 | 199.67 |
| 6 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रु. 2 प्रति शेयर) | 696.41 | 696.41 | 696.41 | 696.41 | 696.41 | 696.41 | 696.41 | 696.41 |
| 7 | अन्य इक्विटी | 24416.60 | 24154.18 | 24416.60 | 24154.18 | 24025.75 | 23742.24 | 24025.75 | 23742.24 |
| 8 | निवल मूल्य | 25113.01 | 24850.59 | 25113.01 | 24850.59 | 24722.16 | 24438.65 | 24722.16 | 24438.65 |
| 9 | प्रति शेयर मूल और डाइल्यूटेड अर्जन | 1.45 | 1.39 | 1.47 | 0.75 | 1.45 | 1.41 | 1.53 | 0.81 |
| 10 | पूंजी विमोचन रिजर्व | 37.87 | 37.87 | 37.87 | 37.87 | 37.87 | 37.87 | 37.87 | 37.87 |

# कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(6) के तहत भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा लेखापरीक्षा के अधीन।

नोट:

1. वर्तमान अवधि के वर्गीकरण के अनुसार, जहां भी आवश्यक समझा गया, आंकड़ों को पुनः समूहीकृत / पुनर्व्यवस्थित किया गया है।
2. उपरोक्त परिणाम लागू सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के अनुसार तैयार किए गए हैं। इन परिणामों की समीक्षा ऑडिट समिति द्वारा की गई है और निदेशक मंडल द्वारा 16.05.2025 को आयोजित उनकी बैठक में अनुमोदित किया गया।
3. पिछली तिमाही के आंकड़े पूरे वित्तीय वर्ष के संबंध में लेखापरीक्षित आंकड़ों और वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही तक प्रकाशित वर्ष के आंकड़ों के बीच संतुलन के आंकड़े हैं।
4. निदेशक मंडल ने 0.50 रुपये प्रति शेयर (अंकित मूल्य रु. 2 प्रति शेयर) के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है।
5. व्यापार प्राप्तियों में ग्राहक एसटीपीजी (पूर्व में एनईसी सूडान) से ₹211 करोड़ (यूएसडी 25.5 मिलियन) की अतिदेय राशि शामिल है, जो गृह युद्ध के कारण अटकी हुई है, जिसे अच्छा माना गया है और बोर्ड द्वारा अनुमोदन के अनुसार इसके लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है। यदि इस राशि के लिए प्रावधान किया गया होता, तो 'कर पूर्व लाभ' पर ₹ 211 करोड़ का प्रभाव पड़ता।
6. रिपोर्टिंग तिथि पर देनदारों में आरवीयूएनएल / सूरतगढ़ 7 और 8 परियोजना (2x660 मेगावाट) से ₹208 करोड़ का शुद्ध बकाया राशि शामिल है (परीक्षण संचालन से 3 वर्ष से अधिक)। वसूली के आधार पर प्रावधान बनाना उचित नहीं है क्योंकि ग्राहक ने डिलीवरी विस्तार के लिए संशोधन जारी किया है और पुष्टि की है कि भुगतान प्रक्रियाधीन है और जल्द ही राशि भेज दी जाएगी। इसके अलावा, ग्राहक ने 08.05.2025 को ₹40 करोड़ की राशि का भुगतान भी किया है। यदि इस राशि के लिए प्रावधान किया गया होता, तो 'कर पूर्व लाभ' पर शुद्ध प्रभाव ₹168 करोड़ होता।
7. कंपनी ने संविदात्मक दायित्वों के विरुद्ध प्रावधान को समाप्त करने की अपनी प्रथा में बदलाव किया है, जहाँ अनुबंध के अनुसार परफॉर्मेंस गारंटी (पीजी) परीक्षण एक पूर्व-आवश्यक शर्त नहीं है। तदनुसार, वर्ष के दौरान ₹118.47 करोड़ के प्रावधान को समाप्त कर दिया गया है, जिसके परिणामस्वरूप लाभ में वृद्धि हुई है।
8. कंपनी के निम्नलिखित संयुक्त उद्यम हैं:– बीएचईएल–जीई गैस टर्बाइन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (बीजीजीटीएस), रायचूर पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आरपीसीएल), एनटीपीसी–बीएचईएल पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (एनबीपीपीएल), पावर प्लांट परफॉरमेंस इम्प्रूवमेंट्स लिमिटेड (पीपीआईएल) और भारत कोल गैसिफिकेशन एंड केमिकल्स लिमिटेड (बीसीजीसीएल)। वर्ष के दौरान कंपनी की कोई सहायक एवं सहयोगी कंपनी नहीं है।
9. उपरोक्त, लागू सेबी (सूचीबद्ध दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015, यथासंशोधित, के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दायर किए गए त्रैमासिक और वार्षिक लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक उद्धरण है। उपरोक्त रिपोर्टिंग अवधि के लिए, प्रतिभूति प्रीमियम खाता, ऋण पूंजी, वरीयता शेयर, डिबेंचर मोचन रिजर्व, ऋण इक्विटी अनुपात, ऋण सेवा कवरेज अनुपात और ब्याज सेवा कवरेज अनुपात के संबंध में जानकारी शून्य / लागू नहीं है। वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप, जिसमें लिस्टिंग विनियमों के विनियम 52(4) में संदर्भित प्रकटीकरण शामिल हैं, स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइटों– www.nseindia.com एवं www.bseindia.com पर और कंपनी की वेबसाइट: www.bhel.com के "वित्तीय सूचना" अनुभाग के अंतर्गत उपलब्ध हैं। इसे नीचे दिए गए क्यूआर कोड (QR code) को स्कैन करके भी एक्सेस किया जा सकता है:

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 16.05.2025

**भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड**
सीआईएन : L74899DL1964GOI004281
पंजीकृत कार्यालय : बीएचईएल हाउस, सीरी फोर्ट, नई दिल्ली–110049 फोन नं. : 011-66337598, ई–मेल : shareholderquery@bhel.in
www.bhel.com /BHEL Official /BHEL_India /BHEL_India /bhel.india /company/bhel

कृते भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
हस्ता/–
(के. सदाशिव मूर्ति)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक




प्रगति को गति ... जीवन को ज्योति

कान्स के रेड कारपेट पर वॉक करने वाली

# सबसे युवा भारतीय एक्ट्रेस बनीं नितांशी



## इन सेलेब्स ने भी बनाया कान्स में रिकॉर्ड

*78वां कान्स फिल्म फेस्टिवल इस समय दुनियाभर में छाया हुआ है। देश-दुनिया से कई कलाकार इस भव्य समारोह का हिस्सा बन रहे हैं। इसी बीच भारत की नितांशी गोयल इस साल इस फेस्टिवल में शामिल होने वाली सबसे कम उम्र की एक्ट्रेस बन गई हैं। चलिए आपको बताते हैं इससे पहले सबसे कम उम्र के कौन-कौन से कलाकार इस फेस्टिवल में शामिल हो चुके हैं।*

### युया यागिरा

साल 2004 में जापान के युया यागिरा ने महज 16 साल की उम्र में 'नोबडी नोज' फिल्म के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड जीता था।

### लुई माले

वहीं. 1956 में फ्रेंच डायरेक्टर लुई माले को 24 की उम्र में 'द साइलेंट वर्ल्ड' के लिए पाल्म डी'ओर से नवाजा गया था।

### वलेरिया कोट्टो और ब्रुकलिन प्रिंस

2017 में फिल्म 'द फ्लोरिडा प्रोजेक्ट' के लिए महज 6 साल की उम्र में वलेरिया कोट्टो और 7 साल के ब्रुकलिन प्रिंस ने भी फेस्टिवल में शिरकत की थी।

### अवनीत कौर

2024 में भारतीय एक्ट्रेस अवनीत कौर ने 'लव इन वियतनाम' का पोस्टर लॉन्च कर 22 साल की उम्र में अपने डेब्यू से सबका ध्यान खींचा था।

एजेंसी ▶▶| पेरिस

78वें कान फिल्म फेस्टिवल में 'लापता लेडीज' फेम एक्ट्रेस नितांशी गोयल रेड कार्पेट पर उतर चुकी हैं। इसके साथ ही वो सिर्फ 17 साल की उम्र में कान के रेड कार्पेट पर उतरने वाली पहली बॉलीवुड अभिनेत्री भी बन गईं। ब्लैक ऑफ शोल्डर गाउन में नीतांशी का लुक काफी वायरल हो रहा है। नीतांशी ने कान में अपने डेब्यू पर खुशी जताते हुए अपनी तस्वीरों के साथ एक पोस्ट भी सोशल मीडिया पर साझा की है।

### नितांशी ने इंस्टाग्राम पर जाहिर की खुशी

कान्स की रेड कार्पेट पर अपने डेब्यू से उत्साहित नीतांशी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की है। इस पोस्ट में नितांशी ने लिखा, 'मैंने कान्स में रेड कार्पेट पर वॉक किया। यह कहना अभी भी एक सपना लगता है। इस मंच पर भारतीय सिनेमा का प्रतिनिधित्व करना एक सम्मान है, जिसे मैं हमेशा संभालकर रखूंगी। मेरे परिवार, मेरी टीम, मेरे दर्शकों को - मुझे प्यार करने, मेरा मार्गदर्शन करने और मेरे साथ खड़े रहने के लिए धन्यवाद। यह सिर्फ मेरा पल नहीं है, यह हमारा है।'

### ब्लैक गाउन में बिखेरा जलवा

नितांशी गोयल कान में फिल्म डोजियर 137 की स्क्रीनिंग के लिए पहुंची थीं। कान के अपने डेब्यू में नितांशी मोनिका और करिश्मा के डिजाइन किए हुए ब्लैक कलर के ऑफ शोल्डर गाउन में नजर आईं। जिसमें भारी गोल्डन एम्ब्रॉइडरी थी। कान के लिए उन्हें श्रे और ऊर्जा ने स्टाइल किया था। नितांशी ने अपने लुक को चोकर नेकलेस, स्टड ईयरिंग्स और एक सटल हेयरस्टाइल के साथ बेहद खूबसूरती से कंप्लीट किया।

### बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्रियों को दिया ट्रिब्यूट

नितांशी के रेड कार्पेट लुक के अलावा उनका ट्रेडिशनल इंडियन लुक भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। उन्होंने आइवरी साड़ी पहनकर इंडियन सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्रियों को ट्रिब्यूट दिया। दरअसल, एक्ट्रेस ने अपने बालों में एक खूबसूरत हेयर एक्सेसरी लगा रखी थी। जिसमें मोतियों की माला लगी हुई थी और इसमें छोटे-छोटे फ्रेम लगे हुए थे। इन फ्रेम में मधुबाला, रेखा, श्रीदेवी, वैजयंती माला, हेमा मालिनी, वहीदा रहमान और नूतन जैसी मशहूर बॉलीवुड अभिनेत्रियों की तस्वीरें लगी हुई थीं। नितांशी का यह लुक काफी वायरल हुआ और लोगों ने इसे खूब पसंद किया।



## रॉबर्ट ने अनुपम खेर को किया किस

हॉलीवुड के दिग्गज स्टार रॉबर्ट डी नीरो को कान्स फिल्म फेस्टिवल में पाम डी'ओर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इसे लेकर बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर ने उन्हें बधाई देते हुए एक्टिंग का गॉडफादर बताया था और अपना दोस्त भी कहा था। अब कान्स में अनुपम खेर की मुलाकात रॉबर्ट से हुई है, जिसका एक शानदार वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में हॉलीवुड एक्टर अनुपम खेर को गाल पर चूमते हुए दिखाई दे रहे हैं। बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वह हॉलीवुड सुपरस्टार रॉबर्ट डी नीरो से मिलते हुए दिख रहे हैं। इस वीडियो में उन्होंने कहा कि वह रॉबर्ट से मिलकर बहुत खुश हैं और वह बहुत सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें उनके जैसा दोस्त मिला। इसके अलावा अभिनेता ने कहा कि कुछ रिश्ते ऐसे होते हैं कि वो जब भी मिलते हैं तो उसी गर्मजोशी से शुरू होते हैं, जैसे पिछली बार मिले थे। इतना कहने के दौरान अनुपम खेर, रॉबर्ट से गले मिलते हैं और रॉबर्ट उन्हें एक प्यारा सा किस गाल पर करते हैं। अनुपम खेर ने यह वीडियो पोस्ट करते हुए कैप्शन में लिखा कि उनका कान के दौरान सबसे महान अभिनेता से गले मिलना हुआ। इसके आगे अभिनेता ने कहा, 'कान में अपने दोस्त रॉबर्ट डी नीरो, उनकी पत्नी टिफनी और उनकी खूबसूरत बेटी जिया से मिलना सबसे अद्भुत एहसास था। उनके प्यार और स्नेह ने मेर दिल को छू लिया। कान फिल्म फेस्टिवल के उद्घाटन पर सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार पाम डी'ओर पुरस्कार जीतने के लिए उन्हें बधाई।'

## आखिर क्या है कान्स फिल्म फेस्टिवल, कब शुरू हुआ और क्या है इसका इतिहास

*दुनिया का सबसे प्रतिष्ठित फिल्म समारोह 'कान्स फिल्म फेस्टिवल' है। कान्स फिल्म फेस्टिवल का आयोजन हर साल फ्रांस के कान में किया जाता है। प्रतिष्ठित 78वां कान फिल्म महोत्सव 13 मई से 24 मई तक आयोजित किया जा रहा है। यह फेस्टिवल पूरे 12 दिनों तक चलेगा, जिसमें कुछ ग्रैंड फिल्म स्क्रीनिंग की जाएगी।*



### किसने शुरू किया और क्यों?

कान्स फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत फ्रांस सरकार और फ्रांसीसी सिनेमा उद्योग ने मिलकर की थी। इसका मुख्य उद्देश्य विश्व सिनेमा को बढ़ावा देना, नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और विभिन्न देशों की संस्कृतियों को फिल्मों के माध्यम से एक-दूसरे के करीब लाना था। उस समय, इटली में वेनिस फिल्म फेस्टिवल बहुत लोकप्रिय था, लेकिन फ्रांस ने एक ऐसा समारोह शुरू करना चाहा, जो कला और स्वतंत्र सिनेमा को प्राथमिकता दे। इस तरह, कान्स फिल्म फेस्टिवल की नींव रखी गई।

**कहां होता है:** कान्स फिल्म फेस्टिवल न केवल सिनेमा का उत्सव है, बल्कि यह कला, संस्कृति और रचनात्मकता का एक अनूठा संगम है, जो हर साल दुनिया भर के लोगों को प्रेरित करता है। कान्स, हर साल फ्रांस के खूबसूरत शहर कान में आयोजित किया जाता है। यह फेस्टिवल फिल्म निर्माताओं, अभिनेताओं, निर्देशकों और सिनेमा प्रेमियों के लिए एक ऐसा मंच है, जहां नई और रचनात्मक फिल्मों को प्रदर्शित किया जाता है।

**कब हुआ शुरू - कान फिल्म फेस्टिवल? :** कान्स फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत साल 1946 से हुई थी। पहला समारोह 20 सितंबर से 5 अक्टूबर 1946 तक आयोजित किया गया था। हालांकि, इसे 1939 में शुरू करने की योजना थी, लेकिन द्वितीय विश्व युद्ध के कारण इसे स्थगित करना पड़ा था।

### हर साल कान में होता है यह भव्य फिल्म फेस्टिवल?

कान्स फिल्म फेस्टिवल हर साल मई महीने में आयोजित किया जाता है, जो लगभग 10-12 दिनों तक चलता है। इसका उद्देश्य नई फिल्मों को दुनिया के सामने लाना। फेस्टिवल में विश्व भर की बेहतरीन फिल्में दिखाई जाती हैं, जिनमें से कई को पुरस्कार मिलते हैं, जैसे 'पाम डी'ओर', जो सबसे बड़ा पुरस्कार है। एक तरह से कहा जाए तो सिनेमा की कला को सम्मान देना और समारोह में रचनात्मकता, कहानी कहने की कला और सिनेमाई तकनीकों को बढ़ावा देना होता है।

## कान्स फिल्म फेस्टिवल में भारत पवेलियन का उद्घाटन

गुरुवार को 78वें कान फिल्म महोत्सव में भारत पवेलियन का आधिकारिक उद्घाटन किया गया। यह भारत के बढ़ते वैश्विक सिनेमा की ओर एक और महत्वपूर्ण कदम है। उद्घाटन के दौरान फिल्म निर्माता और इफ्फी और एनएफडीसी के निदेशक शेखर कपूर मौजूद रहें। उनके साथ अनुपम खेर और राजदूत और राजनयिक संबंधों के लिए विशेष प्रतिनिधि ऐनी-लुईस मेसाडियू भी शामिल हुए।

### अनुपम खेर ने साझा किए विचार

दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने एक विशेष संबोधन दिया, जिसमें भारतीय सिनेमा के सफर और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने के अपने व्यक्तिगत अनुभवों को साझा किया। अभिनेता ने कहा, 'मैं अपने देश से आठ साल छोटा हूं और हम साथ-साथ बड़े हुए हैं। हमने वाकई बहुत अच्छा किया है। यह मेरा कान में पहला मौका है।

### आस्था गिल ने 'सारे जहां से अच्छा' गाकर किया भावविभोर



**आस्था गिल ने गाया 'सारे जहां से अच्छा':** इस अवसर पर मशहूर भारतीय गायिका आस्था गिल ने 'सारे जहां से अच्छा' गाकर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। मंच पर मार्सिले में भारत के महावाणिज्य दूतावास के रूपज्योति ब्रह्म कारजी भी मौजूद थे, जिनका सहयोग भारत-फ्रांस सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देने में सहायक रहा है।

### ऐनी-लुईस मेसाडियू ने किया स्वागत

इस दौरान अपने संबोधन में ऐनी-लुईस मेसाडियू ने कान में भारत पवेलियन का स्वागत किया। उन्होंने भारत के सिनेमाई इतिहास और सीमाओं से परे कहानियां कहने की क्षमता की प्रशंसा की। वहीं, अपने उद्घाटन भाषण में शेखर कपूर ने सिनेमा की परिवर्तनकारी शक्ति और विश्व मंच पर एक रचनात्मक शक्ति के रूप में भारत की उभरती भूमिका पर प्रकाश डाला।

### इफ्फी 2025 का ट्रेलर हुआ लॉन्च

समारोह में 'इफ्फी 2025' का पोस्टर और ट्रेलर का लॉन्च किया गया। एनएफडीसी इंडिया के फिल्म प्रमोशन के महाप्रबंधक गौतम भनोट ने कहा, 'इफ्फी का नया पोस्टर 'कन्वर्जेंस ऑफ क्रिएटिविटी एंड टेक्नोलॉजी' का प्रतिबिंब है। भारत प्रौद्योगिकी को अपनाने और वैश्विक सामग्री निर्माण क्षेत्र में एक प्रमुख भूमिका निभाने के लिए तैयार है।'



# वो सिर्फ ग्लैमर देखते हैं, मेहनत नहीं

**मुंबई।** हाल ही में 'द भूतनी' में नजर आईं अभिनेत्री मौनी रॉय अपने लुक में बदलाव करने और प्लास्टिक सर्जरी कराने को लेकर ट्रोलर्स के निशाने पर हैं। लोगों का कहना है कि मौनी ने प्लास्टिक सर्जरी कराई है और इसी वजह से अब वो ट्रोलर्स के निशाने पर आ गई हैं। अब ट्रोलिंग और अपने लुक में बदलाव पर मौनी रॉय ने बात करते हुए प्रतिक्रिया दी है। मौनी रॉय ने सोशल मीडिया पर होने वाली ट्रोलिंग को लेकर प्रतिक्रिया दी। अभिनेत्री ने कहा, 'अब यह सब मुझे परेशान नहीं करता। मैं पहले उन्हें ब्लॉक कर देती थी। वे कितनी दयनीय जिंदगी जी रहे हैं। अगर इससे उनको खुशी मिलती है, तो ऐसा ही करें। इससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता।' मौनी ने आगे कहा, 'जब कोई कैरेक्टर को लेकर गलत बोलता है, तो कभी-कभी मुझे बुरा लगता है। लेकिन, बाकी नहीं। वो केवल ग्लैमर देखते हैं, मेहनत नहीं।



# अनन्या पांडे ने करवाई हिप्स की सर्जरी?

**मुंबई।** अनन्या पांडे बॉलीवुड में अपनी जगह बना चुकी हैं। जब वह फिल्मों में आईं तो उनकी कई वजहों से ट्रोलिंग हुई। उन्हें नेपोकिड कहा गया तो बॉडीशेम भी किया गया। अब उन्होंने कहा कि जब वह पतली थीं तो मजाक उड़ाया जाता था। अब उम्र बढ़ने के साथ शरीर भर रहा है तो भी लोग बोलते हैं कि सर्जरी करवाई है। अनन्या पांडे बोलीं, 'जब मैं फिल्मों में आई तो 18 या 19 साल की थी, मैं बहुत पतली थी। हर कोई मेरा मजाक उड़ाता था। लोग बोलते थे, 'तुम्हारे पैर मुर्गे जैसे हैं। तुम माचिस की तीली लगती हो। तुम्हारे ब्रेस्ट्स नहीं हैं, तुम्हारे हिप्स नहीं हैं।' तो पहले ये सब था।' अनन्या आगे बोलीं, 'अब मैं नैचुरली बढ़ रही हूं, मेरा शरीर भर रहा है तो लोग ये सब बोल रहे हैं, 'हो ही नहीं सकता, उसने तो अपने बट्स की सर्जरी करवाई है।

# राजू और श्याम तो रहेंगे पर बदल जाएंगे 'बाबू भैया'!



**मुंबई।** बॉलीवुड की सबसे आइकॉनिक कॉमेडी फिल्मों में से एक 'हेरा फेरी' का तीसरा भाग लंबे समय से सुर्खियों में बना हुआ है। फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि कब राजू, श्याम और बाबू भैया की तिकड़ी एक बार फिर बड़े पर्दे पर धमाल मचाएगी। लेकिन अब फैंस को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, रिपोर्ट्स की मानें तो अभिनेता परेश रावल ने फिल्म 'हेरा फेरी 3' को छोड़ दिया है। जी हां, एक्टर अब अपने फेमस किरदार बाबूराव के रूप में फैंस को एंटरटेन करते हुए नजर नहीं आएंगे। इस खबर के सामने आते ही फैंस हैरान रह गए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक परेश रावल ने क्रिएटिव मतभेदों के चलते फिल्म को अलविदा कहा है। वो फिल्म की स्क्रिप्ट से खुश नहीं थे इसलिए उन्होंने फिल्म को छोड़ना ही बेहतर समझा। रिपोर्ट की मानें तो परेश रावल इस सीक्वल को लेकर काफी असमंजस में थे और अंत में उन्होंने इससे हटने का फैसला ले लिया। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो एक्टर ने फिल्म के लिए मुहुर्त शॉट भी पूरा कर लिया था। लेकिन कुछ समय पहले दिए गए एक इंटरव्यू में परेश रावल ने साफ कहा था कि वह इस सीक्वल से खुद को जोड़कर खुश नहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि यह किरदार अब उनके लिए एक बोझ जैसा हो गया है और वह सिर्फ इसलिए इस फिल्म को कर रहे थे ताकि प्रोजेक्ट अटका न रह जाए। हालांकि, फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े कुछ सूत्रों का मानना है कि जैसे 2022 में अक्षय कुमार के फिल्म से बाहर होने के बाद उनकी वापसी हुई थी, वैसे ही परेश रावल भी आखिरी वक्त पर वापसी कर सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक अब भी अगर बातचीत सही दिशा में जाती है, तो परेश को मनाया जा सकता है।

## टीवी मसाला



# 'बड़े अच्छे लगते हैं' में अपर्णा दीक्षित बनेंगी विलेन

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया में एक बार फिर हलचल मचने वाली है, क्योंकि एकता कपूर का चर्चित शो 'बड़े अच्छे लगते हैं नया सीजन जल्द ही लौट रहा है। आईपीएल खत्म होते ही ये रोमांटिक ड्रामा छोटे पर्दे पर धमाकेदार वापसी करेगा। इस बार शो में एक नहीं, बल्कि कई ट्विस्ट्स और टर्न्स होंगे, जो लोगों को बांधे रखेंगे। शो की सबसे बड़ी हाईलाइट है हर्षद चोपड़ा और शिवांगी जोशी की फ्रेश जोड़ी, जिसे देखने के लिए फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। दोनों ही टीवी इंडस्ट्री के बड़े नाम हैं और पहली बार एक साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। इस नई जोड़ी से रोमांस और इमोशन्स की डबल डोज मिलने वाली है। शो में तड़का लगाने आ रही हैं एक्ट्रेस अपर्णा दीक्षित, जो इस बार नेगेटिव रोल प्ले कर सकती हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने शो साइन कर लिया है और जल्द ही शूटिंग शुरू करने वाली हैं। हालांकि अभी तक उन्होंने इस बारे में कोई ऑफिशियल बयान नहीं दिया है। गौरतलब है कि अपर्णा इससे पहले 'पवित्र रिश्ता' में एकता कपूर के साथ काम कर चुकी हैं। अपर्णा दीक्षित के अलावा इस सीजन में और भी कई नए चेहरे नजर आएंगे, जिनमें शामिल हैं- ऋषि देशमुख, दिव्यांगना जैन, नितिन भाटिया, रोहित चौधरी,मानसी श्रीवास्तव,गौरव एस बजाज,खुशबू ठक्कर, ज्योति नेगी,पंकज भाटिया और आरुषि हांडा। इन सभी सितारों के साथ 'बड़े अच्छे लगते हैं' का ये नया चैप्टर पहले से भी ज्यादा ग्रिपिंग और ड्रामाटिक होने वाला है। शो को जून 2025 में लॉन्च किया जाना है। एकता कपूर का ये नया सीजन पुराने फॉर्मेट को मॉडर्न ट्विस्ट के साथ पेश करेगा।

# 'वन' का फर्स्ट लुक देख दंग रह गए फैंस

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में एक नई तरह की थ्रिलर फिल्म एंट्री करने जा रही है- नाम है !वनः वन की शक्ति।' जहां आमतौर पर लव स्टोरी या ऐक्शन देखने को मिलता है, वहीं, अब लोगों को मिलेगी एक जंगल की गूंज, जिसकी कहानी पर्दे पर धड़कनों को तेज कर देगी। इस फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया पहली बार साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। बालाजी मोशन पिक्चर्स और एकता कपूर के प्रोडक्शन में बनी '**Vvan: The Force of the Forest**' अब 15 मई 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस डेट का खुलासा फिल्म के सस्पेंस से भरे पोस्टर के साथ किया गया है। पोस्टर में लिखा है – 'जंगल फुसफुसा रहा है अब बल का प्रदर्शन होगा। यानी तैयार हो जाइए एक ऐसे थ्रिलर के लिए, जो जंगल की दुनिया में आपको ले जाएगा। फिल्म को डायरेक्ट अरुणाभ कुमार और दीपिक मिश्रा ने किया है। 'वन' में सिद्धार्थ मल्होत्रा एक पावरफुल लेकिन अनजाने किरदार में नजर आने वाले हैं, वहीं तमन्ना भाटिया का किरदार भी बहुत ही दिलचस्प और साहसी है। टीजर में तमन्ना को नंगे पांव, हाथ में जलती मशाल लिए जंगल की ओर दौड़ते दिखाया गया है। ये सीन ही लोगों को फिल्म की इंटेंसिटी का एहसास करा देता है। फिल्म का कॉन्सेप्ट एकदम नया है। जंगल, रहस्य, शक्ति और रोमांच के इर्द-गिर्द बुनी गई इस कहानी को लेकर फैंस में जबरदस्त एक्साइटमेंट है। 'वन' सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक एक्सपीरियंस बनने जा रही है। मेकर्स ने हाल ही में तमन्ना भाटिया का एक टीजर भी शेयर किया था, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है। उनके किरदार की झलक ने ये साफ कर दिया है कि वो फिल्म में केवल ग्लैमर नहीं, बल्कि एक शानदार रोल प्ले कर रही हैं।



'टायॅलेट एक प्रेम कथा' में उत्तर प्रदेश के एक छोटे से नंदगांव की कहानी को दिखाया

# इन फिल्मों में दिखी छोटे शहरों की झलक, कहानी का बने अहम हिस्सा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जल्द ही राजकुमार राव की फिल्म 'भूल चूक माफ' रिलीज होगी। इस फिल्म की कहानी वाराणसी के एक प्रेमी जोड़े की है। फिल्म जरूर टाइम लूप पर है लेकिन इस कहानी के साथ वाराणसी शहर की खूबसूरत झलक भी दर्शकों को देखने को मिलेगी। 'भूल चूक माफ' के अलावा भी कई फिल्में बनी हैं, जिनमें छोटे शहरों की झलक मिली और ये कहानी का अहम हिस्सा भी बने।

### बरेली की बर्फी

अश्विनी अय्यर तिवारी ने फिल्म 'बरेली की बर्फी (2017)' निर्देशित की थी। फिल्म की कहानी बरेली की एक लड़की बिट्टी मिश्रा (कृति सेनन) की थी। इस फिल्म में राजकुमार राव और आयुष्मान खुराना भी नजर आए। इस कहानी में बरेली शहर, वहां की भाषा और लोगों का मस्तमौला मिजाज नजर आया।

### तनु वेड्स मनु

कंगना रनौत स्टारर फिल्म 'तनु वेड्स मनु(2011)' में भी कानपुर का रंग-ढंग दिखा। फिल्म को आनंद एल रॉय ने निर्देशित किया था। निर्देशक ने फिल्म की कहानी को कानपुर शहर के साथ बड़ी की शानदार ढंग से दिखाया था। इस फिल्म में आर माधवन, जिम्मी शेरगिल जैसे एक्टर्स भी अहम किरदार में नजर आए।

### दम लगा के हइशा

आयुष्मान खुराना और भूमि पेडनेकर स्टारर फिल्म 'दम लगा के हइशा(2015)' में 1995 के हरिद्वार को दिखाया गया था। हरिद्वार के घाट, गंगा जी और 90 के दशक का रंग-ढंग इस फिल्म में नजर आया। उस दौर के गाने भी इस फिल्म में सुनने को मिले। इस फिल्म को शरत कटारिया ने निर्देशित किया था।





### टॉयलेट एक प्रेम कथा

अक्षय कुमार स्टारर फिल्म 'टायॅलेट एक प्रेम कथा(2017)' में तो उत्तर प्रदेश के एक छोटे से नंदगांव की कहानी को दिखाया गया। फिल्म की कहानी का मकसद गांव-देहातों में खुले में शौच की आदत में सुधार लाना था। श्री नारायण सिंह द्वारा निर्देशित इस फिल्म में भूमि पेडनेकर ने अक्षय कुमार के किरदार की पत्नी का रोल किया था।

### जॉली एलएलबी 2

अक्षय कुमार स्टारर फिल्म 'जॉली एलएलबी 2(2017)' में लखनऊ शहर, वहां की कोर्ट-कचहरी दर्शकों को देखने को मिली। सुभाष कपूर निर्देशित इस फिल्म में अक्षय ने एक वकील का किरदार किया, हुमा कुरैशी पुष्पा पांडे के रोल में नजर आईं।



### इन फिल्मों में भी दिखीं अलग-अलग शहरों की झलक

- फिल्म 'उड़ान (2010)' में भी जमशेदपुर दिखाया गया है। फिल्म को विक्रमादित्य मोटवानी ने निर्देशित किया था। इस फिल्म में रोनित रॉय, राम कपूर जैसे कलाकार नजर आए।
- साल 2013 में रिलीज हुई आनंद एल रॉय निर्देशित फिल्म 'रांझणा' में भी वाराणसी शहर कहानी का अहम हिस्सा था। फिल्म में लीड रोल में सोनम कपूर और धनुष नजर आए।
- मसान (2015) फिल्म में भी वाराणसी शहर के रहने वाले कुछ लोगों की दिल को छू लेने वाली कहानियां दिखीं। इस फिल्म को नीरज घेवान ने निर्देशित किया था।
- शुद्ध देसी रोमांस (2013) में भी जयपुर शहर के खूबसूरत रंग नजर आए। इस फिल्म में लीड रोल में सुशांत सिंह राजपूत, परिणीति चोपड़ा और वाणी कपूर नजर आए। इसी तरह 'केदारनाथ' फिल्म में केदारनाथ धाम की झलक मिलीं।

## पेज एक का शेष

### 'ऑपरेशन सिंदूर तो सिर्फ...

**भुज वायु स्टेशन का रणनीतिक महत्व :** वायुसेना के देश में करीब 60 से अधिक वायु स्टेशन हैं। इनमें भुज की खासी रणनीतिक अहमियत है। क्योंकि ये न केवल गुजरात में पाकिस्तान से लगी सीमा से करीब स्थित है। बल्कि इससे पाकिस्तान के आर्थिक केंद्र कराची की दूरी महज 140 किलोमीटर है। वायुसेना के जंगी विमानों के लिए इतनी दूरी कोई मायने नहीं रखती है। वर्तमान में यहां पर जगुआर लड़ाकू विमान तैनात हैं। भुज स्टेशन ने पाकिस्तान के साथ हुई 1965 और 1971 की दो युद्धों में भी अहम निभाई थी। खासकर 1971 की लड़ाई में पाक ने भारी बमबारी कर इसके रनवे को नष्ट कर दिया था। वायुसेना, बीएसएफ के पास रनवे बनाने को पर्याप्त जवान नहीं थे। लेकिन एयरबेस के कमांडर रहे स्क्वॉड्रन लीडर विजय कुमार कार्णिक ने भुज के पास माधवपुर गांव की 300 महिलाओं की मदद लेकर महज 72 घंटे में रनवे को फिर से बना दिया। ताकि वायुसेना के लड़ाकू विमान वहां से उड़ान भर सकें। 2001 के भूकंप में भी भुज वायु स्टेशन देश, दुनिया से आने वाली राहत सामग्री के लिए नोडल केंद्र बनाया गया था।

### आतंकी ढांचा बनाने में...

वित्तपोषण नहीं माना जाएगा? पाकिस्तान को दी जानी वाली कोई भी वित्तीय सहायता आतंकी वित्तपोषण से कम नहीं है। भारत द्वारा आईएमएफ को दी जाने वाली धनराशि का उपयोग प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पाकिस्तान या किसी अन्य देश में आतंकी ढांचा बनाने के लिए नहीं किया जाना चाहिए।

### सीमा पार किए बिना...

की संज्ञा दी। साथ ही ब्रह्मोस से लेकर डीआरडीओ के आकाश और रडार सिस्टम की प्रशंसा की।

### ओपी चौटाला की राजनैतिक...

राजनैतिक विरासत पर यह कहकर दावा ठोका कि अब उनकी पार्टी भी चौटाला साहब की तस्वीर अपने बैनर-पोस्टर पर लगायेगी। उन्होंने कहा कि हमने चौधरी ओम प्रकाश चौटाला से राजनीति सीखी, स्वर्गीय ओमप्रकाश चौटाला हम सभी के आदर्श हैं। इस बार के विधानसभा चुनाव में एक भी सीट नहीं जीत पाने के बाद प्रदेश की राजनीति में हाशिये पर पहुंची जेजेपी के सामने एक बार फिर से प्रदेश में अपनी खोई हुई राजनैतिक जमीन हासिल करने की चुनौती है। जेजेपी के अध्यक्ष अजय चौटाला जानते हैं कि भाजपा और कांग्रेस की सूबे में तगड़ी पकड़ और इनेलो के इस बार दो सीटें जीतने के बाद उनकी पार्टी की राह आसान नहीं है। ऐसे में जेजेपी के भीतर यह विचार पनपा है कि चौधरी ओम प्रकाश चौटाला के नाम का सहारा लिया जाए। हालांकि निधन होने तक ओम प्रकाश चौटाला इंडियन नेशनल लोकदल के वरिष्ठतम नेता थे। इनेलो अध्यक्ष अभय चौटाला कई बार सार्वजनिक तौर पर कह चुके हैं कि चौटाला साहब की राजनैतिक और पारिवारिक विरासत पर सिर्फ मेरा ही हक है। ऐसे में अजय चौटाला के जेजेपी के बैनर-पोस्टर पर चौटाला साहब की तस्वीर लगाने के बयान पर अभय की तरफ से आक्रामक प्रतिक्रिया आनी तय थी और हुआ भी ऐसा ही। अभय चौटाला मीडिया को दिए बयान में बोले कि अगर वे (जेजेपी) चौ. ओम प्रकाश चौटाला का पोस्टर लगाएंगे तो मेरे पांव में जूत आता है। माना जा रहा है कि अगर जेजेपी चौटाला साहब की तस्वीर पोस्टर पर लगाती है तो चौधरी ओमप्रकाश चौटाला के दोनों बेटो के बीच यह वाकयुद्ध आने वाले समय में सड़क की लड़ाई बन सकता है, फिलहाल दोनों नेताओं ने अपना रूख साफ कर दिया है। गौरतलब है कि कुछ साल पहले अजय चौटाला ने इनेलो से नाता तोड़कर अपनी अलग पार्टी जननायक जनता पार्टी बना ली थी। अभी तक जेजेपी ने अपने बैनर-पोस्टर पर चौटाला साहब की तस्वीर नहीं लगाई है।

### मोदी सरकार की नई पहल...

आंकड़ा सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी पहले मासिक श्रम बल सर्वेक्षण से लिया गया है। यह पहली बार है जब भारत सरकार ने मासिक आधार पर बेरोजगारी के आंकड़े जारी किए हैं, जो देश में रोजगार की स्थिति को और अधिक पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से समझने में मदद करेगा।

**पुरुषों में बेरोजगारी दर 5.2 और महिलाओं में 5 फीसदी :** केंद्र सरकार के आंकड़े इस बात की गवाही दे रहे हैं कि पुरुषों में बेरोजगारी दर 5.2 फीसदी रही, जबकि महिलाओं में यह 5 फीसदी दर्ज की गई। यह आंकड़ा वर्तमान साप्ताहिक स्थिति के आधार पर एकत्र किया गया है, जिसमें 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों को शामिल किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर 4.5 फीसदी थी, जो शहरी क्षेत्रों की तुलना में कम है। शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर 6.5 फीसदी रही, जो शहरी केंद्रों में रोजगार की चुनौतियों को दर्शाती है। कुछ अन्य स्त्रोतों के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर 17.2 फीसदी और ग्रामीण क्षेत्रों में 12.3 फीसदी थी, जो युवा आबादी (15-29 वर्ष) के लिए विशेष रूप से अधिक थी।

**3 लाख 80 हजार 838 व्यक्तियों पर किया गया सर्वे :** सूत्रों ने बताया कि सर्वेक्षण सैंपल में कुल 3 लाख 80 हजार 838 व्यक्तियों को शामिल किया गया। यह डेटा वास्तविक समय में रोजगार और बेरोजगारी की स्थिति को समझने के लिए एकत्र किया गया, जिससे नीति निर्माताओं को त्वरित और सटीक जानकारी मिल सके। देश में पहली बार मासिक आधार पर बेरोजगारी के आंकड़े जारी किए गए हैं। पहले ये आंकड़े त्रैमासिक या वार्षिक आधार पर जारी होते थे। मासिक डेटा नीति निर्माण में तेजी लाएगा और रोजगार योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाएगा। कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार, संगठित क्षेत्र में वेतन में 6% तक की वृद्धि दर्ज की गई, जो रोजगार की गुणवत्ता में सुधार का संकेत देता है। महिलाओं की श्रम बल भागीदारी दर में भी सुधार देखा गया, हालांकि युवा महिलाओं में बेरोजगारी अभी भी एक चुनौती बनी हुई है। यह डेटा सरकार को रोजगार सृजन और कौशल विकास कार्यक्रमों को और बेहतर बनाने में मदद करेगा।

### मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री...

पराक्रम के आगे ये पूरा देश नतमस्तक है। हमारी सेना सरहद से लेकर इस देश की भूभागीय अखंडता की रक्षा करती है हम सबको सुरक्षित रखती है। और हर बार बार भी जब देश पर संकट आया, इस बार भी जब पहलगाम का आतंकी हमला हुआ तो हमारी सेना ने दुश्मन को धूल चटाने का काम किया है। इस बार भी सेना ने आक्रामक कार्रवाई करके पाकिस्तान को नाकों चने चना दिए, पाकिस्तान में पनप रहे आतंकी कैंपों को नेस्तोनाबूद करने का काम किया है।" उन्होंने जोर देकर कहा कि मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री ने उस भारतीय सेना के लिए अपमानजनक टिप्पणी की जिसके लिए हर भारतीय के मन में असीम सम्मान और आदर है, जिसके प्रति हर भारतीय कृतज्ञ है उसका इतना तिरस्कार और इतना अपमान इससे पहले कभी नहीं हुआ है।

**ऐसे व्यक्ति का पद पर बने रहने का हक नहीं :** सुप्रिया ने कहा, जो सेना रेगिस्तान के तपते तापमान से सियाचिन की हाड़कँपती ठंड में खड़ा हो कर हमारी रक्षा करता है - उस सेना के लिये जिस व्यक्ति के मन में इतनी गंदी भावना है, इतनी सड़ी हुईं सोच है उस व्यक्ति को अपने पद पर बने रहने का एक मिनट का भी हक नहीं है। कांग्रेस नेता ने कहा, इस बार माफ़ी और खेद व्यक्त करने से काम नहीं चलेगा, इस बार तो भाजपा को और ख़ुद नरेंद्र मोदी को इस उपमुख्यमंत्री को बर्खास्त करना पड़ेगा। वरना यह क्यों ना माना जाये कि सेना के इस अपमान की, अपने चरणों में नतमस्तक होने की स्वीकृति ख़ुद मोदी जी ने दी है! अब संरक्षण नहीं दिया जा सकता।

### हाईकोर्ट ने पुलिस को ...

मामले में सुनवाई होगी। सुप्रिया ने कहा कि पानी सिर के ऊपर से गुज़र गया है। एक कृतज्ञ राष्ट्र अपनी सेना के सम्मान पर ठेस पहुँचते देख मूक दर्शक नहीं बना रह सकता है। अगर पीएम नरेंद्र मोदी के मन में इस देश के लिए, हमारी निर्भीक सेना के लिए लेशमात्र भी इज़्ज़त है तो तत्काल जगदीश देवड़ा और विजय शाह को बर्खास्त करके नज़ीर बनायें, वरना इसको आपकी मौन स्वीकृति और संरक्षण माना जाएगा।

## खबर संक्षेप

### रांची की बेटी को फोर्ब्स अंडर-30 में मिली जगह

**रांची।** साक्षी जैन ने प्रदेश के साथ देश का नाम रोशन किया है। प्रतिष्ठित फोर्ब्स मैग्जीन की अंडर-30 एशिया सूची में शामिल की गई हैं। सोशल मीडिया, मार्केटिंग एंड एडवर्टाइजिंग कैटेगरी 2025 में उनका चयन किया गया है। साक्षी एक चार्टर्ड अकाउंटेंट व कंटेंट क्रिएटर हैं। उन्होंने बताया कि इंस्टाग्राम में 1.7 मिलियन, यूट्यूब पर 6.90 लाख व लिंकडिन पर 1.50 लाख फॉलोवर्स और सब्स्क्राइबर्स हैं।



### सपा सांसद के खिलाफ केस दर्ज करने तहरीर

**मुरादाबाद।** विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर जातिसूचक टिप्पणी करने के मामले में सपा नेता रामगोपाल यादव का विरोध तेज हो गया है। मुरादाबाद समेत अन्य जिलों में उनके खिलाफ प्रदर्शन किया गया। विहिप ने सपा नेता के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सिविल लाइंस थाने में कार्रवाई के लिए तहरीर दी है। विहिप के केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य राजकमल गुप्ता ने सिविल लाइंस थाने में तहरीर सौंपी है।



### 75 और उत्पादों को जीआई टैग दिलाने की तैयारी

# यूपी को 152 जीआई टैग उत्पादों वाला देश का पहला राज्य बनाएगी योगी सरकार

जीआई टैग उस खास पहचान को कहते हैं जो किसी क्षेत्र के पारंपरिक उत्पाद को दी जाती है। जैसे बनारसी साड़ी, गोरखपुर का टेराकोटा, कन्नौज का इत्र, मऊ का सिल्क, लखनऊ की चिकनकारी आदि।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में उत्तर प्रदेश अब जियोग्राफिकल इंडिकेशन (जीआई) टैग वाले उत्पादों के मामले में नया कीर्तिमान रचने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। फिलहाल प्रदेश में 77 उत्पादों को जीआई टैग मिल चुका है, लेकिन अब सरकार की योजना है कि इस संख्या को 2025-26 तक 152 तक पहुंचा दिया जाए। यानी, उत्तर प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य बनने जा रहा है जिसके पास 150 से ज्यादा जीआई टैग होंगे। एमएसएमई विभाग द्वारा तैयार की गई कार्ययोजना के तहत 75 नए उत्पादों को जीआई टैग दिलाने का लक्ष्य तय किया गया है। इनमें से 25 उत्पादों के लिए आवेदन जीआई रजिस्ट्री (चेन्नई) में जमा किया जा रहा है। जैसे ही यह प्रक्रिया पूरी होगी प्रदेश के जीआई टैग उत्पादों की संख्या 100 से ऊपर पहुंच जाएगी।

*प्रदेश में 77 उत्पादों को जीआई टैग मिल चुका है*

*उद्यमियों को विशेष प्रशिक्षण और पहचान दी जाएगी*

### उद्यमियों को मिलेगा ऑथोराइज्ड यूजर का दर्जा



सरकार का जोर अब सिर्फ जीआई टैग की संख्या बढ़ाने पर नहीं, बल्कि इससे जुड़े लोगों को ऑथोराइज्ड यूजर के तौर पर पहचान देने पर भी है। इसके लिए अधिक से अधिक उद्यमियों को जोड़ा जाएगा, जिन्हें विशेष प्रशिक्षण और पहचान दी जाएगी ताकि वे अपने उत्पादों की ब्रांडिंग और बिक्री कर सकें।

#### ह्यूमन वेलफेयर एसोसिएशन से होगा एमओयू

एमएसएमई विभाग जल्द ही जीआई टैग उत्पादों को बढ़ावा देने वाली संस्था ह्यूमन वेलफेयर एसोसिएशन के साथ एमओयू करने जा रहा है। इससे जीआई टैग की प्रक्रिया और मजबूत होगी और उत्पादों की नकल या गलत इस्तेमाल पर रोक लगेगी। इस योजना से न केवल स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को फायदा होगा बल्कि प्रदेश में रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। साथ ही पारंपरिक उत्पादों और ग्रामीण हस्तशिल्प को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय बाजार में नई पहचान मिलेगी।

### यूपी में मिलेंगी वर्ल्ड क्लास मेडिकल सुविधाएं, हर जिले में बनेगा बड़ा अस्पताल

सीएम योगी आदित्यनाथ अब यूपी में इलाज की तस्वीर बदलने जा रहे हैं। सरकारी अस्पतालों में अब लोगों को बड़ी बीमारियों का इलाज पास में ही मिलेगा, इसके लिए सरकार एक नई स्वास्थ्य नीति लेकर आ रही है, जो अगले पांच साल तक लागू रहेगी। खास बात यह है कि सरकार अब इस सेक्टर में निजी निवेश को बढ़ावा दे रही है, ताकि सुपर स्पेशियलिटी सुविधाएं गांवों और शहरों तक पहुंच सकें। मुख्यमंत्री ने हाल ही में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर इस पॉलिसी को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए हैं। इस नीति के ज़रिए सरकार ने तय किया है कि प्रदेश के हर जिले में 100 से 200 बेड वाले आधुनिक अस्पताल बनाए जाएंगे।


## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति | चलने के दिन | चलने के तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | पटना जंक्शन | 08:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04087 | पटना जंक्शन | 12:00 | नई दिल्ली | 04:40 | | | 11.07.2025 तक |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | शेखपुरा | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04063 | शेखपुरा | 07:00 | नई दिल्ली | 23:35 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जंक्शन | 22:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04065 | सहरसा जंक्शन | 23:55 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:40 | त्रि–साप्ताहिक | सोमवार, बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04082 | श्री माता वैष्णों देवी कटरा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | मंगल, गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04012 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | दरभंगा जंक्शन | 20:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04011 | दरभंगा जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 22:40 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04024 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | वाराणसी जंक्शन | 09:45 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04023 | वाराणसी जंक्शन | 18:35 | दिल्ली जंक्शन | 08:50 | | मंगल,शुक्र,रवि | 11.07.2025 तक |
| 04026 | दिल्ली जंक्शन | 23:05 | रक्सौल जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04025 | रक्सौल जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 17:45 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04018 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04017 | मुजफ्फरपुर जं | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04020 | आनंद विहार (ट) | 19:30 | बरौनी जंक्शन | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04019 | बरौनी जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04070 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | नई दिल्ली | 19:00 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04096 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | जयनगर | 12:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04095 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार (ट) | 19:55 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04098 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | सीतामढी | 02:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04097 | सीतामढी | 03:45 | आनंद विहार (ट) | 01:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04030 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | शनिवार | 17.05.2025 को |
| 04029 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | रविवार | 18.05.2025 को |
| 04094 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04093 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04207 | लखनऊ जंक्शन | 08:05 | नई दिल्ली | 17:50 | साप्ताहिक | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04208 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ जंक्शन | 06:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04213 | अयोध्या कैंट | 18:20 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | त्रि–साप्ताहिक | रवि,मंगल,गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04214 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | | सोम,बुध,शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बडगाम | 20:20 | सप्ताह में 06 दिन | शुक्रवार को छोड़कर | 03.06.2025 तक |
| 04688 | बडगाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | 03.06.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जंक्शन | 11:45 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ जंक्शन | 16:30 | वाराणसी जंक्शन | 21:50 | | | 30.06.2025 तक |
| 04219 | शाहगंज जंक्शन | 22:35 | अयोध्या धाम जंक्शन | 01:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम जंक्शन | 02:10 | शाहगंज जंक्शन | 04:40 | | | 10.07.2025 तक |
| 02270 | लखनऊ जंक्शन (वंदे भारत स्पेशल) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 06 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 11.07.2025 तक |
| 02269 | छपरा (वंदे भारत स्पेशल) | 23:00 | लखनऊ जंक्शन | 06:30 | | | 11.07.2025 तक |
| 04604 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 18:15 | वाराणसी जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04603 | वाराणसी जंक्शन | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:25 | | मंगलवार | 08.07.2025 तक |
| 04206 | वाराणसी जंक्शन | 14:50 | चंडीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 04205 | चंडीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जंक्शन | 01:20 | | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04518 | भटिंडा जंक्शन | 20:50 | वाराणसी जंक्शन | 17:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04517 | वाराणसी जंक्शन | 20:40 | भटिंडा जंक्शन | 17:00 | | मंगल, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04209 | लखनऊ जंक्शन | 20:45 | चंडीगढ़ | 07:55 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,बुध,शुक्र | 09.07.2025 तक |
| 04210 | चंडीगढ़ | 10:20 | लखनऊ जंक्शन | 21:30 | | मंगल,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04504 | चंडीगढ़ | 23:35 | पटना जंक्शन | 22:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04503 | पटना जंक्शन | 22:45 | चंडीगढ़ | 23:10 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04302 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 15.07.2025 तक |
| 04301 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 15:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 04606 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 21:30 | गुवाहाटी | 19:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04605 | गुवाहाटी | 23:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 20:45 | | सोमवार | 02.06.2025 तक |
| 04610 | जम्मू तवी | 06:20 | वाराणसी जंक्शन | 05:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 09.07.2025 तक |
| 04609 | वाराणसी जंक्शन | 09:00 | जम्मू तवी | 07:45 | | शुक्रवार | 10.07.2025 तक |
| 04304 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | गोरखपुर | 06:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04303 | गोरखपुर | 09:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04602 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 15:10 | पटना जंक्शन | 18:00 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04601 | पटना जंक्शन | 20:50 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 23:55 | | गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जंक्शन | 20:10 | दरभंगा जंक्शन | 02:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04607 | दरभंगा जंक्शन | 04:00 | अमृतसर जंक्शन | 10:30 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04212 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | लोकमान्य तिलक | 14:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 23.06.2025 तक |
| 04211 | लोकमान्य तिलक | 16:35 | सुल्तानपुर जंक्शन | 23:00 | | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 05559 | रक्सौल जंक्शन | 05:30 | उधना जंक्शन | 12:35 | साप्ताहिक | शनिवार | 17.05.25 से 26.07.25 तक |
| 05560 | उधना जंक्शन | 15:35 | रक्सौल जंक्शन | 00:15 | | रविवार | 18.05.25 से 27.07.25 तक |
| 04058 | नई दिल्ली | 19:30 | सहरसा | 19:50 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 20.05.25 से 11.07.25 तक |
| 04057 | सहरसा | 21:40 | नई दिल्ली | 23:30 | | बुध, शनि | 21.05.25 से 12.07.25 तक |
| 04072 | दिल्ली जं. | 11:00 | दरभंगा जं. | 13:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 19.05.25 से 10.07.25 तक |
| 04071 | दरभंगा जं. | 15:00 | दिल्ली जं. | 18:50 | | मंगल, शुक्र | 20.05.25 से 11.07.25 तक |
| 03255 | पटना जंक्शन | 22:20 | आनंद विहार (ट) | 18:35 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, गुरु | 02.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट) | 23:30 | पटना जंक्शन | 18:35 | | सोम, शुक्र | 03.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 08.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 17.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05306 | आनंद विहार (ट) | 22:10 | छपरा | 22:50 | | बुध, शनि | 19.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जंक्शन | 22:45 | दिल्ली जंक्शन | 12:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 06.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जंक्शन | 14:00 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01701 | जबलपुर | 19:40 | अयोध्या कैंट | 11:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01702 | अयोध्या कैंट | 13:30 | जबलपुर | 04:15 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जंक्शन | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 28.06.2025 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:30 | धनबाद जंक्शन | 14:00 | | बुध, रवि | 29.06.2025 तक |
| 02397 | गया | 14:15 | आनंद विहार (ट) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट) | 08:20 | गया | 00:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 28.07.2025 तक |
| 03697 | गया | 14:15 | दिल्ली जंक्शन | 07:45 | सप्ताह में 6 दिन | रवि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जंक्शन | 08:55 | गया | 00:30 | | सोम को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 05577 | सहरसा जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | सप्ताह में 5 दिन | गुरु, शनि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 05578 | आनंद विहार (ट) | 05:15 | सहरसा जंक्शन | 10:30 | | शनि, सोम को छोड़कर | 02.07.2025 तक |
| 02393 | राजेंद्र नगर | 20:10 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेंद्र नगर | 07:00 | | शुक्र को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 02877 | रांची | 23:55 | नई दिल्ली | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 02878 | नई दिल्ली | 04:00 | रांची | 05:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जंक्शन | 21:00 | अमृतसर जंक्शन | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 21.05.25 से 25.06.25 तक |
| 05735 | अमृतसर जंक्शन | 13:25 | कटिहार जंक्शन | 23:45 | | शुक्रवार | 23.05.25 से 27.06.25 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | वाराणसी जंक्शन | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09184 | वाराणसी जंक्शन | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03223 | राजगीर | 06:05 | हरिद्वार जंक्शन | 06:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 04324 | हरिद्वार जंक्शन | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03222 | शहीद कप्तान तुषार एम | 03:15 | राजगीर | 15:00 | | बुधवार | 02.07.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13:40 | अयोध्या धाम जंक्शन | 09:30 | साप्ताहिक | रविवार | 18.05.25 से 29.06.25 तक |
| 05741 | अयोध्या धाम जंक्शन | 11:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:30 | | सोमवार | 19.05.25 से 30.06.25 तक |
| 03311 | धनबाद जंक्शन | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जंक्शन | 09:00 | | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 05113 | छपरा | 15:45 | आनंद विहार (ट) | 14:25 | साप्ताहिक | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 05114 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | छपरा | 14:00 | | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05301 | मऊ जंक्शन | 04:00 | अंबाला कैंट | 00:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05302 | अम्बाला कैंट | 01:40 | मऊ जंक्शन | 22:00 | | शुक्रवार | 18.07.2025 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 19.05.25 से 14.07.25 तक |
| 05194 | शहीद कप्तान तुषार एम | 00:10 | छपरा | 08:00 | | बुधवार | 21.05.25 से 16.07.25 तक |
| 07363 | हुब्बल्ली जंक्शन | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्ली जंक्शन | 06:30 | | गुरुवार | 27.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09101 | वडोदरा जंक्शन | 19:00 | हरिद्वार जंक्शन | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09102 | हरिद्वार जंक्शन | 17:20 | वडोदरा जंक्शन | 11:25 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07024 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 07621 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 08:45 | हजरत निजामुद्दीन | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | 21:40 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 00:35 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जंक्शन | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जंक्शन | 21:00 | | शनि, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | दिल्ली जंक्शन | 10:00 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 09004 | दिल्ली जंक्शन | 13:05 | मुंबई सेंट्रल | 13:30 | | बुध, शनि | 28.06.2025 तक |
| 09425 | साबरमती | 17:20 | हरिद्वार जंक्शन | 17:00 | द्वि–साप्ताहिक | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जंक्शन | 21:00 | साबरमती | 22:30 | | शुक्र, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 06:35 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णों देवी कटरा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 13:55 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 01441 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 01442 | हजरत निजामुद्दीन | 22:20 | पुणे | 02:45 | | बुधवार | 28.05.2025 तक |
| 01705 | जबलपुर | 15:45 | हरिद्वार जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01706 | हरिद्वार जंक्शन | 17:40 | जबलपुर | 17:50 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 07077 | चर्लपल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | | गुरुवार | 29.05.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें

## चिंतन

# वरदान साबित होगी सड़क हादसे में कैशलैस योजना

भारत में लंबे समय से सड़क हादसे विडंबना की तरह रहे हैं। देश में हर तीन मिनट में सड़क हादसा एक जिंदगी लील लेता है। पहले तो हालात ये थे कि हादसे के बाद सड़क पर ही सफर कर रहे लोग घायल को अस्पताल तक ले जाने से डरते थे। ये भय रहता था कि कागजी कार्रवाई कौन करेगा। इन हालातों को बदलने के लिए सरकार ने भी अनेक तरह के अभियान चलाए। धीरे-धीरे जागरुकता आई और घायल तुरंत अस्पताल तो पहुंचने लगे, लेकिन यक्ष प्रश्न यह खड़ा हो गया कि शुरुआती इलाज का खर्च कौन दे। इसी के चलते हजारों लोग अस्पताल पहुंचने के बाद भी जान गंवा देते हैं। कभी अस्पताल एडवांस की डिमांड करते हैं तो कभी बीमा पॉलिसी शर्त आड़े आ जाती है। हालांकि अब ऐसा नहीं होगा। सरकार ने सड़क हादसे में घायल के 1.5 लाख तक के इलाज का जिम्मा अपने सिर ले लिया है और वह भी बिना किसी कागजी झंझट, एडवांस या इंश्योरेंस डॉक्यूमेंट के। सरकार ने बाकायदा इसके लिए 5 मई 2025 से 'कैशलेस ट्रीटमेंट स्कीम 2025' की शुरुआत की है, जो सड़क हादसों के शिकार लोगों के लिए उम्मीद की एक नई किरण बनेगी। सरकार देशभर के अनेक सरकारी और निजी अस्पतालों को इस योजना से जोड़ेगी, जिनमें हादसे के तुरंत बाद इलाज शुरू हो सकेगा और अनमोल जिंदगियां बचेंगी। इस योजना में सिर्फ शुरुआती इमरजेंसी इलाज ही नहीं, बल्कि चोट की गंभीरता के हिसाब से पूरा इलाज, ऑपरेशन, दवाइयां, जांच-पड़ताल और जरूरी मेडिकल सपोर्ट भी कवर किया जाएगा। 13 मई को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिए थे कि यह स्कीम सिर्फ कागजों में नहीं, जमीन पर भी पूरी तरह लागू होनी चाहिए। सड़क हादसों के शिकार लोगों को इलाज देना कानूनन जरूरी है। इसलिए सरकार सुनिश्चित करे कि हर जरूरतमंद को समय रहते इलाज मिले। साथ ही कोर्ट ने केंद्र से अगस्त 2025 तक यह रिपोर्ट भी मांगी है कि इस योजना से अब तक कितने लोगों को फायदा मिला है। इसके बाद सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने इस योजना का ऐलान किया। वैसे तो सरकार इसे लेकर पहले से ही सजग थी। योजना देश के सात जिलों में 14 मार्च 2024 को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू हुई थी। सरकार अपने स्तर पर देख रही थी कि योजना कितनी कारगर रहती है। अब इसे पूरे देश में लागू कर दिया गया है। इस योजना का लाभ सड़क हादसे में हर घायल व्यक्ति को मिलेगा। चाहे वह गाड़ी चला रहा हो, उसमें बैठा हो या सड़क पर पैदल जा रहा हो। बस हादसा सड़क पर हुआ हो और घायल को सरकार द्वारा तय किए गए अस्पताल में ले जाया जाए। इसके बाद इलाज करना अस्पताल का काम होगा। जब घायल को ठीक होने के बाद अस्पताल से छुट्टी मिलेगी तो अस्पताल इलाज का बिल सरकारी पोर्टल पर डालेगा। फिर राज्य की हेल्थ एजेंसी उस बिल को चेक करेगी और सही पाए जाने पर अस्पताल को भुगतान कर दिया जाएगा। लगभग वैसे ही जैसे आयुष्मान योजना के तहत भुगतान किया जाता है। वैसे भी हादसे में घायल के इलाज में दुर्घटनाओं की विस्तृत जानकारी पुलिस भी दर्ज करती है। पुलिस द्वारा दुर्घटना की सूचना, स्थान, समय, वाहन की जानकारी और घायल व्यक्ति की डिटेल को इसमें रिकॉर्ड किया जाता है। इससे दुर्घटना की रिपोर्टिंग तेज होती है और इलाज प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जा सकती है। अब बस जरूरत इस पर केंद्रित करने की है कि किसी भी तरह से सड़क हादसों में कमी लाई जा सके।



विश्लेषण
विकेश कुमार बडोला

# ट्रंप कर रहे दक्षिणपंथी सिद्धांतों को खंडित

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की दक्षिणपंथ की विश्वसनीयता संदिग्धता की परिधि में है। सन् 2016 में अपनी प्रतिद्वंद्वी हिलेरी क्लिंटन के समक्ष चुनाव प्रचार अभियानों में उन्होंने अमेरिका सहित वैश्विक वामपंथ की जड़ों पर जैसा प्रहार किया था, उस दिशा में अब दूसरी बार सत्तारूढ़ होने के बाद वे बुरी तरह उदासीन प्रतीत होते हैं। जनवरी 2025 में पुनः सत्ता प्राप्त करने के बाद अमेरिकी प्रथम के अपने राजनीतिक सिद्धांत को वे जिन साधनों, संसाधनों, विचारों और वक्तव्यों के माध्यम से सिद्ध कर रहे हैं, उससे उनका दक्षिणपंथ का पक्ष शक्तिहीन हो रहा है। ट्रंप के निर्णयों, नीतियों से स्पष्ट होता है कि वे राजनीतिक सिद्धांतों के अनुरूप नहीं, व्यापारी की मंशा से ही सत्ता चला रहे हैं।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की दक्षिणपंथ की विश्वसनीयता संदिग्धता की परिधि में है। सन् 2016 में अपनी प्रतिद्वंद्वी हिलेरी क्लिंटन के समक्ष चुनाव प्रचार अभियानों में उन्होंने अमेरिका सहित वैश्विक वामपंथ की जड़ों पर जैसा प्रहार किया था, उस दिशा में अब दूसरी बार सत्तारूढ़ होने के बाद वे बुरी तरह उदासीन प्रतीत होते हैं। जनवरी 2025 में पुनः सत्ता प्राप्त करने के बाद अमेरिकी प्रथम के अपने राजनीतिक सिद्धांत को वे जिन साधनों, संसाधनों, विचारों और वक्तव्यों के माध्यम से सिद्ध कर रहे हैं, उससे उनका दक्षिणपंथ का पक्ष शक्तिहीन हो रहा है।

वे अपने ठीक पूर्ववर्ती डेमोक्रेट्स के जो. बाइडेन की भांति ही अमेरिकी राजनीतिक का प्रतिनिधित्व करते हुए दिखाई दे रहे हैं। जनवरी में पदभार ग्रहण करते ही उन्होंने चीन, भारत सहित विश्व के सभी देशों पर शुल्क वृद्धि का प्रहार किया। आरंभ में लगा था कि समयांतराल में उनकी शुल्क वृद्धि नीति सभी देशों के साथ पारस्परिक व्यापारिक समझ बढ़ते रहने से स्वतः संतुलित हो जाएगी, लेकिन सत्तारूढ़ होने के चार माह तक वे देशों के साथ शुल्क वृद्धि, कमी और समायोजन के कार्यक्रमों में ही व्यस्त रहे। अंततः उन्हें शुल्क वृद्धि के परिणामस्वरूप वैश्विक व्यवसाय परिदृश्य में परिलक्षित अमेरिकी हितों की हानि होने के बाद विचार परीक्षण करने का अवसर मिला। इसके बाद उन्होंने पहले तो कुछ अवधि के लिए शुल्क वृद्धि न करने का निर्णय लिया और फिर प्रमुख देशों के साथ व्यापार के पुराने शुल्क-मानकों को ही स्वीकार कर लिया। आभास होता है कि वे अमेरिका की ओर से दुनिया पर प्रकार-प्रकार की प्रायोगिक नीतियां लागू कर उनसे हो सकने वाले लाभों व हानियों का अनुमान लगा रहे हैं। भारत के संदर्भ में ट्रंप का व्यक्तिगत एवं राजनीतिक दृष्टिकोण अप्रत्याशित ढंग से परिवर्तित हुआ है। स्मरण करें उनके पिछले कार्यकाल को जब मोदी का हाउडी मोदी कार्यक्रम में ट्रंप ने अमेरिका की ओर से अभूतपूर्व स्वागत किया और फिर ट्रंप के भारत आगमन पर भारत में उनका भी ठीक वैसा ही स्वागत हुआ। भारत व अमेरिका में हुए इन दो कार्यक्रमों के आधार पर दुनिया प्रामाणिक रूप में स्वीकार कर चुकी थी कि अब आगे वैश्विक विचारधारा का निर्धारण कांग्रेस-वामपंथ के विषैले आचरण के आधार पर नहीं, अपितु स्वराष्ट्रीयता-दक्षिणपंथ के आदर्श विचारप्रवाह में होगा। भारत एवं अमेरिका में दक्षिणपंथ के शासन का उदय विश्व के लिए समुचित माना जा रहा था। इससे प्रेरणा लेकर विश्व के कई देशों के लोग आंदोलित हुए और उन्होंने अपने-अपने देशों में दक्षिणपंथ के प्रतिनिधियों के पक्ष में ही चुनावों में बढ़चढ़ कर मतदान किया। भारत तो भाजपा के नेतृत्व में दक्षिणपंथ की मूल मान्यताओं को कठोरतापूर्वक न सही किंतु शनैः-शनैः शासकीय प्रवाह में स्थापित कर ही रहा है, लेकिन अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप अपने राजनीतिक सिद्धांत से डिगते हुए ही लग रहे हैं।

भारत स्थित जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा किये गये अपनी तरह के वीभत्सम नरसंहार के बाद भारत-पाकिस्तान के मध्य की शत्रुता में व्यापक विस्तार हुआ। साढ़े तीन-चार दशक पुरानी पाक प्रायोजित आतंकवाद की समस्या पर भारत ने शत्रु देश के विरुद्ध जो व जितनी



भी कार्रवाइयां आरंभ कीं, वह अभूतपूर्व थीं तथा उस पर जितने व जैसे प्रतिबंध लगाये, वो प्रतिशोध के किंचित नवीन मानक थे। शत्रु को दंडित करने के उद्देश्य से ऐसे-ऐसे निर्णय लिये गये जो स्वतंत्र भारत में पहले कभी नहीं लिए गए। वायुमार्ग से पाकिस्तान की सीमा के अंदर उसके क्षेत्र में प्रवेश कर नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया गया। इस प्रतिघात के होने तक ट्रंप भारत के साथ खड़े दिखाई दिये थे, किंतु पाकिस्तान की ओर से हमारे सैन्य केंद्रों को लक्षित कर छोड़ी गईं मिसाइलों, ड्रोनों, मानवरहित युद्धक विमानों को भारत द्वारा अपने युद्धक अस्त्र-शस्त्रों द्वारा मार गिराए जाने और राजधानी इस्लामाबाद समेत पाक के प्रमुख नगरों पर भारत के भीषण प्रत्याक्रमण के बाद राष्ट्रपति ट्रंप पाक की याचना पर मध्यस्थ की भूमिका में अवतरित हो गए।

ट्रंप 2016 से लेकर 2024 तक रेडिकल इस्लामिक टेररिज्म के संदर्भ जैसा गंभीर व उत्तरदायित्वपूर्ण वक्तव्य दिया करते थे, तो प्रतीत होता था कि वे साढ़े तीन दशक से भी अधिक समय तक आंतक से पीड़ित रहे भारत की पीड़ा को भलीभांति समझते हैं, लेकिन उन्होंने 9-10 मई 2025 की रात को भारत के सैन्य प्रत्याक्रमण की अधिकता से परास्त पाक की युद्ध विराम की याचना को न केवल स्वीकार कर लिया बल्कि भारत पर येन-केन-प्रकारेण दबाव बनाने का प्रयास भी किया कि वो पाक पर प्रहार करना बंद करे। आतंकवाद के संदर्भ में ट्रंप की द्विअर्थी मानसिकता व धृष्टता यहीं तक सीमित नहीं थी। युद्ध विराम होने के बाद उन्होंने ट्वीट किया कि दोनों देशों के संघर्ष को उन्होंने ही हस्तक्षेप कर रुकवाया है। दक्षिणपंथ, भारत, मोदी से उनका विश्वासघात इतने तक ही सीमित नहीं रहा। उनके शासन ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के समक्ष बहुत समय पहले से प्रस्तावित पाकिस्तान के ऋण-प्राप्ति के प्रस्ताव को स्वीकार करवाने में प्रमुख भूमिका निभाई। यह तब हुआ जब अमेरिका समेत सभी यूरोपीय व नाटो के सदस्य देश भारत की प्रामाणिक जानकारियों व सूचनाओं के आधार पर भलीभांति जानते हैं कि पाक ने ऋण का दुरुपयोग ही अधिक किया है।

ट्रंप का आतंक विरोधी सिद्धांत तब भी बुरी तरह टूटता-फूटता हुआ प्रतीत होता है, जब वे एक दिशा से स्वयं के वैश्विक शांतिदूत होने की बात करते हैं, तो दूसरी दिशा में वे सऊदी अरब के साथ 142 अरब डॉलर के हथियार अनुबंध को हस्ताक्षरित करते हैं। यह अत्यंत विचारणीय है कि एक छोटे से अरब देश को अमेरिका से इतनी अधिक संख्या में हथियार खरीदने की आवश्यकता क्यों हो रही है। किन्हीं दो देशों के मध्य अस्त्र-शस्त्रों के लेन-देन का यह आज तक का सबसे बड़ा अनुबंध है। पाकिस्तान को सैन्य प्रत्याक्रमण के हर कोण पर परास्त कर त्राहि-त्राहि करने को विवश करने के बाद पाकिस्तान, अमेरिका, चीन समेत दुनियाभर में यह मिथ्या प्रचार करना कि पाकिस्तान के सैन्य केंद्रों को कोई हानि नहीं हुई और इसके विपरीत पाक के आक्रमण द्वारा भारत के सैन्य केंद्र व शस्त्र क्षतिग्रस्त हुए हैं, यही सिद्ध करता है कि अमेरिका ने जानबूझकर ऐसा प्रचार किया व करवाया है, ताकि अमेरिका व चीन द्वारा पाकिस्तान को उपलब्ध कराए गए मारक एवं रक्षक शस्त्रों की अनुपयोगिता का प्रचार-प्रसार दुनिया में न हो सके। खाड़ी देशों की तीन दिवसीय यात्रा के चरण में कतर के दोहा में ट्रंप ने एप्पल कंपनी के स्वामी से कहा है कि वे अपना विनिर्माण कारखाना भारत के स्थान पर अमेरिका में स्थापित करें। भारतीय हितों पर कुठाराघात करने वाले ट्रंप के इन निर्णयों, नीतियों तथा वक्तव्यों से स्पष्ट हो जाता है कि डेमोक्रेट्स हों चाहे रिपब्लिकन, अमेरिका हो या अन्य कोई यूरोपीय लोकतांत्रिक देश वहां राजनीतिक सिद्धांतों के अनुरूप नहीं बल्कि व्यापारियों की मंशा से ही सत्ता चलाई जाती है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## हज सुविधा ऐप 2.0

सी.पी.एस. बक्शी



# भारत से हज यात्रियों का डिजिटल सशक्तिकरण

भारत सरकार ने हाल के वर्षों में समावेशी शासन पर अत्यधिक बल दिया है। एक ऐसा शासन, जो भूगोल, पृष्ठभूमि या विश्वास की परवाह किए बिना हर नागरिक तक पहुंचता हो। यह बात वार्षिक हज यात्रा के संचालन में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। एक नियमित प्रशासनिक क्रियाकलाप से दूर, यह एक विशाल मानवीय, कूटनीतिक और तार्किक संचालन है, जो अनेक राष्ट्रों और संस्कृतियों तक फैला हुआ है। सबका साथ, सबका विकास के लोकाचार से प्रेरित होकर सरकार ने हज प्रबंधन को 21वीं सदी की सेवा वितरण के मॉडल के रूप में परिणत कर दिया है। भारत से हर साल लगभग 1.75 लाख तीर्थयात्री पवित्र हज यात्रा पर जाते हैं। सऊदी अरब साम्राज्य (केएसए) के साथ घनिष्ठ समन्वय में, भारतीय हज समिति के माध्यम से चार महीने तक चलने वाले इतने व्यापक और संवेदनशील ऑपरेशन का प्रबंधन करना राष्ट्रीय समन्वय, कूटनीति और सेवा का एक महत्वपूर्ण नमूना है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के माध्यम से भारत सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि यह आध्यात्मिक यात्रा निर्बाध होने के साथ-साथ गरिमापूर्ण, समावेशी और तकनीकी रूप से सशक्त भी हो। बिना किसी पक्षपात के सभी समुदायों की सेवा करने की अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ, सरकार हज के अनुभव को विदेशों में अब तक किए गए सबसे उन्नत सार्वजनिक सेवा संचालन में से एक के रूप में परिणत कर रही है। हज सुविधा ऐप को भारत सरकार ने 2024 में लॉन्च किया था। इसका उद्देश्य तीर्थयात्रियों के अनुभव को सरल और बेहतर बनाना था। इसके माध्यम से प्रत्येक तीर्थयात्री से जुड़े राज्य हज निरीक्षकों के विवरण के साथ-साथ निकटतम स्वास्थ्य सेवा और परिवहन सुविधाओं सहित आवास, परिवहन और उड़ान संबंधी विवरण जैसी सूचनाओं तक तत्काल पहुंच कायम करना संभव हो रहा है। यह ऐप शिकायत प्रस्तुत करने, उसकी ट्रैकिंग करने, बैगेज ट्रैकिंग, आपातकालीन एसओएस सुविधाएं, आध्यात्मिक सामग्री और तत्काल सूचनाएं प्राप्त करने में भी सक्षम बनाता है। पिछले साल 67,000 से अधिक तीर्थयात्रियों ने ऐप इंस्टॉल किया था, जो स्वीकृति की उच्च दर का संकेत देता है। केएसए में भारत सरकार द्वारा हाजियों के लिए स्थापित प्रशासनिक ढांचे द्वारा 8000 से अधिक शिकायतें और 2000 से अधिक एसओएस उठाए गए और उनका जवाब दिया गया। हज-2024 के दौरान ऐप से प्राप्त जानकारी ने 2025 के लिए हज नीति और दिशानिर्देश तैयार करने के लिए महत्वपूर्ण इनपुट के रूप में काम किया। ये डेटा-समर्थित निर्णय भारत सरकार के अपने नागरिकों के लिए उत्तरदायी शासन के मॉडल का उदाहरण हैं। सरकार ने अब हज सुविधा ऐप 2.0 लॉन्च किया है। यह हज के पूरे दायरे को कवर करता है और तीर्थयात्रियों के लिए वास्तव में एंड-टू-एंड डिजिटल समाधान तैयार करता है। हज 2.0 में हज यात्रियों के डिजिटल आवेदन, चयन (कुर्रा), प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन, भुगतान एकीकरण, अदाही कूपन जारी करने और रद्दीकरण तथा धन वापसी की प्रक्रियाओं से लेकर हज की पूरी प्रक्रिया शामिल है। अपडेट किया गया ऐप बैंकिंग नेटवर्क के साथ सहज एकीकरण प्रदान करता है, जिससे तीर्थयात्री यूपीआई, डेबिट/क्रेडिट कार्ड और इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं। यात्रा के दौरान सुविधा के लिए तत्काल उड़ान संबंधी सूची और इलेक्ट्रॉनिक बोर्डिंग पास भी प्रदान किए जाते हैं। ऐप को पेडोमीटर सुविधा के साथ संवर्धित किया गया है। इसका उद्देश्य तीर्थयात्रियों में पैदल चलने की आदत डालना है, ताकि उनमें आगे की कठिन यात्रा के लिए आवश्यक सहनशक्ति विकसित हो सके। तीर्थयात्रियों की सहायता के लिए तत्काल मौसम के अपडेट भी जोड़े गए हैं, ताकि तीर्थयात्रियों को जलवायु संबंधी प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करने में मदद मिल सके और साथ ही उन्हें स्वस्थ और हाइड्रेटेड रखा जा सके। स्वास्थ्य मंत्रालय के ई-हेल्थ कार्ड और ई-हॉस्पिटल मॉड्यूल को इस वर्ष ऐप के साथ जोड़ दिया गया है। एआई द्वारा संचालित एक चैटबॉट को डिजिटल पर्सनल असिस्टेंट के रूप में शामिल किया गया है। हज सुविधा ऐप 2.0 भारत के डिजिटल सार्वजनिक इंफ्रास्ट्रक्चर में अग्रणी है और यह भारत सरकार के इस दृष्टिकोण का प्रमाण है कि शासन प्रत्येक नागरिक तक सार्थक तरीके से पहुंचे। प्रौद्योगिकी की शक्ति का इस्तेमाल करते हुए, भारत तीर्थयात्रियों के प्रबंधन के लिए नए अंतरराष्ट्रीय मानक स्थापित कर रहा है, जिससे अपने नागरिकों को निर्बाध, सुरक्षित और आध्यात्मिक रूप से बेहतर अनुभव मिल रहा है।

(लेखक अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# गुणों के विकास से आध्यात्मिक स्वास्थ्य संभव



संकलित
**दर्शन**

हमारे पास एक शरीर है, हमें उसका पोषण करना है और जब वह रोगग्रस्त हो जाता है, तब हमें उसकी देखभाल करनी है। हमें उसके आरोग्य का उपाय ढूंढ़ना है और जीवन के भौतिक पक्ष से जुड़े सभी विषयों पर ध्यान देना है, परंतु बात यह है कि प्रायः मानव जाति केवल यहीं पर रुक जाती है। उससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि हमारे अस्तित्व का एक मनोवैज्ञानिक, भावनात्मक और उच्चतर आध्यात्मिक आयाम भी है। इसलिए सफलता का उनका (परमहंसजी का) मार्ग था उचित संतुलन को प्राप्त करना। वहां, जहां आप भौतिक सफलता और समृद्धि प्राप्त करते हैं। जहां आपके पास भावनात्मक संतुलन और आंतरिक शांति होती है। आध्यात्मिक रूप से आपके पास एक उच्चतर उद्देश्य के लिए अपने जीवन को संचालित करने का ज्ञान होता है, न केवल धन एकत्र करना और परिवार व संतानों की उपलब्धि, अपितु यह अनुभव करने का एक उच्चतर उद्देश्य कि मैं ईश्वर का एक स्फुलिंग हूं, मैं इस भौतिक शरीर में निवास करने वाला आत्मा हूं और अपने जीवन के सभी पक्षों में ईश्वर के पूर्ण साक्षात्कार और अभिव्यक्ति की प्राप्ति ही मेरा अंतिम उद्देश्य है। एक बार जब आप यह धारणा बना लेते हैं, तो जीवन अत्यंत रोमांचक हो जाता है, क्योंकि सब प्रकार के कौशल, क्षमताएं और योग्यताएं आपके लिए उपलब्ध हैं। ये प्रत्येक मनुष्य की अक्षय निधि का अंग हैं, परंतु वे तब तक पूर्ण रूप से निष्क्रिय रहती हैं, जब तक उन्हें सचेतन एकाग्रता और सचेतन प्रयास के द्वारा जाग्रत नहीं किया जाता है।

# मन की शांति कैसे प्राप्त करें?



संकलित
**प्रेरणा**

सेठ अमीरचंद को हर पल कोई न कोई चिंता परेशान किये रहती थी। एक दिन वह कहीं जा रहा था तो रास्ते में उसकी नजर एक आश्रम पर पड़ी। वहाँ उसे किसी साधु के प्रवचनों की आवाज सुनाई दी। उस आवाज से प्रभावित होकर अमीरचंद आश्रम के अन्दर गया और बैठ गया। प्रवचन समाप्त होने पर सभी व्यक्ति अपने अपने घर को चले गये। लेकिन वह वही बैठा रहा। उसे देखकर संत बोलेः कहो, तुम्हारे मन में क्या जिज्ञासा है, जो तुम्हें परेशान कर रही है। इस पर अमीरचंद बोलाः बाबा, मेरे जीवन में शांति नहीं है। यह सुनकर संत बोलेः घबराओ नहीं तुम्हारे मन की सारी अशांति अभी दूर हो जायेगी। संत की बात सुनकर ज्यों ही अमीरचंद ध्यान की मुद्रा में बैठा त्यों ही उसके मन में इधर-उधर की बातें घूमने लगीं और उसका ध्यान उचट गया। सेठ बोलाः चलो, जरा आश्रम का एक चक्कर लगाते हैं। इसके बाद वे आश्रम में घूमने लगे। अमीर चंद ने एक सुंदर वृक्ष देखा तथा उसे हाथ से छुआ। हाथ लगाते ही उसके हाथ में एक कांटा चुभ गया और सेठ। बुरी तरह चिल्लाने लगे। यह देखकर संत वापस अपनी कुटिया में आए। कटे हुए हिस्से पर लेप लगाया। कुछ देर बाद वह सेठ से बोलेः तुम्हारे हाथ में जरा-सा कांटा चुभा तो तुम बेहाल हो गए। सोचो कि जब तम्हारे अन्दर ईर्ष्या, क्रोध व लोभ जैसे बड़े-बड़े कांटे छिपे हैं, तो तुम्हारा मन भला शांत कैसे हो सकता है ? संत की बात से सेठ अमीरचंद को अपनी गलती का अहसास हो गया। वह संतुष्ट होकर वहां से चला गया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### फर्जी एप्स से बचें

हमारे देश में विभिन्न कंपनियों ने एप्स के जरिए लोन देने की व्यवस्था की है, ताकि लोगों को आसानी से घर बैठे ही कुछ मिनटों में लोन उपलब्ध हो सके। लेकिन कुछ फर्जी एप्स भी हो सकते हैं। इसके लिए जागरूकता बहुत जरूरी है, ताकि किसी फर्जी एप्स के जरिए लिया गया लोन मुसीबत न बने। जब किसी को आर्थिक संकट आता है, या जब किसी का कोई परिवारजन बीमार होता है या जब किसी गरीब या मिडल क्लास के बच्चे की पढ़ाई का खर्चा पूरा न हो रहा हो या किसी व्यापारी को व्यापार के लिए धन की जरूरत हो तो ऐसे में इन सभी को सरकारी बैंकों या अन्य उचित एप्स से लोन आसानी से न मिल रहा है, तो ऐसे वर्ग के लोग फर्जी लोन एप्स के जंजाल में फंस जाते हैं और मुसीबत में पड़ जाते हैं।

- **गणेश मिश्रा**, बिलासपुर

## ट्रेंड

### सिक्किम वासियों को बधाई



सिक्किम के लोगों को राज्य स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई। भारत में पर्यावरण के प्रति सर्वाधिक जागरूक राज्यों में से एक सिक्किम ने प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व को प्रदर्शित करते हुए सतत विकास के बेहतरीन उदाहरण पेश किए हैं।

**-द्रोपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**

### पर्वतीय राज्यों की चिंता



हिमालय पर्यावरण संकट का एक महत्वपूर्ण हिस्सा वहन करता है। हम भारत में, अपने महत्वपूर्ण हिमालयी क्षेत्र के साथ, इन प्रभावों को प्रत्यक्ष रूप से देख रहे हैं। भारत पर्वतीय राज्यों और उनके लोगों की चिंताओं को साझा करता है।

**-भूपेन्द्र यादव, केंद्रीय पर्यावरण मंत्री**

### मंडियों का मॉडर्नाइजेशन



एशिया की सबसे बड़ी आजादपुर मंडी का दौरा कर व्यापारियों, किसानों और आढ़तियों से उनकी समस्याएं सुनीं। अब मंडियों का मॉडर्नाइजेशन होगा एवं सफाई और सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।

**-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली**

### कान्स में आना अच्छा लगा



पिछले साल की उसी समय की याद आ रही है जब मैं आधिकारिक तौर पर शोबिज में वापस आई थी! बहुत दिनों बाद कान्स में तैयार होकर आना बहुत अच्छा लगा और मुझे इसका हर पल बहुत पसंद आया।

**- प्रीति जिंटा, अभिनेत्री**

## करंट अफेयर

# डेटिंग ऐप्स से होता जा रहा लोगों का मोहभंग



कुछ समय पहले डेटिंग ऐप्स ने लोगों के रोमांटिक पार्टनर से मिलने के तरीके को बदल दिया था। लेकिन ऐसा लगता है कि अब इनकी लोकप्रियता खत्म होती जा रही है। आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले साल, ब्रिटेन में चार बड़े डेटिंग ऐप ने अपने लाखों उपयोगकर्ता खो दिए। अध्ययन से पता चलता है कि ऐसा इसलिए हुआ है कि लोग इन ऐप से निराश हो चुके हैं और ऊब गए हैं। यह निराशा आमतौर पर ऐप के दूसरे उपयोगकर्ताओं के अनुचित व्यवहार के कारण होती है। ऐसा लगता है कि यह बोरियत इस बढ़ते विश्वास से उत्पन्न होती है कि इन ऐप्स द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) सार्थक जुड़ाव की तुलना में अल्पकालिक जुड़ाव को प्राथमिकता देती है। ये डेटिंग ऐप पहले की ऑनलाइन डेटिंग वेबसाइटों की तुलना में काफी अलग हैं, जो प्रामाणिक संबंध स्थापित करने के तरीके के बारे में अधिक पारदर्शी थीं। उन वेबसाइट पर उपयोगकर्ताओं से कई तरह के सवाल पूछकर और उनके व्यक्तित्व का काफी मूल्यांकन करके पारदर्शिता कायम की जाती थी। उदाहरण के लिए 'ओके क्यूपिड डॉट कॉम' (2003 में स्थापित) पर उपयोगकर्ताओं से कई बहु विकल्प प्रश्न पूछे जाते थे। इसके अलावा उनसे उन्हीं प्रश्नों के उत्तर भी पूछे जाते थे, जो प्रश्न वे भावी पार्टनर से पूछना चाहते थे।

## ऑफ बीट

# भविष्य के आहार में आयरन जैसे तत्वों की कमी होगी




आयरन की कमी दुनिया भर में पोषक तत्वों की कमी के सबसे आम रूपों में से एक है। जैसे-जैसे लोग वनस्पति आधारित आहार अपनाने पर विचार करेंगे, आयरन की कमी का खतरा बढ़ने की संभावना होगी। इससे पता चलता है कि अगर खाद्य उत्पादन और आपूर्ति के 'वैश्विक पैटर्न' नहीं बदले, तो 2040 तक आहार में आयरन की कमी हो सकती है। इसका मतलब है कि हमें अपने आहार में आयरन की कमी को दूर करना होगा। ब्रेड और अनाज जैसे सामान्य खाद्य पदार्थ सहित विभिन्न खाद्य पदार्थ में पहले से ही अतिरिक्त पोषक तत्व हैं। वनस्पति आधारित खाद्य पदार्थों में अक्सर उच्च मात्रा में फाइबर और फाइटेट होते हैं, जो शरीर की आयरन को अवशोषित करने की क्षमता को कम कर देते हैं। साबुत अनाज, नट, बीज, फलियां और पत्तेदार साग जैसे वनस्पति आधारित खाद्य पदार्थों में आयरन भरपूर होता है और पशु-स्रोत वाले खाद्य पदार्थों में मौजूद आयरन की तुलना में कम आसानी से अवशोषित होता है। मिश्रित आहार यानी सब्जियां, अनाज और पशु-स्रोत वाले खाद्य पदार्थ जैसे कुछ मछलियों, लाल मांस या मुर्गे का सेवन आयरन अवशोषण की सुविधा प्रदान करता है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## वक्फ कानून के खिलाफ नई याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की फटकार

# लोगों में नाम छपवाने की लगी होड़, नए मामले लेने से किया इनकार

सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली नई याचिकाओं पर सुनवाई से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि हर कोई अखबार में नाम चाहता है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को वक्फ कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली नई याचिकाओं पर सुनवाई से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि हर कोई अखबार में नाम चाहता है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने तय किया कि वह लंबित मामलों की सुनवाई 20 मई को करेगी। केंद्र की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं का अंत नहीं हो रहा है। ऐसे याचिकाएं दायर नहीं की जा सकती। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि उन्होंने 8 अप्रैल को याचिका दायर की थी। 15 अप्रैल को सर्वोच्च न्यायालय की रजिस्ट्री द्वारा बताई गई खामियों को दूर कर दिया था, लेकिन उनकी याचिका सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं की गई।

**लंबित मामलों की सुनवाई 20 मई को होगी**



केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने आपत्ति जताई

### सीजेआई गवई और न्यायमूर्ति मसीह की पीठ ने की टिप्पणी

**पीठ ने वकील की याचिका खारिज की**

सीजेआई ने कहा कि हर कोई अखबार में अपना नाम चाहता है। जब याचिकाकर्ता के वकील ने पीठ ने याचिका को लंबित याचिकाओं के साथ शामिल करने का अनुरोध किया तो बेंच ने कहा कि हम इस मुद्दे पर निर्णय लेंगे। पीठ ने याचिका को खारिज कर दिया। पीठ ने कहा कि अगर ऐसी कोई अन्य याचिका सुनवाई के लिए आएगी तो उसे खारिज कर दिया जाएगा। पीठ ने कहा कि हमारे पास पहले से ही तमाम हस्तक्षेपकर्ता हैं।

**केंद्र ने दायर किया हलफनामा**

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में 1332 पन्नों का हलफनामा दायर कर वक्फ (संशोधन) अधिनियम की वैधता के खिलाफ याचिकाओं को खारिज करने की मांग की थी। केंद्र ने अधिनियम के किसी भी प्रावधान पर रोक लगाने का विरोध करते हुए कहा कि कानून में यह स्थापित है कि संवैधानिक अदालतें किसी वैधानिक प्रावधान पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोक नहीं लगाएंगी।

**15 मई को कोर्ट ने कर दिया था स्पष्ट**

15 मई को मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति मसीह की पीठ ने याचिकाओं पर सुनवाई की थी। पीठ ने कहा था कि वह 20 मई को तीन मुद्दों पर अंतरिम निर्देश पारित करने के लिए दलीलें सुनेगी। इनमें अदालतों द्वारा वक्फ, वक्फ बॉय यूजर या विलेख द्वारा वक्फ घोषित संपत्तियों को गैर अधिसूचित करने की शक्ति शामिल है। 17 अप्रैल को सुनवाई में शीर्ष अदालत ने कहा था कि वह केवल 5 याचिकाओं पर सुनवाई करेगी।

**ममता सरकार को दिया अल्टीमेटम**

## कर्मचारियों को 3 महीने में दें 25 फीसदी डीए

सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को राज्य सरकार के कर्मचारियों को 25 फीसदी डीए (महंगाई भत्ता) देने का निर्देश दिया है। जस्टिस संजय करोल और संदीप मेहता की पीठ ने



अंतरिम आदेश जारी करते हुए बंगाल सरकार को 3महीने के भीतर भुगतान करने का निर्देश दिया और मामले की अगली सुनवाई अगस्त में तय की। यह विवाद तब शुरू हुआ जब कुछ राज्य सरकार के कर्मचारियों ने कलकत्ता हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और बकाया सहित केंद्र सरकार के कर्मचारियों के बराबर डीए देने की मांग की। मई 2022 में हाई कोर्ट ने राज्य को केंद्रीय दर पर डीए का भुगतान करने का निर्देश दिया।हालांकि, पश्चिम बंगाल सरकार ने नवंबर 2022 में अपील दायर करते हुए इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी।

**खबर संक्षेप**

### नगालैंड में किसानों के लिए 380 करोड़ देंगे



**कोहिमा।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नगालैंड के कृषि क्षेत्र को बड़ा प्रोत्साहन देते हुए राज्य के किसानों के कल्याण के लिए 380 करोड़ की सहायता राशि की घोषणा की है। यह घोषणा पेरेन जिले के जलुकी स्थित पशु चिकित्सा विज्ञान और पशुपालन कॉलेज में प्रशासनिक-सह-शैक्षणिक खंड और किसान मेले के उद्घाटन पर की।

### छात्राओं से छेड़छाड़ में 'प्रोफेसर' गिरफ्तार



**देहरादून।** रूड़की में राजकीय डिग्री कॉलेज में 12 छात्राओं के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ करने के आरोप में 55 वर्षीय एक सहायक प्रोफेसर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि शिकायत में कहा गया है कि डॉ. अब्दुल अलीम असांरी ने गुरुवार दोपहर बीएससी की प्रायोगिक परीक्षा के मौखिक परीक्षा के दौरान छात्राओं से गंदी हरकत की।

### पंजाबी म्यूजिक प्रोड्यूसर के घर पर फायरिंग

**अमृतसर।** फेमस पंजाब म्यूजिक प्रोड्यूसर पुष्पिंदर धालीवाल उर्फ पिंकी धालीवाल को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। खबर है कि गुरुवार रात को कुछ बदमाशों ने उनके घर के बाहर फायरिंग की है। घर के बाहर कुछ बदमाशों ने 6 से 7 राउंड फायर किए हैं।

## दिल्ली में प्रमुख व्यापारी नेताओं का राष्ट्रीय व्यापार सम्मेलन में ऐलान

# तुर्किये व अजरबैजान को पाक से 'दोस्ती की मार', आतंक समर्थकों से नहीं करेंगे व्यापार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा शुक्रवार को दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय व्यापार सम्मेलन में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। सम्मेलन में देशभर से आए 125 से अधिक प्रमुख व्यापारी नेताओं ने तुर्किये और अजरबैजान के साथ व्यापारिक संबंधों के पूर्ण बहिष्कार का सर्वसम्मति से ऐलान किया। कैट के महासचिव एवं सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि यह निर्णय दोनों देशों द्वारा हाल ही में पाकिस्तान के समर्थन में दिए गए बयानों के विरोध में लिया गया है। व्यापारी नेताओं ने तुर्किये की कंपनी सेलेबी ग्राउंड हैंडलिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की सुरक्षा मंजूरी रद्द करने के सरकार के निर्णय का स्वागत किया है। पाकिस्तान का साथ देने वाले तुर्किये और अजरबैजान को भारत में बहिष्कार का सामना करना पड़ रहा है। सम्मेलन में व्यापारियों ने तुर्किये व अजरबैजान से व्यापार बहिष्कार का संकल्प लिया है।

**दोनों देशों का किया जाएगा बॉयकॉट**

पहलगाम हमले के बाद व्यापारियों में फूटा **आक्रोश**

*सम्मेलन में देशभर से आए 125 से अधिक प्रमुख व्यापारी नेताओं ने व्यापारिक संबंधों का किया बहिष्कार*



**भारत विरोधी नीतियों के चलते निर्णय लिया**

सम्मेलन में सर्वसम्मति से यह ऐतिहासिक संकल्प लिया गया कि भारत का व्यापारिक समुदाय तुर्किये और अजरबैजान के साथ हर प्रकार के व्यापार एवं व्यावसायिक संबंधों का पूर्ण बहिष्कार करेगा। व्यापारियों ने कहा कि इन देशों की भारत विरोधी नीतियों के चलते यह निर्णय लिया गया है। चांदनी चौक से सांसद प्रवीण खंडेलवाल एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी मौजूद रहीं। कैट का कहना है कि जो भी देश के खिलाफ है, उसके साथ व्यापार करने का कोई सवाल ही नहीं है।

***अब दोनों देशों को अरबों-खरबों का नुकसान होगा***

खंडेलवाल ने बताया कि अप्रैल 2024 से लेकर फरवरी 2025 के अप्रैल के बीच भारत का तुर्किये से निर्यात 5.2 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जबकि 2023-24 में यह आंकड़ा 6.65 अरब अमेरिकी डॉलर था, जबकि आयात 2.84 अरब अमेरिकी डॉलर रहा।

**सभी तरह के आयात निर्यात बंद करेंगे: भरतिया**

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया ने बताया कि भारत से तुर्किये को रिफाइंड पेट्रोलियम, मोटर व्हीकल्स और पार्ट्स, स्टील, कैमिकल्स, दवाएं, कीमती पत्थर और वस्त्र सहित कई प्रमुख वस्तुएं निर्यात होती हैं, जबकि तुर्किये से भारत को कच्चा पेट्रोलियम, मशीनरी, मार्बल, गोल्ड, फल, प्लास्टिक और वस्त्र आयात होते हैं। भारत से अजरबैजान को तंबाकू, इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी, दवाएं, सिरेमिक उत्पाद, अनाज आदि निर्यात होते हैं जबकि अजरबैजान से भारत को प्रमुख रूप से खनिज तेल, केमिकल्स, कच्ची खालें, एल्यूमिनियम और कॉटन आदि आयात होते हैं।

**जीजेसी ने भी किया विरोध**

### दोनों देशों के साथ रत्न व आभूषण व्यापार बंद करें



अखिल भारतीय रत्न व आभूषण घरेलू परिषद (जीजेसी) ने उद्योग से 'ऑपरेशन सिंदूर' के प्रति समर्थन दिखाने के लिए तुर्किये और अजरबैजान के साथ सभी व्यापारिक लेनदेन निलंबित करने की अपील की है। जीजेसी ने एक बयान में उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से यह अपील की है। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद तुर्किये की ओर से पाकिस्तान को दिए गए सार्वजनिक समर्थन के बाद यह कदम उठाया गया है।

**स्वदेशी जागरण मंच ने पोस्टर फाड़े, नारेबाजी की**

## तुर्किये-अजरबैजान से व्यापार नहीं करने का ऐलान




दिल्ली में स्वदेशी जागरण मंच के नेतृत्व में तुर्किये के खिलाफ बड़ा विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति एर्दोगन के पोस्टर फाड़े और तुर्की के पाकिस्तान को सैन्य समर्थन देने के खिलाफ नारेबाजी की। अब भारत ने तुर्किये के हथियारों और उत्पादों का बॉयकॉट करने का प्लान बना लिया है। स्वदेशी जागरण मंच ने भी तुर्किये के आर्थिक प्रतिबंध, उड़ान प्रतिबंध और पर्यटन बहिष्कार का आह्वान किया है। मंच ने कहा कि चीन के बाद पाकिस्तान को हथियारों की आपूर्ति करने वाले दूसरे बड़े देश तुर्किये ने पाक की युद्ध क्षमताओं को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। सबसे परेशान करने वाली घटनाओं में से एक है कि उसने 1.5 बिलियन डॉलर के सौदे के तहत पाकिस्तान को 'मिल जेम' श्रेणी के युद्धपोत दिए हैं, जिससे पाकिस्तान की नौसेना की हमला करने की क्षमता मजबूत हुई है।

**तुर्किये ने आतंकी देश को बढ़ावा दिया**

मंच इस अपवित्र गठबंधन की कड़ी निंदा करता है। यह रक्षा सहयोग पाकिस्तान के सैन्य दुस्साहस को बढ़ावा देता है। तुर्किये का समर्थन प्रत्यक्ष मिलीभगत कहा जा सकता है। स्वदेशी जागरण मंच ने कहा कि तुर्किये ने आतंकी देश पाकिस्तान को बढ़ावा दिया है।

**चिदंबरम का इंडी अलायंस पर बड़ा बयान**

# खत्म होने के कगार पर गठबंधन, भाजपा एकजुट



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव में भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं मिलने और कांग्रेस के 99 सीटें मिलने के पीछे इंडिया अलायंस को बड़ा कारण माना गया। राजनीतिक विश्लेषक ही नहीं कांग्रेस पार्टी के कई नेताओं ने भी माना कि पार्टी को गठबंधन के साथ चुनाव लड़ने से फायदा हुआ है। अब कांग्रेस बिहार में भी सहयोगी की भूमिका के लिए तैयार है और आरजेडी बड़े रोल में है।

भले ही इंडिया गठबंधन की एकजुटता का दावा कांग्रेस और विपक्षी दल कर रहे हों, लेकिन खुद कांग्रेस इससे इत्तफाक रखते नजर नहीं रखती। पूर्व वित्त मंत्री और कांग्रेस के राज्यसभा सांसद पी चिदंबरम ने इस बड़ी टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि मैं खुद निश्चित तौर पर नहीं कह सकता हूं कि इंडिया अलायंस का भविष्य बहुत उज्वल नजर नहीं आ रहा है। यह बयान भाजपा के लिए निशाना साधने का एक और अवसर जरूर बन गया है।

**इंडी में बिखराव संभव**

चिदंबरम के बयान के पीछे के समीकरणों और अवसरों को टटोला जाए, तो बात काफी हद तक ठीक भी लगती है। इस साल बिहार में आरजेडी और कांग्रेस साथ मिलकर चुनाव लड़ रही हैं। चिदंबरम ने इंडिया अलायंस में मुद्दों पर सहमति नहीं बनने और बिखराव को लेकर अहम बात कही है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन एक बहुत मजबूत मशीनरी के खिलाफ लड़ाई लड़ रही है। मेरा अपना अनुभव और इतिहास के अपने अध्ययन के आधार पर कह सकता हूं कि भाजपा जितना संगठन के तौर पर मजबूत कोई और राजनीतिक दल नहीं है। यह एक मशीन के पीछे दूसरी मशीन है और यही दोनों मशीनें भारत की सभी सांस्थानिक मशीनरी को नियंत्रित करती हैं।

**तमिलनाडु, बंगाल में गठबंधन असंभव**

बंगाल में ममता बेनर्जी किसी भी सूरत में इंडिया गठबंधन के साथ समझौता करने के मूड में नहीं हैं। भाजपा की संगठनात्मक क्षमता में पिछले डेढ़ दशक में जबरदस्त उभार देखने को मिला है। पार्टी ने बंगाल और तमिलनाडु में भी अपना सक्रिय संगठन बनाया है। संगठन के साथ ही जीतने वाले कैंडिडेट को अपने दल में शामिल करना हो या फिर सहयोगियों से गठबंधन करना हो, पार्टी हाई कमान तत्परता से फैसले लेती है। तमिलनाडु में एआईएडीएमके और बीजेपी का गठबंधन हो चुका है और बंगाल में तूफानी प्रचार का दौर जारी है। बंगाल में दीदी को मनाना टेढ़ी खीर है।

**सुप्रीम कोर्ट ने पलटा कर्नाटक हाईकोर्ट का फैसला**

## अदालत ने इस्कॉन सोसाइटी को ही दिया 'हरे कृष्ण मंदिर'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को माना कि बेंगलुरू में हरे कृष्ण मंदिर शहर में इस्कॉन सोसाइटी का है। शीर्ष अदालत ने इस्कॉन बेंगलुरु की याचिका को स्वीकार कर लिया, जिसमें कर्नाटक उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें बेंगलुरू में प्रतिष्ठित हरे कृष्ण मंदिर और शैक्षणिक परिसर पर नियंत्रण के लिए इस्कॉन मुंबई के पक्ष में फैसला सुनाया गया था। ये फैसला न्यायमूर्ति एएस ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने सुनाया। यह मामला काफी लंबे समय तक चलता रहा।



**करीब डेढ़ दशक तक चला कानूनी दांव-पेंच**

इस्कॉन बेंगलुरु ने 23 मई, 2011 के उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देते हुए 2 जून, 2011 को शीर्ष अदालत का रुख किया था। याचिका में इस्कॉन बेंगलुरु, जिसका प्रतिनिधित्व इसके पदाधिकारी कोडंडाराम दास ने किया, ने उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती दी, जिसे शीर्ष कोर्ट ने पलट दिया।

**शाह ने किया नए मल्टी एजेंसी सेंटर का उद्घाटन**

## आतंकवाद के खिलाफ भारत का सुरक्षा तंत्र काफी मजबूत, पाक को कर दिया तबाह

भारत आतंकियों को माकूल जवाब देने के लिए तैयार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को दिल्ली में नए मल्टी एजेंसी सेंटर का उद्घाटन किया। शाह ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई और तेज कर दी है। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी ठिकाने तबाह किए। पाक के साथ सीजफायर के बाद सरकार और सुरक्षा एजेंसियां आतंकवाद के खिलाफ सुरक्षा तंत्र और मजबूत करने में जुटी हैं। मल्टी एजेंसी सेंटर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अहम है।



**पीएम मोदी और भारतीय सेना की तारीफ की**

शाह ने ऑपरेशन सिंदूर पीएम मोदी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति, सूचना एजेंसियों की सटीक सूचना और हमारी तीनों सेनाओं की अचूक मारक क्षमता का अद्वितीय प्रतीक है।

**भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा**

भारत ने पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। भारत ने बाद में पाकिस्तान को धूल चटा दी और फिर तिरंगा यात्रा निकाली।

**कहा, डिग्रियां युवाओं के हाथों में पर नौकरी देने की सरकार की नीयत नहीं**

# बेरोजगारी के बढ़ते आंकड़े चिंताजनक, युवाओं का भविष्य अधर में: सैलजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि देश में लगातार बढ़ रही बेरोजगारी दर गहरी चिंता का विषय है। हाल ही में जारी आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2025 में देश की औसत बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत रही, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में 4.5 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 6.5 प्रतिशत बेरोजगारी दर्ज की गई है। युवा हाथों में डिग्रियां लेकर भटक रहा है पर पद रिक्त होते हुए भी सरकार नौकरी देने से पीछे हट रही है।

सैलजा ने एक बयान में 2014 में प्रधानमंत्री द्वारा किए गए उस वादे की याद दिलाई जिसमें हर वर्ष दो करोड़ नौकरियां ने की बात कही गई थी। उन्होंने कहा, अगर 2014 से अब तक हर साल दो करोड़ नौकरियां दी गई होतीं, तो 11 वर्षों में देश के 22 करोड़ युवाओं को रोजगार मिल चुका होता और आज बेरोजगारी जैसी कोई समस्या नहीं रहती। न केवल बेरोजगारी समाप्त होती, बल्कि भारत एक विकसित राष्ट्र की ओर अग्रसर होता।

सैलजा ने कहा कि केंद्र को श्वेत पत्र जारी करना चाहिए कि अब तक कितने करोड़ युवाओं को वास्तव में नौकरी दी गई है? और क्या सरकार नेताओं के झूठे वादों से गुमराह करने की जिम्मेदारी लेगी? सैलजा ने केंद्र से मांग की कि वह युवाओं के लिए ठोस, पारदर्शी और समयबद्ध रोजगार योजनाएं लागू करे। साथ ही सुझाव दिया कि केंद्र को तुरंत सरकारी विभागों में खाली पड़े पदों को भरना चाहिए और उद्योगों को प्रोत्साहन देकर रोजगार के नए अवसर पैदा करने चाहिए। सांसद ने कहा कि महिलाओं के मुकाबले पुरुषों में बेरोजगारी दर ज्यादा है। अप्रैल महीने में बेरोजगारी दर 5.1 फीसदी रही है। इसमें पुरुषों में बेरोजगारी की दर 5.2 फीसदी रही, जबकि महिलाओं में यह दर 5 फीसदी रही। शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर 17.2 फीसदी और ग्रामीण क्षेत्रों में 12.3 फीसदी दर्ज की गई। वहीं, 15-29 उम्र के लोगों में बेरोजगारी दर 13.8 फीसदी रही। सीडब्ल्यूएस सर्वेक्षण की तारीख से पहले 7 दिन के रेफरेंस पीरियड के दौरान होने वाली रोजगार गतिविधियों की स्थिति के बारे में बताता है। स्टडी में पता चला कि 15-29 उम्र वर्ग की महिलाओं में बेरोजगारी दर पूरे देश में (ग्रामीण शहरी) 14.4 फीसदी थी, जबकि शहरों में यह 23.7 फीसदी और गांवों में 10.7 फीसदी थी। उन्होंने कहा कि देश में 15-29 साल वर्ग के पुरुषों में बेरोजगारी दर 13.6 फीसदी दर्ज की गई, जबकि शहरों में यह 15 फीसदी और गांवों में 13 फीसदी थी।

**पैनल में शामिल करने के लिए रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई)**

संख्या: NIA/PCMD/01/2024-25

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के अंतर्गत अस्पतालों के लिए निजी दवा परीक्षण प्रयोगशाला के पैनल में शामिल होने हेतु ईओआई (अभिरुचि की अभिव्यक्ति)।

**पूछताछ का दायरा:** भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक, पू.सी. रेलवे, मालीगांव, गुवाहाटी -11 ने टैबलेट, कैप्सूल, सस्पेंशन/तरल, इंजेक्शन, इंसुलिन, ड्रॉप आदि के रूप में दवा के नमूनों के परीक्षण/विश्लेषण के संबंध में पैनल में शामिल होने के लिए साधन संपन्न निजी दवा परीक्षण प्रयोगशालाओं से अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करते हैं। ये अस्पताल {केंद्रीय अस्पताल/मालीगांव (असम), मंडलीय अस्पताल - कटिहार (बिहार), अलीपुरद्वार (पश्चिम बंगाल), न्यू बंगाईगांव, लामडिंग और डिब्रुगढ़ (सभी असम के भीतर), 4 उप-मंडलीय अस्पताल - न्यू जलपाईगुड़ी (पश्चिम बंगाल), रंगापाड़ा, बदरपुर और न्यू तिनसुकिया (सभी असम के भीतर)} पू.सी. रेलवे, मालीगांव, गुवाहाटी, असम-781011 के अंतर्गत हैं।

**पात्रता:** केवल एनएबीएल द्वारा मान्यता प्राप्त निजी औषधि परीक्षण प्रयोगशालाएं ही भाग लेने के लिए पात्र होंगी।

**ईओआई जमा करने का प्रारूप:** प्रस्ताव कृपया इस दस्तावेज़ के साथ संलग्न परिशिष्ट "ए" और परिशिष्ट "बी" (औषधि नमूने के परीक्षण हेतु) के निर्धारित प्रारूप एवं अनुसूची में, प्रदान की गई जानकारी के समर्थन में आवश्यक दस्तावेजों सहित प्रस्तुत करें। ईओआई दस्तावेज़ एवं अनुसूची पूर्वोत्तर सीमा रेलवे की वेबसाइट **http://www.nfr.indianrailways.gov.in** से कार्यदिवसों में कार्यालय समय के दौरान **30/05/2025** तक नि:शुल्क डाउनलोड की जा सकती है।

**जमा करने की अंतिम तिथि:** इच्छुक सेवा प्रदाताओं से ईओआई सीलबंद लिफाफों में प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक, मुख्यालय, पू.सी. रेलवे, मालीगांव, गुवाहाटी-781011 के कार्यालय में **30.05.2025** को **13.00** बजे तक प्राप्त होंगे। प्रस्ताव उसी दिन **15.00** बजे खोले जाएंगे।

**संपर्क विवरण:** इच्छुक सेवा प्रदाता "प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक, पू.सी. रेलवे, मुख्यालय, मालीगांव, डाकघर: मालीगांव, जिला: कामरूप (मेट्रो), असम, पिन: 781011" को प्रस्ताव भेज सकते हैं।

यदि कोई स्पष्टीकरण प्राप्त होता है, तो प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक, पू.सी. रेलवे, मुख्यालय, मालीगांव के कार्यालय में फोन नंबर 9957550504 पर संपर्क किया जा सकता है और ईमेल आईडी **dycmdhqnfr@gmail.com** के माध्यम से भी संवाद किया जा सकता है।

**मूल्यांकन:** प्रस्तावों का मूल्यांकन प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक, पू.सी. रेलवे, मुख्यालय, मालीगांव-781011 के कार्यालय में किया जाएगा। पात्रता मानदंडों को पूरा करने पर, सबसे कम बोली लगाने वाले को पैनल में शामिल किया जाएगा। काउंटर ऑफर के माध्यम से कई प्रयोगशालाओं को पैनल में शामिल किया जाएगा।

**पैनल में शामिल होने की वैधता:** पैनल में शामिल होने की वैधता 3 (तीन) वर्षों की अवधि के लिए होगी।

**पैनल में शामिल होने के लिए रेलवे की शर्तें:** **1.** दवा के नमूने संबंधित रेलवे अस्पताल प्रभारियों द्वारा कूरियर/पोस्ट/संदेशवाहक द्वारा भेजे जाने हैं। **2.** दवा परीक्षण रिपोर्ट की हार्ड कॉपी पोस्ट/कूरियर द्वारा जमा की जानी चाहिए और रिपोर्ट की सॉफ्ट कॉपी नमूना भेजने वाले अधिकारी को भी भेजी जानी चाहिए। **3.** दवा परीक्षण रिपोर्ट की प्रतिलिपि के साथ बिल तीन प्रतियों में उस चिकित्सा प्राधिकारी को प्रस्तुत किया जाना चाहिए जिसने परीक्षण के लिए दवा का नमूना भेजा था। **4.** भुगतान ऑनलाइन एनएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से किया जाना है। भुगतान सामान्यत: 45 दिनों के भीतर किया जा सकता है। **5.** प्रयोगशालाओं को जीएसटीआईएन पंजीकरण संख्या, एनईएफटी अधिदेश विवरण और ईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से भुगतान प्राप्त करने की अपनी इच्छा प्रस्तुत करनी चाहिए। **6.** रेलवे द्वारा कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जाता है। **7.** वैध एनएबीएल मान्यता प्राप्त प्रमाण पत्र प्रस्ताव के साथ प्रस्तुत किया जाना चाहिए। **8.** विभिन्न दवाओं के लिए दवा परीक्षण की दर के साथ इच्छा संलग्न की जानी चाहिए। यह उम्मीद की जाती है कि फर्म विभिन्न अणुओं के लिए दवा परीक्षण की अपनी सूचीबद्ध कीमत पर कुछ छूट प्रदान करेगी। **9.** रेलवे को उनकी प्रकाशित दर/विशेष दर पर छूट।

पैनल में शामिल होने की प्रक्रिया और नियम तथा शर्तों का विवरण पूर्वोत्तर सीमा रेलवे की वेबसाइट यानी **https://www.nfr.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध है {खोजने के चरण : **www.nfr.indianrailways.gov.in →Generalinfo →Department →Medical →Implement of Hospital** → पीडीएफ फाइल प क्लिक करें (पू. सी. रेलवे के तहत अस्पताल के लिए निजी दवा परीक्षण प्रयोगशाला के लिए ईओआई दस्तावेज)}।

प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक, मालीगाँव

**पूर्वोत्तर सीमा रेल**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## खबर संक्षेप

### इमामी लिमिटेड का शुद्ध लाभ बढ़कर 10.5 प्रतिशत

**नई दिल्ली।** तेल, शैंपू, साबुन जैसे उत्पाद बनाने वाली कंपनी इमामी लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में 10.5 प्रतिशत बढ़कर 162.17 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में मुनाफा 146.75 करोड़ रुपये रहा था।

### रुपया एक पैसे की बढ़त के साथ 85.53 प्रति डॉलर



**मुंबई।** रुपया शुक्रवार को एक पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.53 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि ब्रेंट कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुख तथा अप्रैल में देश के व्यापार घाटे में बढ़ोतरी के आंकड़ों के कारण रुपये की बढ़त सीमित रही। मामूली गिरावट से रुपये को कुछ समर्थन मिला।

### सुराना टेक्नोलॉजीज में 49% इक्विटी विनिवेश की मंजूरी



**नई दिल्ली।** सुराना सोलर ने शुक्रवार को कहा कि उसके निदेशक मंडल ने उसकी इकाई सुराना टेक्नोलॉजीज में 49 प्रतिशत इक्विटी शेयर बेचने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। शेयर बाजार को दी जानकारी के मुताबिक सुराना टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड की 49 फीसदी इक्विटी हिस्सेदारी का सौदा शुक्रवार को बैद्यनाथ पावर प्राइवेट लि. के साथ किया जाएगा।

### पैदावार बढ़ाने आईपीएल के छह नए जैविक उत्पाद

**नई दिल्ली।** जैव प्रौद्योगिकी कंपनी आईपीएल बायोलॉजिकल्स ने शुक्रवार को कृषि उत्पादकता बढ़ाने और पर्यावरण अनुकूल खेती-को बढ़ावा देने के लिए 'एनएक्सजी रेंज' के तहत छह नए उत्पादों के पेशकश की घोषणा की। बीटी-डेक्स, बीईई बूस्ट और 360 - घुलनशील पाउडर प्रारूप में विशेष रूप से सूक्ष्म सिंचाई प्रणालियों के अनुकूल होने के लिए विकसित किए गए हैं।

# वोडाफोन आइडिया 10 महीनों की मेहमान, मदद न मिली तो जाना होगा एनसीएलटी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कर्ज में डूबी टेलिकॉम कंपनी वोडाफोन आइडिया लिमिटेड शायद बहुत ज्यादा दिनों तक न चल पाए और दिवालिया हो जाए। वोडाफोन आइडिया ने सरकार को चेतावनी दी है कि सरकार के सपोर्ट के बिना वह वित्त वर्ष 2025-26 से आगे काम नहीं कर पाएगी। उसे दिवालियापन यानि इनसॉल्वेंसी के लिए नेशनल कंपनी लॉ ट्राइब्यूनल (एनसीएलटी) का दरवाजा खटखटाना पड़ेगा।

- कंपनी को दिवालियापन के लिए एनसीएलटी का दरवाजा खटखटाना पड़ेगा

वोडाफोन आइडिया का कहना है कि सरकारी सपोर्ट के अभाव में, सरकार की इक्विटी हिस्सेदारी की वैल्यू जीरो हो सकती है। नतीजतन, कंपनी से 1.18 लाख करोड़ रुपए के स्पेक्ट्रम बकाया की वसूली नहीं हो पाएगी। कंपनी ने यह भी दावा किया कि उसे 26,000 करोड़ रुपए के इक्विटी इनफ्यूजन और सरकार की ओर से कंपनी में हिस्सेदारी ले लेने के बावजूद बैंकों से सपोर्ट नहीं मिला है।

## वोडाफोन-आइडिया की सरकार को चेतावनी, सरकार मदद नही मिली तो आगे काम बंद

### वीआई के 59 लाख से अधिक छोटे शेयरधारक

वोडाफोन आइडिया में 59 लाख से अधिक छोटे शेयरधारक हैं, या यूं कहें कि ऐसे शेयरहोल्डर हैं जिनकी ऑथराइज्ड शेयर कैपिटल 2 लाख रुपए तक है। कंपनी का मार्केट कैप 80000 करोड़ रुपए के करीब है। 16 मई को बीएसई पर कंपनी का शेयर लगभग 2 प्रतिशत बढ़त के साथ 7.37 रुपए पर बंद हुआ।

*एजीआर के फैसले के कारण सरकार राहत नहीं दे सकती : वोडाफोन आइडिया का तर्क है कि एजीआर फैसले द्वारा लगाई गई बाधाओं के कारण सरकार आगे राहत नहीं दे सकती है। दूरसंचार क्षेत्र की परेशानियों का हवाला देते हुए वोडाफोन आइडिया का दावा है कि अतिरिक्त सरकारी मदद के बिना यह सेक्टर बर्बाद हो जाएगा। कंपनी ने सुप्रीम कोर्ट से इस मामले पर तत्काल सुनवाई करने का अनुरोध किया है। सुनवाई 19 मई के लिए निर्धारित की गई है।*

### 20 करोड़ से अधिक ग्राहक हो सकते हैं प्रभावित

अगर वोडाफोन आइडिया एनसीएलटी में जाती है तो 20 करोड़ से अधिक ग्राहक प्रभावित हो सकते हैं। वोडाफोन आइडिया के नेटवर्क में व्यवधान का अन्य क्षेत्रों पर भी बड़ा असर पड़ेगा और इससे देश की डिजिटल महत्वाकांक्षाओं को झटका लग सकता है। वोडाफोन आइडिया ने अपनी स्पेक्ट्रम देनदारियों को इक्विटी में बदलकर सरकार को हिस्सेदारी दी है। अब कंपनी में सरकार के पास 49 प्रतिशत इक्विटी स्टेक है। कंपनी पर अभी भी सरकार का एजीआर और स्पेक्ट्रम के मामले में 1.95 लाख करोड़ रुपए का बकाया है।

### सरकारी सपोर्ट के बिना आगे नहीं बढ़ सकेगी बैंक फंडिंग

वोडाफोन आइडिया ने सरकार से कहा कि उसके सपोर्ट के बिना बैंक फंडिंग आगे नहीं बढ़ पाएगी और कंपनी वित्त वर्ष 2026 से आगे ऑपरेट नहीं कर पाएगी। अगर सरकारी मदद नहीं मिलती है और वोडाफोन आइडिया अपने एडजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू (एजीआर) बकाया का पेमेंट करने में नाकाम रहती है, तो कंपनी को एनसीएलटी का दरवाजा खटखटाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा, जो एक लंबी प्रक्रिया हो सकती है।

## वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सरकार ने जारी किए आंकड़े

# निर्यात में कृषि, औषधि, इलेक्ट्रॉनिक व इंजीनियरिंग की 50% से अधिक हिस्सेदारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के वस्तु निर्यात में वित्त वर्ष 2024-25 में कृषि, औषधि, इलेक्ट्रॉनिक और इंजीनियरिंग सामान की कुल हिस्सेदारी 50 प्रतिशत से अधिक रही। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। यह विनिर्माण और मूल्यवर्धित निर्यात को बढ़ावा देने के प्रयासों के बीच विविध क्षेत्रों में देश की बढ़ती ताकत को दर्शाता है।

आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में भारत के 437.42 अरब डॉलर के निर्यात में इंजीनियरिंग वस्तुओं की हिस्सेदारी सबसे अधिक 26.67 प्रतिशत रही। कृषि, औषधि और इलेक्ट्रॉनिक सामान का योगदान क्रमशः 11.85 प्रतिशत, 6.96 प्रतिशत और 8.82 प्रतिशत रहा।

### इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र में निर्यात वृद्धि 29.12 अरब डॉलर

इलेक्ट्रॉनिक सामान क्षेत्र में सबसे अधिक 32.46 प्रतिशत की निर्यात वृद्धि दर्ज की गई जो 2023-24 में 29.12 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 38.58 अरब डॉलर हो गया। यह वित्त वर्ष 2022-23 में 23.6 अरब डॉलर और 2021-22 में 15.7 अरब डॉलर था।

### भारत दुनिया का सातवां बड़ा कॉफी उत्पादक

*भारत, दुनिया में सातवां सबसे बड़ा कॉफी उत्पादक देश है जो इटली, रूस, जर्मनी, यूएई, बेल्जियम और अमेरिका को इनका निर्यात करता है। इन देशों को मुख्य तौर पर रोबस्टा कॉफी का निर्यात किया जाता है। इसी तरह, 2024-25 में तंबाकू निर्यात 1.98 अरब डॉलर रहा, जो 2023-24 में 1.45 अरब डॉलर था। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा तंबाकू उत्पादक है, जिसके प्रमुख निर्यात गंतव्यों में यूएई, बेल्जियम, इंडोनेशिया, मिस्र, अमेरिका और तुर्किए शामिल हैं।*





### दवाएं व औषधि 200 देशों तक पहुंच रही

नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, भारत की दवाएं एवं औषधि अब 200 से अधिक देशों तक पहुंच रही हैं। इसका निर्यात 2014-15 से लगातार बढ़ रहा है। कृषि क्षेत्र में मसालों, कॉफी, चाय, तंबाकू, चावल, फल और सब्जियों तथा समुद्री उत्पाद में स्वस्थ वृद्धि दर्ज की गई। 2023-24 में 4.25 अरब डॉलर से 2024-25 में मसालों का निर्यात मामूली रूप से बढ़कर 4.45 अरब डॉलर हो गया।

### इंजीनियरिंग का निर्यात 100 अरब डॉलर से अधिक

इंजीनियरिंग सामानों के लिए मुख्य निर्यात गंतव्य अमेरिका, यूएई, सऊदी अरब, ब्रिटेन और जर्मनी रहे। वित्त वर्ष 2014-15 से 2020-21 तक इस क्षेत्र में निर्यात 73-83 अरब डॉलर के बीच रहा। 2021-22 में यह बढ़कर 112.2 अरब डॉलर हो गया था और तब से 100 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक बना हुआ है।

### चावल निर्यात 12.5 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर

भारत का चावल निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 में 12.5 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया, जो 2023-24 में 10.4 अरब डॉलर था। इससे देश लगभग 40 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ शीर्ष वैश्विक निर्यातक के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखेगा। गंतव्यों में सऊदी अरब, ईरान, इराक, यूएई, अमेरिका और यमन शामिल थे।

### फलों व सब्जियों का निर्यात बढ़ा

फलों और सब्जियों का निर्यात 2023-24 में 3.7 अरब डॉलर से बढ़कर 3.9 अरब डॉलर हो गया। भारत ने दो श्रेणियों के तहत अंगूर, अनार, आम, केले, संतरे, प्याज, आलू, टमाटर, मिश्रित सब्जियां और हरी मिर्च का निर्यात किया। बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, नेपाल और मलेशिया सबसे बड़े आयातक में शामिल थे।

# मुनाफावसूली से शेयर बाजार में गिरावट सेंसेक्स 200 अंक लुढ़का

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- निफ्टी में 42 अंकों की रही सुस्ती
- आईटी और एयरटेल के शेयरों में रही मुनाफावसूली

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों और भारती एयरटेल में मुनाफावसूली होने से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। मानक सूचकांक सेंसेक्स में 200 अंक और निफ्टी में 42 अंक की सुस्ती रही।

विश्लेषकों ने कहा कि पिछले सत्र में बाजार के सात महीनों के उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद निवेशकों ने मुनाफावसूली को तरजीह दी। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 200.15 अंक यानी 0.24 प्रतिशत गिरकर 82,330.59 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 383.79 अंक गिरकर 82,146.95 अंक पर आ गया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 42.30 अंक यानी 0.17 प्रतिशत गिरकर 25,019.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल भारती एयरटेल के शेयर में 2.81 प्रतिशत की गिरावट आई। सिंगटेल के दूरसंचार कंपनी में अपनी प्रत्यक्ष हिस्सेदारी का लगभग 1.2 प्रतिशत हिस्सा करीब 1.5 अरब डॉलर में बेचने के बाद कंपनी का शेयर नीचे आया।

### इन शेयरों में रही घट-बढ़

इसके अलावा एचसीएल टेक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फिनसर्व, लार्सन एंड टुब्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाइटन भी गिरावट के साथ बंद हुईं। दूसरी तरफ, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), हिंदुस्तान यूनिलीवर, एशियन पेंट्स, आईटीसी, टाटा मोटर्स और एनटीपीसी के शेयरों में तेजी रही।

# एलआईसी एमएफ एएमसी ने निवेशकों के लिए पेश की पांच इक्विटी योजनाएं

**मुंबई (एजेंसी)।** भारत के सबसे विश्वसनीय फंड हाउसों में से एक एलआईसी म्यूचुअल फंड (एलआईसी एमएफ) ने अपनी पांच प्रमुख इक्विटी योजनाओं को फिर से पेश करने की घोषणा की है। इसका उद्देश्य उत्पादों की संख्या बढ़ाना, नए निवेशक आकर्षित करना और बदलते बाजार से मेल खाने वाले फंड पेश करना है। 'फंड्स इन फोकस Q1FY25'को पुनः पेश करने के साथ नई तकनीकों को शामिल किया गया है और वृद्धि की संभावनाएं बढ़ाने वाली नवोन्मेषी सुविधाओं व रणनीतियों को अपनाया गया है. इससे फंड की अपील बढ़ेगी। एलआईसी एमएफ द्वारा अप्रैल 2025 तक 41 योजनाओं का प्रबंधन किया जा रहा है, जिनमें 15 इक्विटी फंड, 9 डेट फंड, 6 हाइब्रिड फंड, 1 सॉल्यूशन ओरिएंटेड फंड और 10 ईटीएफ, इंडेक्स व अन्य फंड शामिल हैं. फंड हाउस की एसआईपी से हर महीने इनफ्लो 100 करोड़ रुपये से अधिक है. कुल मिलाकर, एयूएम में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, जो मार्च 2024 के 33,854 करोड़ रुपये से 11 फीसदी बढ़कर अप्रैल 2025 में 37,554 करोड़ रुपये हो गई है. इससे निवेशकों की मजबूत रुचि और पोर्टफोलियो की वृद्धि के बारे में पता चलता है।



### ये फंड पेश किए

- एलआईसी एमएफ वैल्यू फंड
- एलआईसी एमएफ स्मॉल कैप फंड
- एलआईसी एमएफ मल्टी-एसेट एलोकेशन फंड
- एलआईसी एमएफ डिविडेंड यील्ड फंड
- एलआईसी एमएफ फोकस्ड फंड

### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.5 अरब डॉलर बढ़ा

**मुंबई (एजेंसी)।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार नौ मई को समाप्त सप्ताह में 4.55 अरब डॉलर बढ़कर 690.62 अरब डॉलर पहुंच गया। मुख्य रूप से स्वर्ण भंडार बढ़ने से कुल विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके एक सप्ताह पहले कुल विदेशी मुद्रा भंडार 2.06 अरब डॉलर घटकर 686.06 अरब डॉलर रहा था। सितंबर, 2024 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.89 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, नौ मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 19.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 581.37 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।

# सोना 1,400 रुपए बढ़कर 96,450 रुपये प्रति 10 ग्राम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- चांदी 1,000 रुपए उछलकर 98,000 रुपए

आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की ताजा लिवाली के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,400 रुपये बढ़कर 96,450 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। इसी के साथ 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,400 रुपये बढ़कर 96,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। बृहस्पतिवार को 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना क्रमशः 95,050 रुपये और 94,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। शुक्रवार को चांदी की कीमत भी 1,000 रुपये बढ़कर 98,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 97,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

### तीनों देशों के बीच समझौते के कारण बाजार में उतार- चढ़ाव

इस बीच, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हाजिर सोना 50.85 डॉलर यानी 1.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,189.25 डॉलर प्रति औंस रहा था। एलकेपी सिक्योरिटीज में उपाध्यक्ष एवं शोध विश्लेषक जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''अमेरिका, ब्रिटेन तथा चीन जैसे प्रमुख भागीदारों के बीच संभावित व्यापार समझौतों के कारण बाजार में उतार-चढ़ाव रहा और सोने की कीमत 3,200 डॉलर के आसपास मंडराती रही।''

# हुंडई का शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में 4 फीसदी घटा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वाहन कंपनी हुंडई मोटर इंडिया का एकीकृत शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में चार प्रतिशत गिरकर 1,614 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से घरेलू बाजार में बिक्री घटने के कारण मुनाफा कम हुआ है। वित्त वर्ष 2023-24 की इसी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 1,677 करोड़ रुपये रहा था। हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी कुल परिचालन आय समीक्षाधीन तिमाही में बढ़कर 17,940 करोड़ रुपये हो गई, जो 2023-24 की समान तिमाही में 17,671 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने कहा कि उसने चौथी तिमाही में घरेलू बाजार में 1,53,550 इकाइयां बेचीं, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि में यह 1,60,317 इकाइयां थी। चौथी तिमाही में हुंदै का निर्यात बढ़कर 38,100 इकाई हो गया, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 33,400 इकाई था।

**TO WHOM IT MAY CONCERN**

This is to inform that my Client **Mr. Rupesh Jain & Ms. Shilpi Jain** are intending to purchase property bearing Number **674, UGF/|GF, Block D, Saraswati Vihar, Pitampura, New Delhi** from **Mr. Alok Sharma who has lost Perpetual Sub Lease Deed & Conveyance Deed in favour of Ms. Indu Sharma** in respect to the above mentioned property. Anybody who find them is requested to return the same at the address mentioned hereafter. In this regard it is also informed that nobody shall try to misuse the said document as owner of property has not created any authority/power in favour of anybody to use or act upon the said documents. Also any persons claiming any interest whatsoever in the said property/Documents or any part thereof are hereby required to make the same known to the undersigned at his office at the address mentioned hereinafter within 15 days from the date hereof, failing which any such claim shall be considered as waived

**AVNISH TYAGI**
**Advocate**
**A-143, Preet Vihar, Delhi 110092.**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बैकुण्ठपुर**
**जिला-कोरिया (छ.ग.)**
Phone No. 07836-232224 Email ID- nppbkp@gmail.com

क्र./1574/न.पा.परि./लो.नि./2025 बैकुण्ठपुर, दिनांक 14/05/025

– :: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना ::–

लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से जोनल टेंडर के माध्यम से वार्डो में विभिन्न छोटे-छोटे निर्माण कार्य कराये जाने हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका सिस्टम टेंडर क्रमांक 168381, 167358, 168387, 167361, 167341 है। तथा नगर पालिका क्षेत्रान्तर्गत राइजिंग मेन पाईप लाईन विस्तार व जल संग्रहण टैंक निर्माण कार्य। (द्वितीय निविदा) सिस्टम टेण्डर नम्बर 168451 कुल लागत राशि 247.60 लाख रू. एवं निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि जोनल टेण्डर हेतु 04.06.2025 है। व द्वितीय निविदा की अंतिम तिथि 30.05.2025 है। उपरोक्त कार्यों की निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु विभागीय वेवसाईट www.uad.cg.gov.in या http://eproc.cgstate.gov.in का अवलोकन करें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बैकुण्ठपुर
जिला कोरिया (छ.ग.)

स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत निर्माण में योगदान दें

## राशिफल

**मेष** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।

**सिंह** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के विवादों से बचने का प्रयास करें।

**तुला** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** — घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**धनु** — पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** — परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ** — परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन** — वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

## शब्द पहेली - 5869



**बाएँ से दाएँ**
1.सहयोग की भावना-5
4.अकस्मात,एकाएक-4
7.पराजय-2
8.नाव चलाने वाला-3
9.भीगा हुआ-2
10.अनुवाद-4
11.बेल-2
13.योग्य,सही-3
14.घोड़ा गाड़ी-2
15.काव्य,गजल-3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान-2
19.नामकरण-2,3
22.राजा का महल-5
25.प्रेम,ममता-2
26.कपड़े की दीवार-3
28.रास्ता,मार्ग-2
29.सिर,खोपड़ी-3
30.माप-2
32.गुस्सा करना-4
34.व्यंग,चुटीली बात-2
36.नायक,नेता-3
37.एक आंख वाला-2
38.रचनाकार-4
39.कृष्ण का एक नाम-3,2

**ऊपर से नीचे**
1.महोदय (अंग्रेजी-2)
2.डरपोक,भीरू-3
3.व्यंग कसना -5
4.बुद्धि-3
5.झुका हुआ-2
6.कर देने वाला-4
7.चोरी करना,छीनना (मु.-2,3)
10.तहखाना-4
12.एकटक देखना-2
16.वियोग,जुदाई-3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म-2
18.खुजली-2
20.घोटना,मंथन करना-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.रास्ता-2
23.सुगंधित होना-4
24.बिजली का कौंधना-5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू-5)
26.भगवान,ईश्वर-4
27.पेड़ का मध्य भाग-2
31.पटाखे की बाती,-3
33.अभिव्यक्ति-3
35.नृत्य,डांस-2
37.छोटी सवारी गाड़ी-2

### शब्द पहेली- 5868 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | व | र | दा | न | | म | क | स | द | |
| म | | | न | | अ | | ल | | | नि |
| न | | व्य | व | हा | र | कु | श | ल | | य |
| मा | न | व | | | दा | | | कि | म | त |
| नी | | था | | आ | स | न | | र | न | |
| | र | | हा | रा | | ह | त्या | | का | |
| | क | वि | | म | क | र | | क | | रा |
| ह | म | ला | | | ल | | | म | वे | शी |
| वे | | प | र | व | र | दि | गा | र | | फ |
| ली | | | स | | व | | य | | | ल |
| | र | ह | म | त | | घ | ब | रा | ना | |



# दोहा डायमंड लीग में नीरज ने 90.23 मीटर भाला फेंका, यह उनका ऑलटाइम बेस्ट थ्रो



ऐसा करने वाले तीसरे एशियाई एथलीट बने हरियाणा के चोपड़ा

■ दूसरे स्थान पर रहे, जर्मनी के वेबर ने 91.06 मीटर का थ्रो किया

भाषा ⏭ दोहा

भारत के स्टार भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने आखिरकार 90 मीटर की बाधा पार करके 90.23 मीटर का थ्रो फेंका लेकिन डायमंड लीग के दोहा चरण में जर्मनी के जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे। वेबर ने अपने आखिरी प्रयास में 91 . 06 मीटर का थ्रो फेंका। दो ओलंपिक पदक जीत चुके 27 वर्ष के चोपड़ा ने तीसरे प्रयास में 90.23 मीटर का थ्रो फेंका। उनके मौजूदा कोच चेक गणराज्य के जान जेलेंजी 90 मीटर से अधिक का थ्रो फेंकने वाले भालाफेंक खिलाड़ियों में शीर्ष पर हैं। तोक्यो ओलंपिक चैम्पियन चोपड़ा 90 मीटर पार करने वाले दुनिया के 25वें और एशिया के तीसरे खिलाड़ी बन गए। ओलंपिक चैम्पियन पाकिस्तान के अरशद नदीम (92.97) और चीनी ताइपै के चाओ सुन चेंग (91.36) ही एशिया के दो अन्य खिलाड़ी हैं जो 90 मीटर से अधिक का थ्रो फेंक चुके हैं।



## पारूल ने 3000 मीटर स्टीपलचेस में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया

■ अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़कर छठा स्थान हासिल किया

**दोहा।** भारत की पारूल चौधरी ने दोहा डायमंड लीग में महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेस में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़कर छठा स्थान हासिल किया। पारूल ने नौ मिनट 13.39 सेकंड का समय लेकर अपना ही नौ मिनट 15.31 सेकंड का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा जो उन्होंने 2023 में बुडापेस्ट विश्व चैम्पियनशिप में बनाया था। वह बेहद कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच 14 एथलीटों में छठे स्थान पर रही। इसके साथ ही उन्होंने साल के आखिर में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप के लिये भी क्वालीफाई कर लिया। कीनिया की फेथ चेरोटिच नौ मिनट 05.08 सेकंड का समय लेकर शीर्ष पर रही जबकि कतर की विनफ्रेड यावी नौ मिनट 05.26 सेकंड का समय लेकर तीसरे और इथियोपिया की सेंबो अल्मायू नौ मिनट 09.27 सेकंड का समय लेकर तीसरे स्थान पर रही। वहीं पहली बार डायमंड लीग में उतरे गुलवीर सिंह पुरूषों की 5000 मीटर दौड़ में नौवें स्थान पर रहे।

## खबर संक्षेप



### गोल्फर जीव मिल्खा संयुक्त 15वें स्थान पर

**किलकेनी।** दिग्गज भारतीय गोल्फर जीव मिल्खा सिंह ने यूरोप में लीजेंड्स टूर के ओएफएक्स आयरिश लीजेंड्स इवेंट के पहले दौर में 2 अंडर 70 के कार्ड के साथ अच्छी शुरुआत की। मुख्य टूर पर चार बार के चैंपियन जीव दो बोगी के मुकाबले चार बर्डी लगाकर संयुक्त रूप से 15वें स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीका के कीथ हॉर्न शुरुआती दौर में 65 का कार्ड खेलने के बाद हमवतन जेम्स किंग्स्टन से एक शॉट की बढ़त के साथ तालिका में शीर्ष पर है।

### यूटीटी का छठा सत्र 31 से, 15 जून को फाइनल

**नई दिल्ली।** अल्टीमेट टेबल टेनिस का छठा सत्र अहमदाबाद के 'ईकेए एरिना' में दोहरे मुकाबलों के साथ शुरू होगा जिसमें गत चैंपियन डेम्पो गोवा चैलेंजर्स और घरेलू टीम अहमदाबाद एसजी पाइपर्स के बीच मैच भी शामिल है। लीग का आगाज दूसरे सत्र की चैंपियन दबंग दिल्ली टीटीसी और श्रीजा अकुला की अगुवाई वाली जयपुर पैट्रियट्स के बीच होने वाले मैच से होगा। आठ फ्रेंचाइजी 23 मुकाबलों में हिस्सा लेंगी, जिसका फाइनल 15 जून को होगा।



### प्रज्ञानानंदा ने जीता सुपरबेट शतरंज क्लासिक टूर्नामेंट

**बुकारेस्ट(भाषा)।** भारत के आर प्रज्ञानानंदा ने अलीरजा फिरोजा और मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव के साथ रोमांचक टाइब्रेक प्लेआफ मुकाबला जीतकर सुपरबेट शतरंज क्लासिक टूर्नामेंट अपने नाम किया। जीत के बाद प्रज्ञानानंदा ने एक्स पर लिखा ,''अविश्वसनीय अनुभव। अभी अभी बुकारेस्ट में सुपरबेट शतरंज क्लासिक टूर्नामेंट जीता। मेरी टीम और सहयोगियों को लगातार हौसलाअफजाई करने के लिये धन्यवाद।'' प्रज्ञानानंदा, वाचियेर लाग्रेव और फिरोजा नौ दौर के बाद 5.5 अंक लेकर बराबरी पर थे जिससे विजेता का फैसला त्रिकोणीय टाइब्रेकर से हुआ। टाइब्रेकर में पहली दो बाजियां ड्रॉ रहने के बाद प्रज्ञानानंदा ने तीसरी बाजी और खिताब जीता। भारत के विश्व चैम्पियन डी गुकेश चार अंक लेकर नौवें स्थान पर रहे। अब ग्रैंड शतरंज टूर का अगला टूर्नामेंट सुपर युनाइटेड रैपिड और ब्लिट्ज एक जुलाई से क्रोएशिया में खेला जाएगा।

### मैच में सभी की निगाहें टेस्ट से संन्यास लेने वाले कोहली पर होंगी

# आज से फिर शुरू होगा आईपीएल का रोमांच कोलकाता और बेंगलुरु के बीच होगा मुकाबला

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव और सैन्य टकराव के कारण स्थगित इंडियन प्रीमियर लीग शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइटराइडर्स के बीच होने वाले मुकाबले के साथ फिर से शुरू होगा। मैच में सभी की निगाहें हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले विराट कोहली पर होंगी। दस दिनों के अप्रत्याशित रुकावट के बाद आरसीबी और केकेआर दोनों अपने-अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए पूरा जोर लगाएंगे।

आरसीबी 11 मैचों में 16 अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है और यहां जीत टीम के लिए प्लेऑफ में जगह लगभग पक्की कर देगी। केकेआर 12 मैचों में 11 अंकों के साथ तालिका में छठे स्थान पर है और एक भी हार मौजूदा चैंपियन की नॉकआउट में जगह बनाने की उम्मीदों को खत्म कर देगी। लीग की रुकावट से पहले दोनों टीमें शानदार लय में थी। आरसीबी ने जहां अपने पिछले चारों मैचों में जीत दर्ज की है वहीं केकेआर की टीम लगातार दो जीत के साथ इस मैच में उतरेगी।



### विराट के सम्मान में सफेद जर्सी पहनेंगे प्रशंसक

मैच में हालांकि सबकी नजरें कोहली पर होंगी। स्टेडियम में भी दर्शक उनके नाम का सबसे ज्यादा नारा लगाएंगे। इस दिग्गज बल्लेबाज ने इस सप्ताह की शुरुआत में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। सोशल मीडिया पर चल रही चर्चाओं पर अगर गौर करें तो प्रशंसक खेल के पारंपरिक प्रारूप को सबसे ज्यादा महत्व देने वाले इस बल्लेबाज को सम्मानित करने के लिए सफेद जर्सी पहनने की योजना बना रहे हैं। शानदार लय में चल रहे कोहली भी टेस्ट करियर के अचानक समाप्त होने के बाद बल्ले से कुछ प्रभावशाली पारियां खेलना चाहेंगे।

### लौटे विदेशी खिलाड़ी

कागजों पर दोनों टीमों की तुलना करें तो इसमें कोई शक नहीं की केकेआर पर आरसीबी का पलड़ा भारी होगा। चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ चोटिल हुए कप्तान रजत पाटीदार ने अभ्यास सत्र में बिना किसी परेशानी के बल्लेबाजी की। पाटीदार को उंगली में चोट लगी थी लेकिन नेट सत्र में उन्होंने धाराप्रवाह बल्लेबाजी की। मेजबान टीम के अधिकांश विदेशी खिलाड़ी भी भारत-पाक सैन्य टकराव के बाद स्वदेश लौट आए हैं। फिल साल्ट, लुंगी एनगिडी, टिम डेविड, लियाम लिविंगस्टोन और रोमारियो शेफर्ड जैसे खिलाड़ी टीम के लिए उपलब्ध हैं।

### केकेआर के बल्लेबाज फेल

केकेआर को मौजूदा सत्र में सबसे ज्यादा निराशा अपने बल्लेबाजों से हुई है। कप्तान अजिंक्य रहाणे और युवा अंगकृष रघुवंशी के अलावा किसी भी बल्लेबाज ने निरंतरता नहीं दिखायी हैं। टीम के लिए लीग चरण के सभी मैच करो या मरो की तरह है ऐसे में उसे वेंकटेश अय्यर, आंद्रे रसेल और रिंकू सिंह से प्रभावी पारियों की उम्मीद होगी। टीम को इंग्लैंड के अनुभवी हरफनमौला मोईन अली की कमी खलेगी। मोईन वायरल बुखार के कारण लीग से बाहर हो गये हैं। वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा और हर्षित राणा की केकेआर की गेंदबाजी लाइन-अप ने कई मौकों पर महंगे साबित होने के बावजूद अपनी पकड़ बनाए रखी है।

### पडिक्कल-हेजलवुड चोटिल

देवदत्त पडिक्कल और तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की चोट के कारण गैरमौजूदगी हालांकि एक बड़ी समस्या हो सकती है। आरसीबी पडिक्कल की जगह लेने वाले मयंक अग्रवाल से इस मौके को भुनाने की उम्मीद करेगी। हेजलवुड के कंधे में चोट है और फ्रेंचाइजी ने अभी तक उनकी उपलब्धता के बारे में जानकारी नहीं दी है।

क्रिकेट

## विकल्प के तौर पर टीम से जुड़ने से निराश था



एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की अगुवाई कर रहे रजत पाटीदार 2022 सत्र को लेकर काफी निराश थे जब आश्वासन के बावजूद फ्रेंचाइजी ने खिलाड़ियों की नीलामी में उन्हें नजरअंदाज कर दिया था। टीम में चोटिल खिलाड़ी के विकल्प के तौर पर शामिल हुए पाटीदार ने कहा कि वह तब 'दुखी' और 'गुस्से' में थे। पाटीदार ने यह भी स्वीकार किया कि आईपीएल 2025 से पहले विराट कोहली द्वारा कप्तानी सौंपे जाने के कारण वह दबाव महसूस कर रहे थे लेकिन इस दिग्गज खिलाड़ी के समर्थन भरे शब्दों ने उन्हें सहज कर दिया।

### संयम बनाए रखने की कोशिश की: मो बोबाट



**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के क्रिकेट निदेशक मो बोबाट ने कहा कि धर्मशाला में खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग के मैच के रद्द होने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाड़ियों और कर्मचारियों के लिए वह शाम भ्रम, अफवाहों और स्पष्टता की कमी से भरी थी और उन्हें उम्मीद नहीं थी कि यह विवाद इतनी जल्दी सुलझ जाएगा। आरसीबी के खिलाड़ी अभ्यास सत्र के बाद टीम बस से अपने होटल लौट रहे थे, जब उन्होंने आठ मई को पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेटरों को धर्मशाला स्टेडियम से अंधेरे में बाहर निकलते हुए देखा।

भावुक हुए रोहित

## अपने नाम का स्टैंड बनने के बाद वानखेड़े पर खेलना खास होगा



एजेंसी ⏭ मुंबई

वानखेड़े स्टेडियम पर अपने नाम के स्टैंड के उद्घाटन के बाद भारत के सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा ने कहा कि भारत की जर्सी में अब इस मैदान पर एक दिवसीय क्रिकेट खेलने का अनुभव खास होगा। मुंबई क्रिकेट संघ ने वानखेड़े स्टेडियम पर रोहित, भारत के पूर्व कप्तान अजित वाडेकर और बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष शरद पवार के नाम के स्टैंड का उद्घाटन किया।

सात मई को टेस्ट क्रिकेट से विदा लेने वाले रोहित ने कहा, 'जो आज हो रहा है, वह मैने कभी सोचा भी नहीं था। आप कई उपलब्धियां हासिल करने की कोशिश करते हैं लेकिन यह कुछ खास है क्योंकि वानखेड़े स्टेडियम अलग है और यहां कई यादें बनी हैं। यहां खेल के दिग्गजों और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ राजनेता के बीच मेरा नाम होना, मैं अपने जज्बात व्यक्त नहीं कर सकता।

मैं बहुत आभारी हूं।' पिछले साल भारत को विश्व कप दिलाने के बाद टी20 क्रिकेट से विदा ले चुके रोहित ने कहा, 'मैं अभी भी खेल रहा हूं और दो प्रारूप से विदा ली है। जब 21 तारीख को (मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल) यहां खेलूंगा और मेरे नाम का स्टैंड होगा तो खास होगा। भारत के लिए यहां खेलना काफी खास होगा।'

### रोहित ने परिजनों को कहा धन्यवाद



रोहित ने कहा, 'मेरा परिवार, माता पिता, भाई और पत्नी यहां है। उन्होंने मेरे लिए जो भी कुर्बानियां दी है, मैं कृतज्ञ और आभारी हूं। मेरी खास टीम मुंबई इंडियंस भी यहां है जो मेरा भाषण खत्म होने के बाद अभ्यास शुरू करने की तैयारी में है। पवार साहेब और देवेंद्र फड़नवीस (महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री) को भी धन्यवाद जिन्होंने इस दिन को खास बनाया।' फड़नवीस ने कहा, 'हमारे दिग्गज बल्लेबाज, कप्तान और मेरे पसंदीदा में से एक और अपनी बल्लेबाजी से मन मोहने वाले यहां हैं। अगर एमसीए नया स्टेडियम बनाने के लिये प्रस्ताव भेजता है तो हम जमीन आवंटित करेंगे ताकि और प्रशंसकों के लिये जगह बन सके।'

## अनवर कल खिताब के लिए पेश करेंगे चनौती



**बेंगलुरु।** भारतीय पेशेवर मुक्केबाज फैजान अनवर रविवार को यहां 'सनबर्न यूनियन' में 'सुपर फाइटर सीरीज' में 'डब्लूबीए एशिया मिडिल ईस्ट' के सुपर लाइटवेट वर्ग के खिताब के लिए घाना के कपकपो अलोटे से भिड़ेंगे। इस फाइट नाइट में 10 मुकाबले निर्धारित है। इसमें चार अंतरराष्ट्रीय मुकाबले और दो 'डब्लूबीए एशिया मिडिल ईस्ट' खिताबी मुकाबले शामिल हैं। मुख्य स्पर्धाओं में महिला वर्ग में भारत की रानी देवी का मुकाबला बेलारूस की अलेक्सांद्रा सिटनिकोवा जबकि पुरुष वर्ग में यूक्रेन के डेनियलो होन्चारुक का सामना दागिस्तान के रुसलान कामिलोव से होगा इस प्रतियोगिता में रितेश सिंह बिष्ट, कविंदर सिंह बिष्ट, वनलालावम्पुइया, एफ जोरमछाना जैसे प्रमुख नामों के साथ बेंगलुरु में प्रशिक्षण ले रहे रोहित चौधरी, हर्षा सरोहा और कमला रोका, जैसे उभरते हुए प्रतिभाशाली खिलाड़ी भी शामिल होंगे।

## बार्सिलोना 28वीं बार बना ला लिगा चैंपियन

- **2-0** से एस्पेनयॉल को हराया
- **2** मैच शेष रहते हुआ फैसला
- **53**वें में यमाल ने दागा गोल
- **95**वें मिनट में लॉपेज का हिट
- **36** मैचों में बार्सिलोना की **27**वीं जीत
- **85** अंक के साथ खिताब पक्का



एजेंसी ⏭ बार्सीलोना

किशोर खिलाड़ी लैमिन यमाल के शानदार गोल की मदद से बार्सिलोना ने गुरुवार रात को एस्पेनयॉल को 2-0 से हराकर दो मैच शेष रहते हुए 28वीं बार ला लिगा (स्पेन की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग) खिताब को अपने नाम किया। मैच का पहला हाफ गोल रहित छूटने के बाद 17 साल के यमाल ने 53वें में गोल कर बार्सिलोना को बढ़त दिलाई और फेरमिन लॉपेज ने स्टॉपेज समय (90+5 मिनट) में गोल कर टीम की 2-0 से जीत पक्की कर दी। एफसी बार्सिलोना की यह 36 मैचों में 27वीं जीत है और टीम ने 85 अंक के साथ खिताब पक्का कर लिया। दूसरे स्थान पर काबिल रियल मैड्रिड के इतने ही मैचों में 78 अंक है और अब उसके लिए बार्सीलोना की बराबरी करना संभव नहीं है। बाईस साल के पेड्री का यह बार्सीलोना के लिए 200वां मैच था।

### गावस्कर ने आईपीएल को कहा भविष्य के कप्तानों का ट्रेनिंग मैदान

# टेस्ट कप्तानी के लिए गिल सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग भविष्य के भारतीय कप्तानों की ट्रेनिंग के लिए बिलकुल सही मैदान है जो शुभमन गिल जैसे खिलाड़ियों को शीर्ष स्तर पर पहुंचने से पहले जरूरी अनुभव प्रदान कर रहा है।

रोहित शर्मा के संन्यास के बाद गुजरात टाइटन्स के कप्तान गिल इंग्लैंड के टेस्ट दौरे पर भारत की कप्तानी कर सकते हैं और ऋषभ पंत उप कप्तान हो सकते हैं। रोहित के इस फैसले के कुछ ही दिन बाद विराट कोहली के संन्यास ने टेस्ट टीम में खालीपन पैदा कर दिया है।



गावस्कर ने कहा कि गिल के अलावा अन्य संभावित कप्तान जैसे पंत तथा श्रेयस अय्यर को तैयार होने में कम से कम दो साल लगेंगे। 'स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम' में एक सवाल के जवाब में गावस्कर ने कहा, 'हमारे सुपर कप्तान (एमएस धोनी, रोहित, विराट) के स्तर तक पहुंचने के लिए भविष्य के कप्तानों को तैयार करने में दो साल लगेंगे। इन सभी ने कप्तानी के लिए अलग दृष्टिकोण अपनाया है।' पंत इस समय लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी कर रहे हैं जबकि अय्यर इस आईपीएल में पंजाब किंग्स की कप्तानी कर रहे हैं।

गावस्कर ने कहा, 'जब आप गिल, अय्यर और पंत को देखते हैं जो भारतीय कप्तानी के तीन मुख्य दावेदार हैं तो आप तीनों (धोनी, रोहित, विराट) का एक मिश्रण देखते हैं। गिल शायद अधिक प्रतिस्पर्धी हैं क्योंकि जब भी कोई फैसला होता है तो वह तुरंत अंपायर से पूछते हैं। वह शायद इनमें ज्यादा ही शामिल होते हैं। हालांकि पंत स्टंप के पीछे होते हैं और वह भी इन सभी मैदानी फैसलों में अच्छी तरह शामिल होते हैं। अय्यर भी शानदार रहे हैं। इन तीनों ने सकारात्मक तरीके से कप्तानी की है।'

### खिताब पर ध्यान दें गिल

इसी कार्यक्रम में भारत के पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना ने राष्ट्रीय टीम की कप्तानी संभालने से पहले बतौर कप्तान आईपीएल जीतने की अहमियत की बात की। उन्होंने कहा, 'युवा खिलाड़ी इन दिनों काफी अलग तरह से सोचते हैं। गिल आईपीएल ट्रॉफी जीतने के लिए प्रयासरत हैं। अगर वह आईपीएल में जीतने के बाद टेस्ट में टीम की अगुआई करेंगे तो वह सिर्फ अच्छा प्रदर्शन नहीं करेंगे बल्कि उन्हें ड्रेसिंग रूम में काफी सम्मान भी मिलेगा। रजत पाटीदार भी अच्छी कप्तानी कर रहे हैं। हालांकि उन्होंने ज्यादा कप्तानी नहीं की है, लेकिन वह बहुत शांत है।'

## भारत-अफगानिस्तान के विदेश मंत्रियों के बीच हुई बातचीत पर विशेषज्ञों की प्रतिक्रिया

# पाक आतंकवाद के शिकार हैं भारत-अफगानिस्तान, जयशंकर-मुत्ताकी की बातचीत के बड़े मायने

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाकिस्तान की सीमाओं पर बढ़े हुए तनाव के बीच एक बेहद महत्वपूर्ण कूटनीतिक घटनाक्रम सामने आया है। जिसमें भारत के विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर और अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के कार्यवाहक विदेश मंत्री मावलवी आमिर खान मुत्ताकी के बीच फोन पर बातचीत हुई है। विदेश और रक्षा मामलों के विशेषज्ञ इस वार्ता को एक बेहद महत्वपूर्ण सकारात्मक कदम बताते हुए कहते हैं कि वर्तमान सुरक्षा परिदृश्य के बीच इसकी सामरिक और कूटनीतिक दृष्टिकोण से खासी अहमियत है। जो साफ तौर पर बताती है कि पाकिस्तान की उसके निकट पड़ोसी देश यानी अफगानों के साथ भी रिश्तों में दरार पड़ चुकी है। पाक प्रायोजित आतंकवाद ने भारत के साथ-साथ अफगानिस्तान को भी नहीं बख्शा है। लेकिन अब भारत-अफगानिस्तान की नजदीकी का बढ़ना एक अच्छा और सकारात्मक संकेत देता है। जो भविष्य में दोनों देशों के लिए लाभप्रद साबित हो सकता है।




### काबुलीवाले की कहानी सुनकर बढ़े हुए भारतीय

लेफ्टिनेंट जनरल कुलकर्णी ने कहा, भारत में लोग काबुली वाले की कहानी सुनकर बढ़े हुए हैं। हमारे लिए पठान मतलब अच्छा इंसान है। हमने खान अब्दुल गफ्फार खान (फ्रंटियर गांधी) को भारत रत्न दिया। इन सभी को देखते हुए पठानों के बीच हमारा दबदबा रहना चाहिए। अफगानिस्तान में 50 फीसदी पठान हैं। भारत भी उनसे अच्छे रिश्ते चाहता है। इस लिहाज से देखें तो दोनों विदेश मंत्रियों की बातचीत भारत के लिए काफी मुफीद रहेगी।

### दुनिया तालिबान के संपर्क में, हम क्यों नहीं?

*पूर्व राजदूत अनिल त्रिगुणायत ने कहा कि मौजूदा वक्त में भारत और अफगानिस्तान के विदेश मंत्रियों के बीच बातचीत का होना एक बहुत अच्छा और सकारात्मक कदम है। तालिबान लंबे समय से भारत के साथ अच्छे रिश्ते बनाए रखने का इच्छुक रहा है। हमारी अपनी कुछ बाध्यताएं हैं। लेकिन इससे इंकार नहीं किया जा सकता कि भारत और अफगानिस्तान के बीच हमेशा से पारंपरिक रिश्ते रहे हैं। फिर चाहे वहां पर तालिबान की सत्ता रही हो या किसी और की। तालिबान के सत्ता में लौटने से पहले भारत ने अफगानिस्तान के क्षमता विकास पर 3 अरब डॉलर का निवेश किया था। हमने उनकी संसद से लेकर अस्पताल, बांध, सड़कें बनाई हैं। वर्तमान में भी हम अफगानिस्तान के क्षमता विकास के लिए काम रहे हैं। भारत लगातार उन्हें मानवीय सहायता भेज रहा है।*

### दुश्मन का दुश्मन, हमारा दोस्त

सेना के सेवानिवृत अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल संजय कुलकर्णी ने कहा कि दुश्मन का दुश्मन यानी हमारा दोस्त। इसलिए भारत और अफगानिस्तान के विदेश मंत्रियों की बातचीत एक स्वागत योग्य कदम है। हम वहां पर विकास के लिए सालों से निवेश कर रहे हैं। वर्तमान में अफगानिस्तान भी इस बात को अच्छे से जानता है कि भारत, पाकिस्तान जैसा नहीं है। पाकिस्तान का मकसद अफगानिस्तान को हड़पकर भारत के खिलाफ सामरिक बढ़त (डेप्थ) हासिल करने का था। लेकिन अब उसके चेहरे से नकाब उतर चुका है। पाकिस्तान, अफगानिस्तान के पश्तूनों को पाक से निकाल रहा है। ये कार्रवाई अफगान तालिबान को पसंद नहीं आ रही है। टीटीपी की शुरुआत यही से हुई है।

### जयशंकर ने की बातचीत की पुष्टि

विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने अपनी एक हालिया एक्स पोस्ट में तालिबान के विदेश मंत्री के साथ हुई इस बातचीत की पुष्टि की है। उन्होंने लिखा, कार्यवाहक अफगान विदेश मंत्री के साथ अच्छी बातचीत हुई। भारत की तरफ से पहलगाम आतंकी हमले की अफगानिस्तान की ओर से की गई निंदा की सराहना करता हूं। पारंपरिक मित्रता और सहयोग बढ़ाने के तरीकों और साधनों पर हमारी बातचीत के दौरान चर्चा की गई। साथ ही दोनों देशों के बीच झूठी और निराधार रिपोर्टों के जरिए अविश्वास पैदा करने के हालिया प्रयासों को उनकी दृढ़ अस्वीकृति के लिए मैंने सराहना की है। बातचीत में मैंने अफगान लोगों के साथ हमारी पारंपरिक मित्रता व उनकी विकास आवश्यकताओं के लिए निरंतर समर्थन को रेखांकित किया। सहयोग को आगे बढ़ाने के साधनों और तरीकों पर चर्चा की गई है।

### राष्ट्रीय हितों से बदलती विदेश नीति

त्रिगुणायत ने कहा कि आज की हकीकत ये है कि रूस ने तालिबान को मान्यता दे दी है। चीन ने उनके दूतावास को स्वीकार किया है, हमारा दूतावास भी वहां पर है। ईरान उनसे बात कर रहा है। अमेरिका लगातार तालिबान से बातचीत कर रहा है। उन्होंने उनके साथ दोहा समझौता भी किया है। मतलब पूरी दुनिया तालिबान से बात कर रही है। ऐसे में हमारे उनसे बातचीत करने में कोई दिक्कत नहीं है। अब वो ही अफगानिस्तान की सच्चाई हैं और हमें भी उनसे बात करनी पड़ेगी। बदली हुई परिस्थिति में अफगानिस्तान काफी अहम भूमिका निभाएगा। क्योंकि पाकिस्तान के आतंकवाद के भारत और अफगानिस्तान दोनों शिकार रहे हैं। उन्होंने कहा, विदेश नीति में आपका कोई स्थायी मित्र या दुश्मन नहीं होता है। राष्ट्रीय हितों के हिसाब से नीति बदलती रहती है।

---

## खबर संक्षेप

### माउंट एवरेस्ट से उतरते समय पर्वतारोही की मौत

**काठमांडू।** एक 45 वर्षीय भारतीय पर्वतारोही की दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट से उतरते समय मौत हो गई। दावा किया जा रहा है कि ऊंचाई संबंधी स्वास्थ्य समस्या होने पर भारतीय पर्वतारोही की जान गई। मृतक भारतीय पर्वतारोही की पहचान सुब्रत घोष के रूप में हुई है, जो पश्चिम बंगाल के रहने वाले थे। इस सीजन में माउंट एवरेस्ट पर मरने वाले सुब्रत घोष दूसरे विदेशी पर्वतारोही हैं। ट्रैकिंग कराने वाली एजेंसी के एमडी बोधराज भंडारी के हवाले से बताया कि सुब्रत घोष की जान माउंट एवरेस्ट की चोटी से ठीक नीचे हिलेरी स्टेप पर हुई।



### यूपी का लाल, लंदन में बना मेयर, गांव में जश्न

**मिर्जापुर।** यूपी में मिर्जापुर जिले के लाल राज कुमार मिश्रा ने लंदन में इतिहास रचकर देश का नाम रौशन कर दिया है। राजकुमार मिश्रा लंदन के बेलिगबौरी शहर के नए मेयर चुने गए हैं। भटेरा गांव के रहने वाले मिश्रा ने ब्रिटेन के बेलिगबौरी शहर में मेयर का चुनाव जीतकर अपने गांव, जिले और देश का नाम रौशन किया है। राजकुमार मिश्रा के इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर उनके गांव में जश्न का माहौल है। उनके पिता मुन्ना लाल मिश्रा एक साधारण किसान हैं।



---

## पिटाई के बाद पीएम शहबाज को आई शांति की याद

### परमाणु हमले की गीदड़भभकी देने वाला आतंकी देश पाकिस्तान अब भारत के सामने गिड़गिड़ाने

# पहले पानी मांगा और अब 'बातचीत' का दिया ऑफर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब पाकिस्तान की हेकड़ी निकल गई है। परमाणु हमले की गीदड़भभकी देने वाला आतंकी देश पाकिस्तान अब भारत के सामने गिड़गिड़ाने लगा है। पाकिस्तान ने पहले सिंधु जल समझौते को लेकर पत्र लिखा, इसे स्थगित करने के अपने फैसले पर फिर से विचार करने की अपील की।

अब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारत को बातचीत का ऑफर दे दिया है। शहबाज शरीफ ने कहा है कि पाकिस्तान शांति के लिए भारत से बातचीत को तैयार है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गुरुवार को पंजाब प्रांत के कमरा एयरबेस का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों और जवानों से बात की। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने इस दौरान शांति के लिए भारत से बातचीत को तैयार होने की बात कही।



**लेकिन, कश्मीर का राग भी अलापा:** उन्होंने यह भी जोड़ा कि जब शांति की बात कह रहा हूं तो इसमें कश्मीर मसला भी है। पाकिस्तान ने हाल ही में सिंधु जल समझौते को स्थगित करने के फैसले को लेकर भी जल शक्ति मंत्रालय को पत्र लिखकर पुनर्विचार की अपील की थी। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब भारत दो टूक कह चुका है कि बात होगी तो पाक के कब्जे वाले कश्मीर और आतंकवाद पर होगी।

### पीएम मोदी कह चुके हैं....बात बस पीओके पर होगी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद राष्ट्र को संबोधित करते हुए पाकिस्तान और विश्व समुदाय को स्पष्ट संदेश दे दिया था। पीएम ने अपने संबोधन में दो टूक कहा था कि पाकिस्तान से अगर बातचीत होगी, तो पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पर होगी। आतंकवाद पर होगी। बाकी किसी भी मसले पर कोई बात नहीं होगी। बता दें कि भारत का हमेशा ही यह स्टैंड रहा है कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर, केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख भारत का अभिन्न अंग है और हमेशा रहेगा।

### पाकिस्तान के पूर्व एयर मार्शल ने ही खोली अपने देश की पोल- बताया 4 ब्रह्मोस मिसाइल ने क्या तबाही मचाई?

***इंटरव्यू के दौरान एयर मार्शल ने बताया कि पाकिस्तान बोलारी बेस पर चार सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें दागी गईं***

**नई दिल्ली।** एक रिटायर्ड पाकिस्तानी एयर मार्शल ने भारत के पाकिस्तान पर हुए हवाई हमले को लेकर सनसनीखेज जानकारी दी है। पूर्व पाकिस्तानी एयर मार्शल मसूद अख्तर ने एक इंटरव्यू के दौरान दावा किया कि भारतीय मिसाइलों ने हाल ही में पाकिस्तान एयरफोर्स (पीएएफ) के बोलारी एयरबेस पर एक विमान को नष्ट कर दिया। सूत्रों के अनुसार, यह उन दो विमानों में से एक था जो ग्राउंड पर तबाह हुए। इंटरव्यू के दौरान एयर मार्शल ने बताया कि पाकिस्तान बोलारी बेस पर चार सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें दागी गईं। घटनाक्रम के दौरान पायलट्स ने तत्काल अपने विमानों को सुरक्षित करने के प्रयास शुरू किए।



---

### भारत-पाक मीडिया ने ही खोल दी पोल

# इशाक ने अपनी ही संसद में दिखा दी 'फर्जी' खबर




एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने पाकिस्तान की संसद में एक विदेशी अखबार की फर्जी तस्वीर का जिक्र कर झूठा दावा किया कि पाकिस्तानी वायुसेना संघर्ष में भारतीय वायुसेना पर भारी पड़ी। इस दौरान पाकिस्तानी विदेश मंत्री ने ब्रिटिश अखबार द डेली टेलीग्राफ के एक लेख की तस्वीर का हवाला दिया।

हालांकि, पाकिस्तानी मीडिया ने ही अपने विदेश मंत्री के झूठ का पर्दाफाश कर दिया। फैक्ट चेक में विदेशी अखबार की तस्वीर फर्जी निकली है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने गुरुवार को पाकिस्तान की संसद में बताया कि ब्रिटिश अखबार द डेली टेलीग्राफ ने लिखा कि 'पाकिस्तानी वायुसेना, आकाश में निर्विवाद किंग रही।' इस पर पाकिस्तान के एक जाने-माने अखबार ने ही फैक्ट चेक कर अपने विदेश मंत्री के दावे को खारिज कर दिया।

### ऐसा आर्टिकल कभी प्रकाशित नहीं हुआ

भारत सरकार के प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो (पीआईबी) ने फैक्ट चेक के माध्यम से पाकिस्तान के विदेश मंत्री का यह झूठ सोशल मीडिया पर उजागर किया है। 'पीआईबी फैक्ट चैक' ने पाक विदेश मंत्री के दावे को पूरी तरह फर्जी करार दिया और बताया कि 'द डेली टेलीग्राफ' की जिस हेडलाइन को आधार बनाकर यह दावा किया गया है, वह असल में एक एआई इमेज है, जो असली नहीं है और न ही किसी तरह से सच पर आधारित है। 'पीआईबी फैक्ट चैक' 'एक्स' अकाउंट पर पोस्ट में कहा कि सोशल मीडिया पर प्रसारित एक तस्वीर में दावा किया गया है कि यह ब्रिटेन के अखबार 'द डेली टेलीग्राफ' के पहले पन्ने की है।

### फैक्ट चेक में फर्जी निकली तस्वीर

फैक्ट चेक के जरिए पता लगाया कि वायरल तस्वीर में जो लेख है, उसमें स्पेलिंग की गलतियां थीं, जो एक प्रतिष्ठित अखबार के संपादकीय में नहीं हो सकतीं। पेज का लेआउट भी डेली टेलीग्राफ के लेआउट से मेल नहीं खाता। पाकिस्तान के कई अन्य पत्रकारों ने भी इस तस्वीर का फैक्ट चेक किया और इस खबर को फर्जी पाया।

---

### भारत-यूएई साझेदारी होगी और मजबूत

# आईआईएफटी दुबई में खोलेगा विदेशी परिसर, तैयार होंगे लीडर्स

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) ने दुबई में अपना पहला विदेशी परिसर स्थापित करने की घोषणा की है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आईआईएफटी को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि यह वास्तव में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना को दर्शाता है, जो भारतीय शिक्षा के अंतर्राष्ट्रीयकरण और वैश्विक स्तर पर विचार नेतृत्व को आकार देने में इसकी बढ़ती भूमिका में एक नया अध्याय जोड़ता है।

### भारत की शैक्षिक उपस्थिति मजबूत होगी



*पीयूष गोयल ने कहा कि दुबई में बनने वाला यह परिसर यूएई के साथ भारत के बढ़ते शैक्षिक सहयोग को दर्शाता है और यह भारतीय मूल्यों और अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण से लैस वैश्विक व्यापार जगत के नेताओं को विकसित करने के लिए एक रणनीतिक केंद्र बनने के लिए तैयार है। यह न केवल भारतीय प्रवासियों और वैश्विक शिक्षार्थियों की गतिशील जरूरतों को पूरा करेगा बल्कि खाड़ी क्षेत्र में भारत की शैक्षिक उपस्थिति को भी मजबूत करेगा।*

### अंतरराष्ट्रीय व्यापार में विश्व स्तरीय शिक्षा देंगे

वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि यह आईआईएफटी के 62 साल के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ है कि संस्थान दुबई में एक पूर्ण परिसर स्थापित कर रहा है। यह विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय व्यापार के क्षेत्र में विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करता है।

---

### जासूसी के आरोप में पानीपत से पकड़ा

# पाक के आईएसआई हैंडलर के संपर्क में था नौमान इलाही

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा पुलिस ने एक युवक को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में पानीपत से पकड़ा है। 24 साल का यह युवक नौमान इलाही उत्तर प्रदेश के कैराना का रहने वाला है। वह एक फैक्ट्री में सुरक्षा गार्ड के तौर पर काम करता था। वह पाकिस्तान की प्रमुख सैन्य खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के हैंडलर के संपर्क में था।



### सोशल मीडिया पर भेजता था जानकारी

इलाही पाकिस्तानी आतंकी इकबाल के अलावा वहां के कई संगठनों के टच में था। वह उन्हें वॉट्सऐप व अन्य सोशल मीडिया एप के जरिए भारत की खुफिया जानकारी भेज रहा था। इनमें ज्यादातर जानकारी रेलवे स्टेशनों से जुड़ी हुई है। पुलिस ने उसके नंबर से हो रही संदिग्ध गतिविधि को ट्रेस करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल, वह छह दिन की पुलिस रिमांड पर है। 20 मई को उसे कोर्ट में दोबारा पेश किया जाएगा।

---

### तुर्किये ने मध्यस्थता की, दोनों देशों के प्रतिनिधि शामिल थे

# रूस-यूक्रेन में जंग रोकने पर पहली बातचीत खत्म, 2 घंटे से भी कम चली

एजेंसी ▶▶ इस्तांबुल

तुर्किये में रूस और यूक्रेन के बीच जंग रोकने को लेकर चल रही पहली बातचीत खत्म हो गई है। इस्तांबुल में हो रही इस बातचीत में दोनों देशों का प्रतिनिधिमंडल शामिल हुआ, जिसकी मध्यस्थता तुर्किये के अधिकारियों ने की। यह बातचीत लगभग 2 घंटे तक चली। अभी इसके नतीजे सामने आना बाकी हैं। यूक्रेन के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रक्षा मंत्री रुस्तम उमरोव और रूस के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पुतिन के सहयोगी व्लादिमिर मेंडिस्की ने किया। रूस और यूक्रेन के बीच फरवरी 2022 से जंग जारी है।

### जल्द ही पुतिन से मिलूंगा: ट्रंप



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि वह जल्द ही अपने रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन से सीधी बीतचीत की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि जब तक पुतिन और मैं एक साथ नहीं आते, तब तक कुछ भी होने वाला है, चाहे आप इसे पसंद करें या नहीं। लेकिन हमें इसे हल करना होगा क्योंकि बहुत से लोग मर रहे हैं। हालांकि क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि पुतिन की आने वाले दिनों में ट्रंप से मिलने की कोई योजना नहीं है।

### रूस को जमीन नहीं देंगे: जेलेंस्की

जेलेंस्की ने इससे पहले साफ कहा है कि यूक्रेन कभी भी उन इलाकों को रूस का हिस्सा नहीं मानेगा, जो अभी रूस के कब्जे में हैं। शांति वार्ता आगे बढ़ेगी, लेकिन यूक्रेन अपनी जमीन से समझौता नहीं करेगा। जमीन यूक्रेन की है और यह हमेशा यूक्रेन की ही रहेगी। रूस ने यूक्रेन के खिलाफ चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो उस पर और भी कड़े प्रतिबंध लगाए जाएंगे।

---

### सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों के समन्वय और सहयोग से सफल रहा अभियान

# तीन दिन में दो बड़े आतंकवाद विरोधी मिशन में 6 आतंकी ढेर

एजेंसी ▶▶ अवंतीपुरा

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सुरक्षा बलों ने आतंकवाद विरोधी अभियानों में तेजी लाते हुए दक्षिण कश्मीर में पिछले तीन दिनों में छह आतंकवादियों को मार गिराया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक वीके बिरदी ने कहा कि सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों के बीच समन्वय एवं सहयोग और बढ़ी हुई सतर्कता के कारण दो सफल अभियान चलाए गए, जिनमें छह आतंकवादी मारे गए। उन्होंने कहा कि हम कश्मीर में किसी भी आतंकवादी गतिविधि को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और हम हमेशा ऐसे कृत्यों को रोकने के लिए तैयार हैं। मंगलवार और गुरुवार को क्रमशः शोपियां के केल्लर इलाके और पुलवामा के त्राल के नादर इलाके में मुठभेड़ हुई। दोनों अभियानों में तीन-तीन आतंकवादी मारे गए। इस दौरान दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में विक्टर फोर्स के मुख्यालय में विक्टर फोर्स के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) मेजर जनरल धनंजय जोशी और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिरीक्षक मितेश जैन भी मौजूद रहे।



### शोपियां के केल्लर इलाके और पुलवामा के त्राल के नादर इलाके में मुठभेड़ हुई

### त्राल में नागरिकों और बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला

जीओसी मेजर जोशी ने कहा कि हमारे पास खुफिया जानकारी थी कि बर्फ पिघलने के बाद आतंकवादी ऊंचे इलाकों की ओर चले गए हैं। इसे ध्यान में रखते हुए, हमारी टीम लगातार ऊंचे इलाकों, पर्वतीय क्षेत्रों और जंगलों में तैनात थीं। 12 मई की रात को सुरक्षा एजेंसियों को शोपियां के केल्लर इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिली थी। हमने आतंकियों को चुनौती दी, इसके बाद मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए। वहीं, त्राल में हमने गांव को चारों तरफ से घेर लिया था। आतंकवादियों ने अलग-अलग घरों में मोर्चा संभाल लिया और गोलीबारी शुरू कर दी। हमने मासूम नागरिकों, बच्चों को सुरक्षित बाहर निकालना। इसके बाद एक-एक कर घरों की व्यवस्थित तरीके से तलाशी ली गई।

### आतंकवाद का सफाया करने लोगों का समर्थन जरूरी

*सीआरपीएफ के महानिरीक्षक मितेश जैन ने कहा कि लोगों के समर्थन के बिना आतंकवाद का सफाया करना न केवल कठिन है, बल्कि असंभव भी है। सफल अभियान इस बात का प्रमाण है कि यहां के लोग जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद का खात्मा चाहते हैं। उत्तरी कमान के सैन्य कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा ने अवंतीपुरा में तीन आतंकवादियों को मार गिराने वाले संयुक्त अभियान में त्वरित और सटीक कार्रवाई के लिए चिनार कोर की सराहना की।*

---

### 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रस्ताव पारित

# न्यूयॉर्क सीनेट में भारतीय संविधान का सम्मान, मार्गदर्शक के रूप में दी मान्यता



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राज्य न्यूयॉर्क की सीनेट में भारतीय संविधान की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर इसका सम्मान करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया। प्रस्ताव में भारतीय संविधान को राष्ट्र के रूप में भारत की निरंतर प्रगति के लिए एक मार्गदर्शक ढांचे के रूप में मान्यता दी गई है।

### पूरी दुनिया में मनाया जाए जश्न

जेरेमी कूनी ने कहा कि मैं भारतीय संविधान की 75वीं वर्षगांठ के सम्मान में यह प्रस्ताव पेश कर रहा हूं, यह भारतीय स्वतंत्रता और उन कई बहादुर भारतीयों का जश्न मनाने का समय है, जिन्होंने अपने देशवासियों की भलाई के लिए अपनी जान जोखिम में डाल दी। दिन सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में मनाया जाना चाहिए। भारतीय अपने समुदायों में स्थायी यह हमारे साझा इतिहास, संस्कृति और विरासत का जश्न मनाने और उस पर विचार करने के लिए एक साथ आने का अवसर है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109